हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



दिल्ली के रामलीला मैदान में महा जुटान



दिल्ली में भाजपा ने सिख समुदाय के साथ निकाली रैली

वोट लीला

रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली में बोले राहुल

पीएम जाना भी चाहें तो हम जाने नहीं देंगे, हिसाब होगा



- सीईसी ज्ञानेश कुमार को जेल भेजेंगे
- पीएम और अमित शाह पर भी एक्शन होगा
- वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन की महारैली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला।

शाह के इस बयान पर पलटवार करते हुए कि मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं, राहुल ने कहा कि मोदी कहीं जा ही नहीं सकते। अगर वे जाना भी चाहें तो भी हम उन्हें जाने नहीं देंगे। उनका यहीं हिसाब किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की लड़ाई संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है और इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होने का दावा किया।

ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन पाते। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के बाद भी विपक्ष की लड़ाई दूसरे लोगों के खिलाफ जारी रहेगी।

नफरत नहीं, मोहब्बत में विश्वास

राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह या ज्ञानेश कुमार को अपना दुश्मन नहीं मानता। उन्होंने कहा कि हम नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान खोलने वाले लोग हैं और अहिंसा में विश्वास रखते हैं। भारत के हर नागरिक की आवाज सबसे अहम है, यहां तक कि धर्म से भी ज्यादा। यही मेरा धर्म है। किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल नहीं मिल रहा है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और मजदूर अपने हक से वंचित हैं। देश की अधिकांश संपत्ति दो-तीन लोगों के हाथों में सिमट गई है। उन्होंने शिव की बारात का उदाहरण देते हुए कहा कि उसमें हर जीव को शामिल होने का अधिकार है।



खरगे बोले

मोदी को हटाएंगे तभी बचेगा लोकतंत्र

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने और विपक्ष को डराने का आरोप लगाया। खरगे ने रैली में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में चोरी की सरकारें हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना विपक्ष चैन से नहीं बैठेगा। विपक्ष डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जानता है कि ऐसी परिस्थितियों में कैसे लड़ना है। लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी को सत्ता से हटाना जरूरी है। मोदी जाएंगे, तभी लोकतंत्र बच सकेगा।

राहुल की रामलीला रैली पर अमित शाह का तगड़ा हमला

बोले-1984 के दंगा पीड़ितों के जख्मों पर छिड़का नमक



- सिखों के नरसंहार के दिन कांग्रेस का जलसा
- राहुल को पीएम बनना है तो मॉक संसद में ही बने रहें
- भाजपा ने हरि नगर से तिलक नगर तक करीब एक किलोमीटर लंबा मार्च निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने 1 नवंबर 1984 को हुए सिख-विरोधी दंगों की बरसी पर रैली आयोजित करने को संवेदनहीनता करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का यह राजनीतिक जलसा दंगा पीड़ितों और उनके परिवारों के पुराने जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। शाह ने सवाल उठाया कि जिस दिन दिल्ली की सड़कों पर हजारों निर्दोष सिखों का नरसंहार हुआ था, उसी दिन कांग्रेस को रैली आयोजित करने की जरूरत क्यों पड़ी?

चंडीगढ़ में विकास परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान शाह ने कहा कि 1984 के दंगों में हंसते-खेलते परिवार उजाड़ दिए गए थे। ऐसे दर्दनाक दिन पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का जश्न जैसा आयोजन पीड़ित परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनना है तो उन्हें मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहना चाहिए।

राजीव गांधी के बयान की दिलाई याद

शाह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विवादित बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने उस समय कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। शाह ने कहा कि उन्होंने यह बयान टेलीविजन पर देखा था और इसे जीवनभर नहीं भूल सकते। हजारों निर्दोष लोगों की हत्या के बाद इस तरह की टिप्पणी कांग्रेस नेतृत्व की संवेदनहीनता को दर्शाती है।



नवीन बोले

राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बन रहे

दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर के विरोध में इंडिया गठबंधन की रैली के जवाब में भाजपा ने रविवार को देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाला। दिल्ली में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर हरि नगर से तिलक नगर तक करीब एक किलोमीटर लंबा मार्च निकाला। इसमें 1984 के दंगा पीड़ित परिवारों के सदस्यों और सिख समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने हरियाणा के रोहतक में मार्च का नेतृत्व किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वोट चोरी कांग्रेस की विरासत है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

बंदरों के हमलों से दहशत महिला के चेहरे को नोंचा



छतरपुर। शहर में पुराने इलाहाबाद बैंक के पीछे से गल्ला मंडी और बघराजन माता मंदिर तक लाल मुंह के बंदरों का आतंक है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले दो-तीन महीने में बंदरों के हमलों में 40 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। ताजा घटना 31 अक्टूबर की शाम की है, जब वार्ड-7 निवासी अनीता सेन (38) पर बंदर ने हमला कर दिया। उनके सिर, दांत और जबड़े के पास चोट आई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। रहवासियों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं हुई। वन विभाग ने बंदरों को पकड़ने का नियम नहीं होने की बात कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।

15 घंटे कुए में फंसा रहा तेंदुआ

खटिया और सीढ़ी के सहारे निकल भागा जंगल की ओर जाते मिले पंजों के निशान

वन विभाग ने रात में कुए में छोड़ी थी खटिया और रस्सी की सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिले के बोथिया गांव में एक तेंदुआ किसान के खेत में बने कुए में गिर गया। करीब 15 घंटे तक वह कुए में फंसा रहा। वन विभाग की टीम ने उसे बाहर निकालने के लिए कुए में खटिया और रस्सी की सीढ़ी डाल दी। रविवार सुबह टीम दोबारा मौके पर पहुंची तो तेंदुआ कुए से निकलकर जंगल की ओर जा चुका था। बोथिया निवासी किसान भाऊराव खवसे खेत में कुए की मोटर चालू करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्हें कुए के एक कोने में तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। उन्होंने आसपास के किसानों को इसकी जानकारी दी।



कुए में तेंदुआ

कमर्शियल गैस सिलेंडर 10 रुपए महंगा

11 महीने में 1,129 रुपए की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

त्योहारों के सीजन में मिठाई, नमकीन और पकवानों की बढ़ती मांग के बीच कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार इजाफा कारोबारियों की परेशानी बढ़ा रहा है।

19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम 1 नवंबर से 10 रुपए बढ़कर करीब 2,825 रुपए हो गए हैं। अक्टूबर में इसकी कीमत 2,815 रुपए थी। गैस डिस्ट्रीब्यूटर आरके गुप्ता के अनुसार, इस साल जनवरी में कमर्शियल सिलेंडर करीब 1,696 रुपए का था। इस लिहाज से पिछले 11 महीनों में इसकी कीमत 1,129 रुपए बढ़ चुकी है। गैस डीलर आरके बामोरिया ने बताया कि मई-जून में सिलेंडर के दाम 3,000 रुपए के पार पहुंच गए थे। लगातार तीसरे महीने कीमतों में हुई बढ़ोतरी का सीधा असर खाद्य कारोबार से जुड़े लोगों की लागत पर पड़ेगा। हलवाई, होटल संचालक, मिठाई दुकानदार और ठेले पर खाद्य सामग्री बेचने वाले कारोबारियों के लिए अब उत्पादन खर्च संभालना चुनौती बनता जा रहा है।



4 से 7 नवंबर के बीच प्रदेश के कुछ जिलों में फिर से तेज से मध्यम और हल्की बारिश का दौर चलेगा

अब मुरासु भिगोएगा प्रदेश..खाड़ी में चार दिन के अंतराल से दूसरा तूफान

अगले दो दिन आमतौर पर मौसम साफ रहने से धूप खिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अभी कुछ जिलों में बादल, बारिश का दौर थमा भी नहीं है कि बंगाल की खाड़ी में फिर नए तूफान ने दस्तक दे दी है। करीब चार दिन के अंतराल से यह दूसरा तूफान 'मुरासु' भी आंध्र प्रदेश में भीषण असर करेगा ही, छत्तीसगढ़ से लेकर मध्य प्रदेश तक इसका असर होगा। इससे कई जिलों में 4 से 7 नवंबर के बीच बादल, बारिश का दौर चलने की प्रबल संभावना है। इससे पहले 26 अक्टबूबर को खाड़ी में तूफान अर्नब ने कई प्रदेशों में बारिश की थी।

दिन का तापमान डेढ़ से दो डिग्री तक बढ़ेगा



दो दिन में बढ़ेगा पारा

प्रदेश में अगले दो दिन आसमान आमतौर पर साफ रहने से धूप का असर बढ़ेगा। इससे दिन के तापमान में डेढ़ से 2 डिग्री तक बढ़त होगी। कुछ जिलों में बारिश का दौर भी चलेगा। खाड़ी में बन रहे नए तूफान के कारण प्रदेश सहित आसपास के राज्यों के मौसम में बदलाव की उम्मीद है। मध्य प्रदेश के पूर्वी ओर दक्षिण पूर्वी हिस्से अधिक भीगेंगे। भोपाल में मौसम आमतौर पर सामान्य रहेगा। मामूली बारिश हो सकती है।

इसलिए फिर भीगेगा प्रदेश

अभी एक सकुर्लेशन उत्तर प्रदेश और आसपास है, जिसके असर से सोमवार से मंगलवरा के बीच सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मैहर, पांढुर्णा में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। नए तूफान का असर 3 के बाद शुरू होगा।

रिलायंस फाउंडेशन स्थापित करेगा 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय'





नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय का भूमि पूजन

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट कर्जत में प्रस्तावित 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के स्थल पर भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह संपन्न किया।

करीब 100 एकड़ में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण और आजीवन आश्रय प्रदान किया जाएगा। इनमें अनाथ बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्ति शामिल होंगे। इस परिसर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल की आधुनिक सुविधाओं और ऐसे अवसरों की व्यवस्था की जाएगी, जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाएंगे।

मुंबई, 1 नवंबर, 2026। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने आज 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' की स्थापना की घोषणा की। यह एक अनूठी पहल है, जिसकी परिकल्पना अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को आजीवन घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यहां उन्हें गरिमा, देखभाल, आराम और उद्देश्यपूर्ण जीवन के साथ-साथ व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं तथा व्यक्तिगत विकास के अवसर भी मिलेंगे। श्रीमती नीता अंबानी ने आज मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित परियोजना स्थल पर भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न किया। लगभग 100 एकड़ में फैला 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' एक स्थायी, गैर-लाभकारी संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। आवश्यक अनुमतियां मिलने के बाद इसका निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। इस पहल के मूल में श्रीमती नीता अंबानी का यह दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक जीवन गरिमा का हकदार है और हर व्यक्ति को संवेदनशीलता, करुणा तथा देखभाल मिलनी चाहिए। रिलायंस फाउंडेशन के 'वी केयर' यानी 'हम परवाह करते हैं' के दर्शन पर आधारित यह सोच 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के रूप में साकार होगी। इसका मूल संदेश है—हर जीवन के लिए एक घर। भूमि पूजन समारोह में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने कहा: "मेरे और मेरे परिवार के लिए नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय की शुरुआत दिल के बेहद करीब है। यह दिव्यांग व्यक्तियों, ऐसे बच्चों जिन्हें घर की जरूरत है, और ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्नेहपूर्ण घर बनाने की दिशा में कदम है, जिन्हें देखभाल और सुकून की तलाश है। हम एक ऐसे समुदाय की कल्पना करते हैं, उन्होंने आगे कहा: "एक मां के रूप में मेरी सबसे बड़ी आशा यह है कि जिन माता-पिता ने अपना पूरा जीवन इस चिंता में बिताया है कि उनके बाद उनके बच्चों की देखभाल कौन करेगा, उन्हें यह जानकर सुकून मिल सके कि उनके बच्चे के पास हमेशा अपना घर और अपना परिवार होगा। यहां विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, अनाथ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित 5,000 से अधिक लोगों को आजीवन आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जहां हर व्यक्ति को एक संतुष्टिपूर्ण और सार्थक जीवन जीने का अवसर मिले।निवासियों के लिए छोटे-छोटे घर बनाए जाएंगे, जहां परिवार जैसी व्यवस्था होगी। इन घरों में उनके साथ समर्पित गृह-अभिभावक और देखभालकर्ता रहेंगे। प्रत्येक घर को आराम, परिचित परिवेश और व्यक्तिगत अपनत्व को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। निवासियों को अपने कमरों को अपनी पसंद के रंगों, तस्वीरों और प्रिय वस्तुओं से सजाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।प्रत्येक निवासी जरूरतों में होने वाले बदलावों के अनुरूप योजना की कम से कम हर छह महीने में समीक्षा की जाएगी, ताकि बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक आवश्यक सहायता मिलती रहे। प्रस्तावित टाउनशिप में आठ आवासीय गांव होंगे। प्रत्येक गांव का नाम भारत की किसी पवित्र नदी के नाम पर रखा जाएगा। हर गांव की अपनी विशिष्ट रंग पहचान, प्रतीक और संवेदी उद्यान होगा। इससे निवासियों को अपने आसपास के स्थानों को पहचानने और अधिक आसानी तथा स्वतंत्रता के साथ आने-जाने में मदद मिलेगी।'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' आसपास के समुदाय का भी अभिन्न हिस्सा बनने का प्रयास करेगा। यहां का मंदिर, अस्पताल, खेल सुविधाएं और कैफे आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। क्षेत्र के लगभग 1,000 लोगों को चिकित्सा एवं पुनर्वास संबंधी थेरेपी, शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, हजारों अन्य लोगों को अस्थायी राहत देखभाल, जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभ मिलेगा।सभी के लिए व्यापक देखभाल, स्वास्थ्य सेवाएं और अवसर'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' में विशेष स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पुनर्वास, मनोरंजन और सार्थक रोजगार के अवसरों को एक ही संवेदनशील एवं समावेशी वातावरण में उपलब्ध कराने की योजना है। प्रस्तावित प्रमुख सुविधाएं एवं सेवाएं इस प्रकार हैं:परिवार जैसी आवासीय व्यवस्था: ऐसे घर जहां गृह-अभिभावक और समर्पित देखभालकर्ता निवासियों के साथ रहेंगे तथा उन्हें स्थिरता, आराम और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप सहायता देंगे।

विशेषीकृत अस्पताल: विकासात्मक चिकित्सा, मिर्गी के उपचार, विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए दंत चिकित्सा, प्रशामक देखभाल और व्यापक चिकित्सा सहायता की सुविधाएं। आधुनिक पुनर्वास केंद्र: फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और हाइड्रोथेरेपी जैसी सुविधाएं। पशु संग-साथ फार्म: वंतारा की विशेषज्ञता से विकसित किया जाने वाला यह फार्म निवासियों और पशुओं के बीच सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देगा।व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार: बेकरी, कैफे और हस्तशिल्प स्टूडियो जैसी सुविधाएं, जहां निवासी कौशल विकसित कर सकेंगे, वेतन अर्जित कर सकेंगे और काम के माध्यम से आत्मसम्मान एवं गरिमा का अनुभव कर सकेंगे।

परिवारों के लिए राहत आवास और मोबाइल चिकित्सा क्लीनिक: आसपास के जिलों के परिवारों और समुदायों तक देखभाल तथा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की व्यवस्था होगी।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी: विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत में दिव्यांगजनों की देखभाल करने वाले कार्यबल को मजबूत बनाने के लिए समर्पित अकादमी स्थापित होगा।

विशेष हॉस्पिस विंग और स्मृति उद्यान: जीवन के अंतिम चरण में रहने वाले लोगों को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण वातावरण में संवेदनशील देखभाल प्रदान करने की सुविधा भी मिलेगी।

100 एकड़ में विकसित होगी टाउनशिप, अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को मिलेगा आजीवन घर

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित स्थल पर 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह को शिलापटल से संपन्न किया।100 एकड़ में फैली यह टाउनशिप अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण एवं आजीवन आवास उपलब्ध होगा जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करेंगे।

इंडिया ब्लॉक की दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली रही फ्लाप : पात्रा

हथकंडों से कोई प्रधानमंत्री नहीं बन सकता, इसके लिए 'पी' मतलब पसीना व 'एम' मतलब मेहनत जरूरी, 40 फीसदी जगह खाली रही

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला। कुछ ने मात्र समय की बर्बादी बताया तो औरों ने इसे विपक्ष की साजिश करार दिया। इसके साथ ही भाजपा ने आज के दिन ही हुए सिख दंगों और नरसंहार का भी जिक्र किया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने रैली में भीड़ जुटाने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैदान का करीब 40 फीसदी हिस्सा खाली था। रैली में 10 लाख लोगों के पहुंचने की बात कही थी, लेकिन ऐसा नजर नहीं आया। उन्हें यह पूरा आयोजन समय की बर्बादी लगा। राहुल और उनकी टीम के 10 लाख लोगों के जुटने के दावे की हकीकत मैदान में दिखाई दे रही थी।

दिल्ली में रामलीला



28 हजार कुर्सियों में 5 से 7 हजार रिक्त रहीं

पात्रा ने दावा किया कि मैदान में करीब 28 हजार कुर्सियां लगाई गई थीं, जिनमें से दोपहर 3:30 से 4 बजे के बीच लगभग 5 हजार से 7 हजार कुर्सियां खाली थीं।पात्रा ने सवाल उठाया कि अगर रैली में 10 लाख लोगों के आने का दावा किया गया था, तो वे लोग कहां थे? उ दावों और मैदान की वास्तविक स्थिति में अंतर साफ दिखाई दे रहा था।

ऐसे हथकंडों से शीर्ष पद नहीं पा सकते

संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल इस तरह के हथकंडों से कोई नेता या प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री शब्द का अपने अंदाज में अर्थ समझाते हुए कहा कि 'पी' का मतलब पसीना और 'एम' का मतलब मेहनत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के लिए पसीना बहाना और मेहनत करना जरूरी है।

किसी ने राहुल को यहां खरीदारी करते देखा?

पात्रा ने कहा -क्या आपने कभी राहुलजी को चांदनी चौक में खरीदारी करते देखा है? उनका पासपोर्ट देखिए, उस पर वियतनाम की मुहर पहले से लगी हुई है और बैंकॉक, थाईलैंड की भी मुहर लगी है। कहां खरीदारी करेंगे।

यह भारत आपके अब्बू जान का नहीं, देश के लोगों का है

पात्रा ने कहा कि राहुल जी, यह भारत आपके अब्बू जान का नहीं है। यह भारत देश के लोगों का है। इस लोकतंत्र में एक चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री बन सकता है और एक सामान्य व्यक्ति भी गृह मंत्री बन सकता है। यही बात आपको परेशान करती है। यह अराजकता का तमाशा है।

दिल्ली में किया था नरसंहार: पुरी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 'दिल्ली में 2,733 लोगों की हत्या हुई थी। उस घटना को दंगा कहा जाता है, लेकिन इसके लिए सही शब्द नरसंहार है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया था।



रैली मूर्खतापूर्ण और पूर्व निर्धारित नाटक रही: नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को मूर्खतापूर्ण एवं पूर्व निर्धारित नाटक करार देते हुए कहा कि यह रैली कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी और पार्टी के राजनीतिक पतन का कारण बनेगी। यह विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र को अराजकता और अव्यवस्था के हवाले करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। नड्डा ने राहुल गांधी का मकसद सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना है।



एसआईआर में घुसपैठियों का नाम कटा तो राहुल रो रहे: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शिमला में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में घुसपैठियों का नाम जो काटा गया है इसलिए राहुल गांधी रो रहे हैं। घुसपैठियों को बचाने के लिए वो ड्रामा कर रहे हैं लेकिन देश की जनता घुसपैठियों को कभी मतदाता सूची में नहीं आने देगी और हम पूरी ताकत से चुनाव आयोग और देश की जनता के साथ खड़े हैं। अगर इतना ही बांग्लादेश के लिए प्यार है, तो राहुल जी जाकर चुनाव बांग्लादेश से लड़ो।



कांग्रेस ने 'संविधान चोरी' की : फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'वोट चोरी' के विपक्ष के आरोपों को लेकर रविवार को पलटवार करते हुए कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान 'संविधान चोरी' करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया।



लोग रैलियों के साथ-साथ व्यापारियों की छोटी दुकानों से खरीदारी भी करें

त्योहारी सीजन में खरीदी करें, भाजपा की अफवाह को गलत करें: प्रियंका

रामलीला मैदान में गठबंधन की 'वोट बचाओ महा-रैली' का आयोजन किया गया था, जिसमें कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए। रैली से पहले चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री और सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अनुरोध पर प्रियंका गांधी ने कहा कि यह दिवाली, छठ और भाई दूज का त्योहारी मौसम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली आने वाले लोग रैलियों के साथ-साथ व्यापारियों की छोटी दुकानों से खरीदारी भी करें ताकि उन्हें कोई नुकसान न हो और भाजपा की अफवाहें गलत साबित हों। यह रैली मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण तथा 'वोट चोरी' के विरोध में बुलाई गई थी।



जमीन बची नहीं, अंगद का पैर कहां रखोगे?



रैली में सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा, 'जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर हैं, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे।

ज्ञानेश से लोगों का उनसे भरोसा उठ चुका



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि ऐसा लगता है कि जनता की आवाज गूंज उठी है। अब समय आ गया है कि ज्ञानेश कुमार जनता की इस आवाज को सुनें। अगर उनमें जरा भी नैतिक विवेक बचा है, तो उन्हें समझना चाहिए कि लोगों का उन पर से भरोसा उठ चुका है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बहुत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

लोकतंत्र और मतगणना को हाईजैक किया गया

रामलीला मैदान में हुई 'इंडिया' गठबंधन की महारैली में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। ममता ने कहा कि वे लोकतंत्र को बचाए रखेंगी और इस लड़ाई को पीछे नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने दावा किया कि वे हारी नहीं हैं, बल्कि उन्हें हराया गया है और बंगाल एसआईआर का सबसे ज्यादा शिकार हुआ है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मतगणना को हाईजैक किया गया है और एसआईआर को विशेष रूप से भाजपा की मदद के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने मांग की कि ज्ञानेश कुमार को हटाया जाना चाहिए। ममता ने यह भी आरोप लगाया कि ईवीएम लूटी गई, लोकतंत्र और संविधान पर हमला हुआ है, तथा राम मंदिर के फंड में भी भ्रष्टाचार/लूट की गई है सभी को मिलकर भाजपा के खिलाफ डटकर मुकाबला करना चाहिए।



खबर संक्षेप

पंजाब में आप के 2 विधायकों का इस्तीफा

पटियाला। पंजाब में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पटियाला जिले की समाना विधानसभा सीट से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।



हनी सिंह के 'भतीजे' समेत 2 की मौत

जालंधर। रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा पुलिस लाइन के पास स्थित फ्लाईओवर पर हुआ, जहां बर्थडे पार्टी से घर लौट रहे युवकों की फॉक्सवैगन कार नगर निगम की खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार दो युवकों की जान चली गई।



शाह ने हीरक जयंती में पदक प्रदान किए

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ पुलिस के हीरक जयंती स्थापना समारोह और 'राष्ट्रपति निशान' अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। पुलिसकर्मियों को पदक प्रदान किए । लगभग 5 करोड़ से तैयार 141 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मंत्री जोशी ने शुरू किया सीबीएसई एक्सपीरियंस केंद्र

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने नई दिल्ली के द्वारका स्थित सीबीएसई इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स में देश के पहले सीबीएसई एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया। इसका लक्ष्य छात्रों को रटने वाली शिक्षा से आगे ले जाकर विज्ञान, तकनीक, गुरुकुल परंपरा, प्राचीन भारतीय शिक्षा को बढ़ावा देना है।



'अर्नब' के बाद अब 'मुरासु' का कई राज्यों में खतरा बढ़ा

बेहद गंभीर तूफान आने की आशंका चलेंगी आंधी, ओडिशा में 'हाईअलर्ट'

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात

ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बन गया है।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार को चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो गया। इसके बाद ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' बन गया है। इसके तीन नवंबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। आईएमडी ने बताया कि भारत की ओर से नामित चक्रवात 'मुरासु' के बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके तीन नवंबर की सुबह नेल्लोर और नरसापुर के बीच आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है, जबकि झोंकों के साथ यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

जान माल के नुकसान की आशंका

विभाग ने सुरक्षात्मक कदम उठाने की सलाह दी

मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की



ओडिशा के दक्षिणी हिस्से होंगे प्रभावित

ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में पहले ही हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा में दो नवंबर से बारिश शुरू होगी। तीन और चार नवंबर को बारिश की तीव्रता बढ़ने की संभावना है।

निचले इलाकों से लोगों को निकालने के निर्देश

तूफान के खतरे को देखते हुए ओडिशा सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का आदेश दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तूफान का असर राज्य में भी पड़ सकता है। इससे पहले चक्रवात 'अर्नब' के कारण ओडिशा के गंजाम और गजपति जिलों में भारी बारिश और बाढ़ आई थी।

मुख्य जानकारियां

- **नाम का अर्थ:** इस तूफान का नाम 'मुरासु' भारत द्वारा सुझाया गया है, जिसका तमिल भाषा में अर्थ 'नगाड़ा' या 'ढोल' होता है।
- **हवा की रफ्तार:** तूफान के दौरान हवा की गति 100 से 110 किमी/घंटा रह सकती है, जो झोंकों के साथ 120 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है।
- **प्रभावित क्षेत्र और बारिश का अलर्ट:** आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 2 और 3 नवंबर को आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा में भारी से बहुत भारी बारिश (कुछ जगहों पर 200 से 300 मिमी तक) का अलर्ट जारी किया गया है।
- **अन्य राज्य:** 4 नवंबर तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है, और कुल कई राज्यों में मौसम प्रभावित रहेगा।
- **प्रशासनिक तैयारी:** आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है और लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी को आगाह किया है।

आज केरल समेत इन राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट

विभाग के अनुसार केरल, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने साउथ इंडिया के कुछ इलाकों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है।

कल आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है तूफान: मौसम विभाग



आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम प्रणाली के चक्रवाती तूफान में बदलने के बाद इसका नाम 'मुरासु' रखा गया है। इसके 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। पहले अनुमान जताया गया था कि तूफान के दौरान हवा की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है और झोंके 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं।

रात्रिकालीन रेल संपर्क को बढ़ावा

वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर को रवाना किया



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की पहली यात्रा को हरी झंडी दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रेन के शुरू होने से दोनों प्रमुख महानगरों के बीच रात्रिकालीन रेल संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि 16 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल से रवाना हुई। यह ट्रेन सोमवार सुबह 6.15 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और एचडी कुमारस्वामी, राज्य मंत्री वी सोमन्ना और शोभा करंदलाजे तथा सांसद तेजस्वी सूर्या, पीसी मोहन और सी एन मंजूनाथ सहित कई मौजूद थे। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने बताया कि ट्रेन की नियमित सेवाएं मुंबई से बेंगलुरु की दिशा में 2नवंबर से और वापसी 3 नवंबर से शुरू होंगी।

सोमवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी

रेलवे ने बताया कि बेंगलुरु से मुंबई के बीच ट्रेन संख्या 27652 सोमवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी और यह ट्रेन बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) से शाम 7.45 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11.55 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। इसके मुताबिक वापसी में ट्रेन संख्या 27651 सीएसएमटी मुंबई से रात 8.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। यह सेवा मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन संचालित होगी।

विश्वस्तरीय रेल कनेक्टिविटी प्रदान की: वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु को, जो आईटी और स्टार्टअप की राजधानी है, मुंबई से जोड़ेगी, जो देश की आर्थिक राजधानी है। मैं इसके लिए सभी सांसदों, मंत्रियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, कर्नाटक के लोगों और रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं। यह ट्रेन बेंगलुरु से रवाना होकर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और गुंतकल से गुजरेगी तथा इसके बाद फिर कर्नाटक में प्रवेश करेगी। कर्नाटक में यह रायचूर, यादगीर और कलबुर्गी होते हुए महाराष्ट्र पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन महाराष्ट्र के सोलापुर, पुणे और कल्याण से गुजरते हुए मुंबई पहुंचेगी। यह ट्रेन उत्तर कर्नाटक के कई ऐसे क्षेत्रों को रेल संपर्क से जोड़ेगी, जहां अब तक विश्वस्तरीय रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं थी।

देश की उन्नति की प्रतिबद्धता दोहराई

गणवीर ने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के डीजी का पदभार संभाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिनेश विठ्ठलराव गणवीर ने खान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यालय भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के 55वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है। भूवैज्ञानिक जांच, खनिज अन्वेषण, इंजीनियरिंग भूविज्ञान और संस्थागत नेतृत्व के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ गणवीर इस पद पर व्यापक वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक अनुभव लेकर आए हैं। गणवीर ने आरटीएमएनयू विश्वविद्यालय, नागपुर से भूविज्ञान



में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने के बाद 1 जुलाई 1994 को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में कार्यभार ग्रहण किया। 32 वर्षों से अधिक के अपने सेवाकाल में उन्होंने जीएसआई के मध्य क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र और उत्तरी क्षेत्र में विभिन्न वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है।

विभाग की नई पहल: आज से बदल गया कॉलिंग का तरीका

अब फोन पर दिखाई देगा कॉलर का असली नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार से भारत में मोबाइलों पर आने वाली हर इनकमिंग कॉल के साथ कॉलर का रजिस्टर्ड केवाईसी नाम दिखाई देगा। दूरसंचार विभाग ने जियो, एयरटेल, वीआई और बीएसएनएल को अपने 4जी और नए नेटवर्क पर कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर चालू करने का निर्देश दिया है। फोन में पहले से सेव कॉन्टैक्ट्स को ही प्राथमिकता मिलेगी। बिना किसी एप के फ्रॉड और स्पूफिंग पर लगाम लगाने के मकसद से यह बदलाव किया गया है।नाम डिस्प्ले के लिए एक सख्त नियम तय किया गया है। सबसे पहले आपका सेव किया हुआ कॉन्टैक्ट ही दिखेगा। इसके साथ ही अनसेव्ड भारतीय नंबरों के लिए नेटवर्क कॉलर के सब्सक्राइबर रिकॉर्ड वाला नाम दिखाएगा। विदेशी कॉल्स पर इंटरनेशनल कॉल लिखा आएगा।

फ्रॉड और स्पूफिंग पर लगाम लगाने के मकसद से बदलाव किया

जियो, एयरटेल और वीआई पर लागू



सुविधा केवल 4जीऔर 5जी नेटवर्क पर

यह सुविधा केवल 4जीऔर 5जी नेटवर्क पर लागू होगी। पुराने 2 जी या 3जी नेटवर्क इसके दायरे में नहीं हैं। एंड्रॉइड और आईफोन के इन-बिल्ट फोन डायलर में ही यह नाम नजर आएगा। डुअल-सिम फोन में जिस नंबर पर कॉल आएगी, नाम उसी लाइन पर दिखेगा।

जियो ने शर्तें ऑनलाइन लिस्ट की

अगर आपकी स्क्रीन पर गलत नाम दिख रहा है, तो जरूरी दस्तावेजों के साथ अपनी टेलीकॉम कंपनी के स्टोर जाएं और सीएएफ करेक्शन या ओनरशिप ट्रांसफर के लिए अप्लाई करें। सिम पोर्ट कराने पर नया केवाइसी होता है, जिससे नाम अपने आप अपडेट हो जाता है।

नाम न दिखे तो इन एप के पॉप-अप डिसेबल करें

थर्ड-पार्टी कॉलर आईडी ऐप्स के ओवरले सीएनएपी के नाम को छिपा सकते हैं, इसलिए अगर नाम न दिखे तो इन एप के पॉप-अप डिसेबल कर दें। स्पैम फिल्टर्स पहले की तरह काम करते रहेंगे, क्योंकि सीएनएपी स्पैम की रेटिंग नहीं करता। जैसा कि ट्रूकॉलर का कहना है, सिर्फ नाम पता चलने से स्पैम कॉल बंद नहीं होते। फोन का सॉफ्टवेयर अपडेट रखें।

जबलपुर, सोमवार 2 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष : 21, अंक : 179 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 27 न्यून. 18 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मप्र का 71 वां स्थापना दिवस

सुर सजे.... रंग भरे

मोनाली ठाकुर के सुरों ने बांधा समां, लाल परेड ग्राउंड में मुंबई के कलाकारों के साथ दी सुगम संगीत की प्रस्तुति



खबर संक्षेप

जीएसटी संग्रह 23% बढ़कर 2.31 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। देश का जीएसटी संग्रह अक्टूबर 2026 में सालाना आधार पर 23% बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। सरकार ने रविवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। घरेलू बिक्री और आयात से मिलने वाले राजस्व में बढ़ोतरी से संग्रह में यह उछाल आया है। घरेलू बिक्री से जीएसटी राजस्व 16%बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपए रहा, आयात से प्राप्त राजस्व 42% बढ़कर 72,246 करोड़ पहुंच गया।



कोयले से लदा ट्रक गहरी खाई में गिरा

उमरिया। नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-43 पर शनिवार रात कोयले से लदा ट्रक घोरछत्र नदी के पुल के पास गहरी खाई में गिर गया। हादसे के बाद चालक भगवत दास और खलासी सियालाल केबिन में फंस गए। दोनों को निकालने के लिए करीब आठ घंटे रेस्क्यू अभियान चलाया गया। क्रेन और जेसीबी की मदद से ट्रक को बाहर निकालने के बाद दोनों को सुरक्षित बचाया गया। उन्हें पाली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक बुढ़ार से मैहर जा रहा था।



पिकअप डिवाइडर से टकराई, चालक की मौत

इंदौर। कनाड़िया इलाके में रविवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप वाहन डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में चालक ललित (निवासी सांवेर) की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसके सिर के हिस्से सड़क पर बिखर गए। करीम खान और जेयू संस्था के सदस्यों ने उन्हें समेटा। हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे सेवाकुंज अस्पताल के पास बायपास रोड पर हुआ। बारदान भरा था और उसे लेकर सांवेर जा रहा था। पुलिस ने मोबाइल से उसकी



71 वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा

निजी निवेशक भी अब बना सकेंगे औद्योगिक पार्क, सभी जिलों में 2 माह में भूमि होगी उपलब्ध

उद्यमियों के लिए नई एमएसएमई औद्योगिक विकास कंपनी बनेगी

900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़, 120 से अधिक स्टार्टअप्स को 47.80 लाख की प्रोत्साहन राशि अंतरित की



डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र के 71 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के औद्योगिक एवं उद्यमिता क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए एक नई एमएसएमई औद्योगिक विकास कंपनी एमएसएमई-आईडीसी का गठन करेगी।

यह कंपनी सभी क्षेत्रों में समान रूप से अधोसंरचना, भूमि सहित उद्योग संबंधी आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 900 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक तथा 120 से अधिक स्टार्टअप्स को 47.80 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवाससे एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

यह राज्य शासन के पूर्ण स्वामित्व वाली शासकीय कंपनी होगी



रिमोट से एमएसएमई इकाइयों को सब्सिडी राशि अंतरित करते हुए

- डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास से एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे
- पार्क के लिए सरकार 50 लाख रुपए प्रति हैक्टेयर की दर से निवेशकों को अनुदान उपलब्ध कराएगी

75 औद्योगिक भूखंडों के लिए आशय-पत्र प्रदान किए

डॉ. यादव ने 75 औद्योगिक भूखंडों के लिए आशय-पत्र प्रदान किए। इनसे लगभग 83 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है, जिससे 640 रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से निवेश, भविष्य की योजनाओं एवं औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

दीपावली गिफ्ट के रूप में प्रोत्साहन राशिः काश्यप

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि एमएसएमई और स्टार्ट-अप को जो अनुदान और प्रोत्साहन राशि मिली है, वह मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की ओर से उद्यमियों के लिए दीपावली गिफ्ट है। मुख्यमंत्री का विचार था कि उद्यमियों को भी दीपावली पर कुछ न कुछ मिलना ही चाहिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदान किए हितलाभ

मुख्यमंत्री ने उद्यम क्रांति योजना के तहत भोपाल की श्रीमती समीक्षा गगरानी, श्रीमती हिना चवन, विदिशा के आकाश दांगी और सीहोर के संयम जैन को प्रतीक स्वरूप ऋण राशि के चैक प्रदान किए। इसी प्रकार मप्र स्टार्ट-अप नीति और कार्यान्वयन योजना में कनिष्क गुप्ता को सहायता राशि का चैक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती मेघा चंदेकर और श्रीमती किरण सिंह व हितेंद्र शर्मा को टॉय क्लस्टर बुदनी में भूमि आवंटन के लिए आशय पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार श्रीमती रश्मि रजक और सौरभ सिंह को जेर निवाड़ी तथा श्रीमती अमृत स्वर्णकार को टिकरिया तखला जिला कटनी औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए आशय पत्र प्रदान किए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए

सीएम ने किया राज्योत्सव का शुभारंभ

मप्र में शक्ति, संस्कृति और विरासत साकार

- किसान क्विज के विजेताओं को 5 करोड़ 70 लाख के पुरस्कार बांटे
- 102 मेधावी विद्यार्थियों को 1-1 लाख रुपए की छात्रवृत्ति वितरित
- वृंदावन गांव प्रतियोगिता के विजेताओं को 1 लाख, 50 हजार व 25 हजार के पुरस्कार दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस का राज्यस्तरीय समारोह रविवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इसका शुभारंभ सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया। इस मौके पर आसमान में आकर्षक आतिशबाजी की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में 71 बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन किया। इसके बाद मध्यप्रदेश पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। समारोह में 165 किसानों को ट्रैक्टर, बुलेट और ई-स्कूटर वितरित किए गए।

पीएम ने बताया गौरवशाली विरासत और संस्कृति की भूमि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य की भूमि है। यहां के विश्वविख्यात धरोहर स्थल इसकी ऐतिहासिक पहचान को और भव्य बनाते हैं। प्रदेश के लोगों ने अपनी प्रतिभा और उद्यमशीलता से हर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

साइबर ठगों ने बनाया निशाना

एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़ गए 3.40 लाख रुपए



शिकायत के 19 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के खनियांधाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बामोरकलां निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश नारायण सोनी के बैंक खाते से ठगों ने एपीके फाइल के जरिए 3 लाख 40 हजार रुपए निकाल लिए। ठगी का शिकार हुए शिक्षक की जीवनभर की जमा पूंजी एक झटके में साफ हो गई। कुछ दिन पहले सोनी के वाट्सएप पर एक अनजान नंबर से लिंक के साथ एपीके फाइल भेजी गई थी। इसे जरूरी दस्तावेज समझकर उन्होंने डाउनलोड कर लिया।

देवास में देर रात मस्जिद पर पथराव

गेट का कांच तोड़ा, गांव में लगे झंडे जलाने की कोशिश



सीसीटीवी में कैद हुई घटना एक आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मक्सी रोड स्थित ग्राम सियापुरा में शनिवार रात एक बाइक सवार ने मस्जिद को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ की। आरोपी ने पत्थर मारकर मस्जिद के गेट का कांच फोड़ दिया। इसके अलावा चादर और गांव में लगे झंडों को जलाने की कोशिश किए जाने का भी आरोप है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हो गए। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला। सूचना मिलने पर बीएनपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची ।

विमान सुबह दिल्ली रवाना

करीब दो घंटे रुका था विमान

खराब मौसम के कारण दिल्ली काठमांडू फ्लाइट लखनऊ में उतरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

काठमांडू में खराब मौसम के कारण दिल्ली से जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा। विमान रविवार देर रात चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

मौसम में सुधार के बाद विमान सुबह 3:31 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-223 (एयरबस ए320) ने रविवार, 1 नवंबर की रात 1:19 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। विमान का पंजीकरण नंबर वीटी-ईडीई था। काठमांडू में मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण विमान के निर्धारित गंतव्य पर उतरने में परेशानी आ रही थी। इसे देखते हुए उड़ान को लखनऊ भेजने का निर्णय लिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब दो घंटे रुकने के बाद मौसम की स्थिति अनुकूल होने पर विमान सुबह 3:31 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ।



पहले स्टेट गैरेज ने दिया था प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के काफिले के लिए

एक ईवी और चार एसयूवी खरीदेगा पुलिस मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



फाइल फोटो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले के लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और चार नई एसयूवी खरीदेगा। इसके लिए पीएचक्यू ने वाहन खरीदने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री के काफिले के लिए वाहन खरीदने का प्रस्ताव पहले स्टेट गैरेज की ओर से भेजा गया था, इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया था। ऐसे में अब पुलिस मुख्यालय के माध्यम से खरीदी की तैयारी की जा रही है। पहले मुख्यमंत्री के काफिले में 13 वाहन शामिल थे, जिन्हें घटाकर आठ करने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही सरकारी कामकाज में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने की नीति भी अपनाई गई है। इसी के तहत यह खरीदी की जाएगी। दरअसल, काफिले के वाहनों में कटौती का निर्णय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोल डीजल की कमी के मद्देनजर लिया गया था। इसके बाद भारत सरकार व मप्र सरकार ने भी ईवी वाहनों को प्रमुखता देने का निर्णय लिया था। अभी हालांकि दो ईवी वाहन मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल है, किंतु उसके रेंज व सुरक्षा आदि को देखते हुए एक ईवी वाहन और खरीदने का निर्णय लिया जा रहा है।

यहां वैज्ञानिक सहयोग को मिलेगी अब नई दिशा

दोनों संस्थान कैंसर, गुर्दे के रोग, तपेदिक और थैलेसीमिया के कारणों, निदान व उपचार के नए विकल्पों पर संयुक्त शोध करेंगे

बुंदेलखंड में गंभीर बीमारियों के कारणों की होगी पड़ताल सागर विश्वविद्यालय-मेडिकल कॉलेज मिलकर करेंगे शोध

सागर विश्वविद्यालय और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज ने गंभीर बीमारियों के अनुसंधान के लिए समझौता किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुंदेलखंड अंचल में लगातार पैर पसार रहीं कैंसर, गुर्दे के रोग, तपेदिक और थैलेसीमिया जैसी गंभीर तथा आनुवंशिक बीमारियों पर लगाम लगाने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज ने आपस में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत दोनों प्रतिष्ठित संस्थान चिकित्सा अनुसंधान, उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करेंगे।

अलग खबर



फाइल फोटो

अंचल में थैलेसीमिया के लक्षण भी सामने आए

सागर विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सीपी उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में तपेदिक, विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य अनुसंधान का एक नया मील का पत्थर

समझौता ज्ञापन के समन्वयक प्रो. यूके पाटिल ने बताया कि इस संयुक्त पहल के माध्यम से साझा शोध परियोजनाओं, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन होगा। इसके अलावा दोनों संस्थानों के बीच प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

पीएम एंडी ने कहा- पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है

गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगेगा ब्रिटेन, लेकिन मुआवजा नहीं देगा

- गलती का अहसास होने पर 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया
- गुलामों के व्यापार से ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा पैसा कमाया

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा है कि वह गुलामों के व्यापार को लेकर सभी कॉमनवेल्थ देशों से माफी मांगने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने मुआवजा देने से साफ इनकार किया है।

एजेंसी ▶▶ लंदन



कॉमनवेल्थ समिट में शामिल होने से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ट्रांस अटलांटिक स्वेल ट्रेड यानी गुलामों के व्यापार को लेकर वह खुले मन से माफी मांगने को तैयार हैं।हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके लिए वह कोई भी मुआवजा चुकाने के लिए तैयार नहीं हैं। द गार्डियन में लेख के माध्यम से यूके के प्रधानमंत्री ने यह बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगने को तैयार है लेकिन मुआवजा नहीं देगा।

लोगों के दर्द का अहसास ब्रिटेन को है

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा कि उन्हें लोगों के उस दर्द का एहसास है जो कि उन्होंने झेला है। इसका उन्हें बहुत दुख है। एंडी ने कहा कि पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुआवजा बांटना इसका कोई समाधान नहीं है। यह एक अत्याचार के बदले दूसरी तरह का अत्याचार ही कहा जाएगा। क्योंकि ब्रिटेन के आज के लोगों को इन घटनाओं का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इस समय ब्रिटेन के किंग चार्ल्स कैरेबियन देशों के दौरे पर निकले हैं।

मारे गए लगों को श्रद्धांजलि दी

चार्ल्स ने बहामास में भी गुलामी का जिक्र किया था और ब्रिटेन के शासनकाल में मारे गए लगों को श्रद्धांजलि दी थी। अब तक ब्रिटेन की ओर से कभी इस तरह की माफी नहीं मांगी गई। हालांकि इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए अब ब्रिटेन ने माफी मांगनी ही ठीक समजा। ब्रिटेन का कहना है कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गुलामों के व्यापार से उसने पैसा कमाया लेकिन बाद में इसे बंद करने में भी उसने भूमिका निभाई। 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया था। संसद में इस तरह का प्रस्ताव पास होने के बाद भी ब्रिटेन ने दूसरे देशों पर राज करना नहीं छोड़ा और उनका शोषण करता रहा।

पीएम मोदी से मिलने और उनसे बात करेंगे पीएम एंडी बर्नहम

जल्द भारत आ सकते हैं बर्नहम

ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवार को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर के मुताबिक पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे।

खबर संक्षेप



जयशंकर ने किया पटेल की प्रतिमा का अनावरण

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अटलांटा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने जुटे भारतीय प्रवासियों से संवाद भी किया। जयशंकर ने कहा कि सरदार पटेल का नेतृत्व और देश की एकता-अखंडता में उनका योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय की उपलब्धियों पर गर्व जताया।

सुरक्षाः सऊदी अरब की उड़ानों पर रोक बढ़ाई



दुबई। सऊदी अरब में सुरक्षा हालात के मद्देनजर भारत से उड़ानों का संचालन प्रभावित है। अकासा एयर ने जेद्दा की उड़ानों का निलंबन 18 नवंबर और रियाद की उड़ानों का निलंबन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया है। वहीं, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने जेद्दा, रियाद और दम्मम की उड़ानें 14 नवंबर तक स्थगित की हैं। इससे पहले दम्मम हवाई अड्डे पर 21 अक्टूबर को हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत और दो घायल हुए थे।

एच-1बी की नीति अब अमेरिका के लिए खतरा



ह्यूस्टन। भारतीय मूल के पेशेवरों के खिलाफ बढ़ती राजनीतिक बयानबाजी और आव्रजन प्रतिबंधों पर इंडियास्पोरा ने चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि एच-1बी वीजाधारकों को निशाना बनाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा के मुताबिक, भारतीय पेशेवर स्वास्थ्य सेवा, तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने से नवाचार और अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी।

घाना के नागरिक समेत 4 गिरफ्तार

दिल्ली-एनसीआर में कोकीन तस्करी सिंडिकेट का खुलासा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराज्यीय कोकीन आपूर्ति तंत्र का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में घाना के एक नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह दक्षिण दिल्ली और गुरुग्राम के प्रमुख शराबखानों और मनोरंजन स्थलों में युवाओं को निशाना बना रहा था।

- 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद

क्राइम ब्रांच दिल्ली और एनसीआर में संगठित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। 26 मई 2026 को मुख्य आरक्षी संदीप कादियान को गुप्त सूचना मिली थी।

सूचना थी कि हुकमुद्दीन दिल्ली-एनसीआर में कोकीन की आपूर्ति कर रहा है। वह द्वारका इलाके में कोकीन की एक खेप पहुंचाने वाला था। इस सूचना पर निरीक्षक अक्षय गहलोत के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनी।

आरोपी हुकमुद्दीन से होंगे खुलासे

टीम ने द्वारका सेक्टर 9 में जाल बिछाकर हुकमुद्दीन को पकड़ा। उसके पास से 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई। इस संबंध में क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। यह प्राथमिकी संख्या 139/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के अंतर्गत थी। पूछताछ में हुकमुद्दीन ने बताया कि उसे यह कोकीन जाबिद हुसैन से मिली थी। जाबिद हुसैन को 17 अगस्त 2026 को नूंह मेवात, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जाबिद ने मुश्ताक से कोकीन लेने की बात कबूली। मुश्ताक को 18 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। उसने चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन से कोकीन लेने का खुलासा किया।

अफ्रीकी नागरिक से ड्रग बरामद

जांच के आधार पर, 20 अक्टूबर 2026 को चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन के किराए के मकान पर छापा मारा गया। यह मकान दिल्ली के खानपुर स्थित देवली एक्सटेंशन में था। वहां से 30 ग्राम कोकीन, पांच चलभाष, एक अंकीय वजन मशीन और प्लास्टिक के पाउच मिले। चार्ल्स ओवुसु ने बताया कि वह डेविड नामक नाइजीरियाई व्यक्ति से कोकीन लेता था। इस मुख्य आपूर्तिकर्ता और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बिगड़ा मौसम

नेपाल के डोल्पा में भारी बर्फबारी के बाद 6 भारतीय पर्यटक लापता

नेटवर्क गायब होने से राहत कार्य में बाधा हेलिकॉप्टर से बचाव अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के उच्च हिमालयी क्षेत्र डोल्पा में अचानक हुए भारी हिमपात के कारण छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। लापता पर्यटकों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। यह सभी पर्यटक डोल्पा के धो क्षेत्र से सुप्रसिद्ध शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान अत्यधिक बर्फबारी के कारण उनके नुमला पास और वागला पास के पास फंस जाने की गंभीर आशंका जताई जा रही है। पर्यटकों से कोई संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव के चलते नेपाल के उच्च हिमालयी इलाकों में मौसम अचानक काफी खराब हो गया है। इसके कारण डोल्पा के ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार भारी बर्फबारी हो रही है। स्थानीय गाइडों और ग्रामीणों ने पर्यटकों को मौसम खराब होने और दर्रे पार न करने की चेतावनी दी थी, लेकिन पर्यटक आगे बढ़ गए और वापसी के दौरान बर्फबारी की चपेट में आकर संपर्क विहीन हो गए। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा सम्दुक गुरुङ के अनुसार, नुमला पास और वागला पास क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क और संचार सुविधा बिल्कुल नहीं है।



चौतरफा दिख रहा तबाही का मंजर

नेपाली सेना तैनात, हेलिकॉप्टर बढ़ाने की मांग

डोल्पा की प्रमुख जिला अधिकारी जुनु हमाल और डीएसपी अनिलराज गिरी ने बताया कि लापता भारतीय पर्यटकों की सुरक्षित निकासी के लिए नेपाल सरकार से हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही लापता पर्यटकों की तलाश के लिए नेपाली सेना की विशेष टीम को भी मैदान में उतार दिया गया है। हालांकि, खराब मौसम और घने हिमपात के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

लापता लोगों में दो महिलाएं भी शामिल

भारत के टूरिस्ट, जिनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं, के लापता होने की पुष्टि हुई है, जब वे डोल्पो बुद्ध रूरल म्युनिसिपैलिटी के वार्ड नंबर 4 और 8 से शे-फोकसुंडो झील की ओर जा रहे थे। लोकल गाइड को शक है कि टूरिस्ट हिमालयी इलाके में भारी बर्फबारी के बाद फंस गए होंगे , जो बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोन अर्नब की वजह से हुआ है। माना जा रहा है कि लौटते समय वे बर्फ में फंस गए।

लौटते समय बर्फ में फंसे!

डोल्पा की चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर जुनू हमाल ने कन्फ़र्म किया कि टूरिस्ट धो से फ़ोकसुंडो लेक की ओर लौटते समय फँस गए थे। उन्होंने कहा, उन्हें लोकल लोगों ने खराब मौसम और पहाड़ों के हालात के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन वे अपनी यात्रा पर निकल गए। वहीं, पालिका के चेयरमैन धवा समदुक गुरुंग ने कहा, वार्ड 4 और 8 के बीच पहाड़ी दर्रों में मोबाइल फ़ोन कम्युनिकेशन उपलब्ध नहीं है, जिससे टूरिस्ट कहाँ हैं और उनकी मौजूदा हालत के बारे में जानकारी मिलना मुश्किल हो जाता है।

244 पर्यटकों की मौजूदगी है

नेटवर्क की अनुपस्थिति और लगातार गिरती बर्फ के कारण पर्यटकों की सटीक स्थिति का पता लगाना बेहद कठिन हो रहा है। जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार फिलहाल उपल्लो डोल्पा क्षेत्र में 244 पर्यटक मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

ऑस्ट्राहिंद 2026 का समापन

समुद्र और हवा से सैनिकों को उतारने बंदरगाहों की सुरक्षा का किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2026' का समापन 30 और 31 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में आयोजित 36 घंटे के संयुक्त सत्यापन अभ्यास के साथ हुआ।

इस दौरान दोनों देशों के सैनिकों ने जंगल, द्वीप और चुनौतीपूर्ण तटीय इलाकों में अपनी युद्धक तैयारियों और आपसी तालमेल को परखा। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-6 के तहत आयोजित इस अभ्यास में समुद्र और हवाई मार्ग से सैनिकों को उतारने, समुद्र तट पर मोर्चा बनाने तथा महत्वपूर्ण बंदरगाह सुविधाओं को सुरक्षित करने जैसे अभियान चलाए गए।



घायल को निकालने की सीखे तरीके

घायल सैनिकों को निकालने, आपदा राहत पहुंचाने, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और आतंकवाद व उग्रवाद से निपटने का अभ्यास भी किया गया। इसमें भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के अलावा भारतीय नौसेना, वायुसेना, अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह प्राधिकरण तथा केरल अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने भी हिस्सा लिया। संयुक्त अभ्यास का ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के मेजर जनरल मैट बुर, भारतीय सेना की 54वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल कपिल राणा और न्यूजीलैंड के रक्षा अताशे कमोडोर एजे डाउलिंग ने निरीक्षण किया।

बांग्लादेश में वेतन बढ़ाने की मांग

कपड़ा मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन पुलिस चौकी फूंकी,गाड़ी जलाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर रविवार को कपड़ा फैक्ट्रियों के मजदूरों ने राजधानी ढाका समेत तीन इलाकों में प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगह हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके, एक पुलिस वाहन में आग लगा दी और गाजीपुर में पुलिस चौकी को भी फूंक दिया।

अशुलिया में कम से कम 30 कपड़ा फैक्ट्रियां बंद रहीं। मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन 9,600 रुपए से बढ़ाकर करीब 23 हजार रुपए किया जाए। ढाका के मीरपुर-10 चौराहे पर



सुबह बड़ी संख्या में मजदूर जुटे और सड़कें जाम कर दीं। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई।

पुलिस के मुताबिक, कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसके बाद भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। तनाव के चलते मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन का गेट भी ब 'द करना पड़ा।

सैन्य अभियानों में मदद का आरोप

ईरान ने ब्रिटेन की सेना- खुफिया एजेंसी को आतंकी घोषित किया

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और ब्रिटेन के बीच कूटनीतिक तनाव और गहरा गया है। ईरान ने ब्रिटेन की रॉयल नेवी, रॉयल एयर फोर्स और विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) को आतंकवादी संगठन और शत्रुतापूर्ण समूह घोषित किया है।



ईरान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस फैसले की घोषणा की। इसके बाद ब्रिटेन का सैन्य और खुफिया तंत्र ईरान के सुरक्षा कानूनों के दायरे में आ गया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन अपने सैन्य अड्डों और लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल अमेरिका और इजरायल के उन सैन्य अभियानों में मदद के लिए कर रहा है, जिन्हें ईरान के खिलाफ अंजाम दिया जा रहा है। ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया है। ईरान की यह कार्रवाई ब्रिटेन के जुलाई में लिए गए उस फैसले के बाद आई है, जिसमें उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को अपने स्टेट थ्रेट्स एक्ट के दायरे में शामिल किया था। ईरान ने अब पारस्परिकता के सिद्धांत के तहत जवाबी कदम उठाने की बात कही है।

नए वायुसेना प्रमुख का अंदाज जीत रहा दिल, 4 सूत्रों पर काम करने का संकल्प

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने संभाली भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख की कमान

मां और सास के पैर छूकर लिया आशीर्वाद, फिर किया 'सैल्यूट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को 29वें वायुसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उनका एक भावुक और सम्मान से भरा अंदाज चर्चा का विषय बन गया।

देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने अपनी मां निर्मला दीक्षित और सास कमला पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद दोनों के सामने पूरे सम्मान के साथ



सैल्यूट किया। उनके इस अंदाज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और लोग इसकी सराहना कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर में निभाई थी अहम भूमिका

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने निवर्तमान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना ने सटीक और निर्णायक हवाई शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एपी सिंह ने उन्हें पूरी तरह तैयार वायुसेना की कमान सौंपी है। उल्लेखनीय है कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 43 वर्ष के शानदार सैन्य करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

20 से अधिक प्रकार के उड़ा चुके विमान

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को लड़ाकू विमान उड़ाने का लंबा अनुभव है। वह 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भर चुके हैं। 9 दिसंबर 1966 को जन्मे दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन मिला था। करीब चार दशक के सैन्य करियर में उन्होंने कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। रणनीतिक योजना और सैन्य अभियानों की समझ के लिए पहचाने जाने वाले दीक्षित इससे पहले वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।

भारत हीरों की कटिंग-पॉलिशिंग का प्रमुख केंद्र

वैश्विक हीरा कारोबार में भारत बेल्जियम की साझेदारी अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा है कि वैश्विक हीरा मूल्य श्रृंखला में भारत और बेल्जियम की साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच दशकों से मजबूत व्यावसायिक संबंध बने हुए हैं। उन्होंने रविवार को ब्रसेल्स स्थित भारतीय दूतावास में हीरा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह बात कही। अग्रवाल ने कहा कि भारत हीरों की कटिंग और पॉलिशिंग का दुनिया का प्रमुख केंद्र है, जबकि बेल्जियम मूल्यवान रत्नों और हीरों के वैश्विक व्यापार का महत्वपूर्ण केंद्र है।



बैठक में फीडबैक भी लिया

बैठक में वैश्विक व्यापार के रुझानों, प्रमुख बाजारों में मांग, कारोबारी अवसरों और उद्योग के सामने मौजूद चुनौतियों पर चर्चा हुई। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच व्यापार की संभावनाओं और समस्याओं को लेकर फीडबैक भी लिया। इससे पहले 30 अक्टूबर को भी उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ वैश्विक हीरा बाजार की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की थी। वहीं, भारत, बेल्जियम और लक्जमबर्ग के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है।



रवि पुष्य नक्षत्र पर जबलपुर के बाजारों में बरसा धन

सोना-चांदी से लेकर ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स तक जोरदार कारोबार

जबलपुर। दीपावली के पूर्व शुभ माने जाने वाले रवि पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जबलपुर के बाजारों में खरीदारी का उत्साह देखने को मिला। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट), जबलपुर संभाग के प्रारंभिक व्यापारिक आकलन के अनुसार, सराफा, ऑटोमोबाइल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूखे मेवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों ने त्योहारी खरीदारी में रुचि दिखाई। देर रात तक जारी रहने वाली बिक्री को देखते हुए कारोबार के अंतिम आंकड़ों में और वृद्धि की संभावना है । सोना-चांदी के भाव में आई नरमी ने सराफा बाजार में ग्राहकों की रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैट के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, सोना-चांदी एवं हीरे के आभूषणों को मिलाकर जबलपुर में लगभग 50 से 60 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है। कैट जबलपुर ने कहा कि पुष्य नक्षत्र जैसे शुभ अवसर भारतीय व्यापारिक परंपरा और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। त्योहारों के दौरान बाजारों में ग्राहकों की सक्रियता से व्यापारियों, कर्मचारियों, परिवहन, आपूर्ति और अन्य संबंधित क्षेत्रों को भी लाभ मिलता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी आवश्यकता और बजट के अनुसार स्थानीय बाजारों से खरीदारी करें तथा स्थानीय व्यापार, रोजगार और जबलपुर की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनायें।

कई मार्गों पर वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

मुख्यमंत्री के आगमन और पदयात्रा को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन व पार्किंग व्यवस्था तय

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 2 नवंबर को जबलपुर आगमन एवं पदयात्रा कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और यातायात पुलिस ने व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था लागू की है। इस दौरान शहर में सुरक्षा और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए विशिष्ट मार्ग निर्धारित किए गए हैं तथा भारी वाहनों और सामान्य यातायात के लिए कई मार्ग प्रतिबंध रहेंगे। पदयात्रा गोल बाजार से प्रारंभ होगी तथा श्याम टॉकीज तिराहा, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, भार्गव चौक, तुलाराम चौक, करमचंद चौक होते हुए मालवीय चौक पर इसका समापन होगा। दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक इस मार्ग पर दोपहिया, तीनपहिया, ऑटो, ई-रिक्शा और चार पहिया समेत सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आमजन की सुविधा के लिए फ्लाई ओवर का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है। यातायात को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किए गए हैं। दमोह नाका की ओर से आने वाले वाहन गोलबाजार एवं बाजार क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ये वाहन बलदेवबाग से उखरी होकर जा सकेंगे। इसी प्रकार गोहलपुर की तरफ से आने वाले वाहन फ्लाईओवर का इस्तेमाल करते



हुए मदन महल, सुहागन आभूषण होते हुए तीनपत्ती चौक से शहर की तरफ जा सकेंगे। हाईकोर्ट चौक की ओर आने-जाने वाले वाहन घंटाघर, तैयबअली चौक और तीनपत्ती चौक से यातायात थाना तिराहा होते हुए रानीताल की ओर जा सकेंगे तथा दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे के बीच बलदेवबाग से पांडेय चौक और रानीताल चौक के बीच छोटे मालवाहक वाहनों के प्रवेश तथा लोडिंग-अनलोडिंग पर रोक रहेगी। छोटी लाईन अथवा ब्लूनम चौक की ओर से आने वाले वाहन तीनपत्ती तिराहा से यातायात थाना तिराहा होते हुए फ्लाई ओव्हमर के ऊपर से जा सकेंगे। मदन महल की तरफ से आने वाला ट्रैफिक गेट नंबर-4 से डायवर्ट होकर अन्यर जगह जा सकेंगे तथा तीन पत्तीर से ज्यो ति टॉकीज होते हुए तैयब अली चौक की ओर से शहर की तरफ जा सकेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाली बसों और अन्य वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। पाटन, कटंगी, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, सिहोरा, डिंडौरी और मंडला की तरफ से आने वाली सभी बसें निर्धारित रूटों से होते हुए रानीताल चौक पर सवारियां उतारेंगी और रानीताल स्टेडियम खेल परिसर में पार्क की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, दोपहिया वाहनों की पार्किंग महाकौशल स्कूल और अंजुमन इस्लामिया स्कूल में तथा चार पहिया वाहनों की पार्किंग एमएलबी स्कूल और डीएन जैन स्कूल में सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

जन कल्याण संघ का सम्मान समारोह 2026

एक मंच पर जुटे प्रशासनिक अधिकारी, वकील, पत्रकार और राजनेता

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में जन कल्याण संघ द्वारा 'सम्मान समारोह 2026' का एक बेहद भव्य आयोजन किया गया। इस गौरवमयी समारोह में समाज के उन असली हीरोज़ को सलाम किया गया, जिन्होंने पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की है। इसी कड़ी में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट, विलोक पाठक, अनुरोध पटेरिया को उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिल्डर कुबेर समदड़िया का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित हाई



कोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और स्टेट बार एसोसिएशन के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। जन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुरील, प्रदेश सचिव एडवोकेट विकास कुमार सोनी और कोषाध्यक्ष रॉबिन जैन ने सभी अतिथियों का आभार जताया। पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि संघ की यह जनहितकारी मुहिम रुकने वाली नहीं है, बल्कि अब इसका विस्तार पूरे मध्य प्रदेश में किया जाएगा।

मप्र स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत, स्वच्छता की भी दिलाई शपथ

जबलपुर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर नगर निगम और मित्र संघ की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि नई पीढ़ी ही देश का भविष्य है। विद्यार्थियों को जबलपुर के विकास, नगर निगम की भूमिका और ऐसे आयोजन करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आयोजकों और कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्त्रोत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की सराहना की। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि नगर निगम और पत्रकार परितोष वर्मा की ओर से लंबे समय से विद्यार्थियों को देश की उपलब्धियों, केंद्र सरकार के कार्यों और जबलपुर के विकास से परिचित कराने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की जानकारी मिलने के साथ अपनी जानकारी और समझ का आकलन करने का अवसर भी मिलता है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की विरासत को संजोने वाले जबलपुर शहर के विकास और नगर निगम की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाना इस आयोजन की विशेष उपलब्धि है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्य प्रतिभागियों को भी नई जानकारियां सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों से जोड़ने का यह रचनात्मक प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के निबंधों का प्रकाशन भी कराया जाए, ताकि उनकी प्रतिभा और विचार अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को देश और प्रदेश के विकास को समझने का अवसर मिला है। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा अपने निबंधों में प्रस्तुत किया। इन निबंधों के प्रकाशन से दूसरे विद्यालयों और मध्यप्रदेश के अन्य शहरों को भी

दीपक ने अंकों के आधार पर जीत से फाइनल में जगह पक्की की

जिला स्तरीय कुश्ती स्पर्धा : अवधेश को सेमीफाइनल में दी शिकस्त

जबलपुर। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दीपक यादव ने अवधेश वंशकार को अंकों के आधार पर पराजित कर जिला स्तरीय कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले जिला इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ के तत्वावधान में मांडवा रामपुर में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को सेमीफाइनल मुकाबले बड़े ही रोमांचक अंदाज में खेले गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह, लेखराज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाह, रघुनाथ यादव, अर्जुन यादव, एडवोकेट हीरा यादव, पहलवान मन्नू पहलवान आदि की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों द्वारा अखाड़े की मिट्टी को नमन कर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया गया। दो दिवसीय इस कुश्ती स्पर्धा में जिले भर से आए नन्हे और युवा पहलवानों ने अपने दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों की भारी भीड़ ने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।



सेमीफाइनल के परिणाम इस प्रकार रहे :- 36 किलोग्राम भार वर्ग में अमल चंद्रवंशी ने वीर सोनकर को चित्त कर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में आयुष कोरी ने देवराज कोरी को हराया।-40 किलोग्राम भार वर्ग में सूर्या वंशकार ने देव वंशकार को पटखनी दी, जबकि अमान गोतके ने ओम सोनकर को हराकर फाइनल में जगह बनाई।-44 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव पटेल ने सत्यम यादव को हराया और साहिल ने कान्हा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।-48 किलोग्राम भार वर्ग में राम झारिया ने विकास वंशकार को पराजित किया, वहीं चिरंजीव वंशकार ने साहिल वंशकार को हराया।-51 किलोग्राम भार वर्ग में कमलजीत ने अंशु ठाकुर को हराया और हिमांशु ठाकुर ने शोभित को हराकर फाइनल में जगह पक्की की।-55 किलोग्राम भार वर्ग जबलपुर किशोर खिताब के लिए वीर यादव ने आयुष यादव को हराया, लखन ठाकुर ने शिवा चक्रवर्ती को पराजित किया।

जबलपुर कुमार खिताब : सबसे प्रतिष्ठित मुकाबलों में विशाल चक्रवर्ती ने आयुष धुर्वे को हराया और अंशुमन धनगर ने अभिषेक चक्रवर्ती को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

ये रहे निर्णायक : प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राकेश यादव, देवेंद्र उपाध्याय, चंदन चक्रवर्ती, विनय प्रजापति ने निभाई, जबकि प्रवीण धनगर टाइम कीपर रहे। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन अरुण चंद्रवंशी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राजू यादव, कमल खलीफा सहित अखाड़ा समिति के कई सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

फाइनल भिड़ंत आज : सोमवार को विभिन्न भारवर्ग में फाइनल मुकाबले और जबलपुर कुमार व जबलपुर किशोर खिताब के लिए निर्णायक भिड़ंत होगी। जिसमें विजेताओं को गदा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने किया सम्मानित

कुराश प्रतियोगिता में जबलपुर ने जीते 8 पदक 4 स्वर्ण सहित खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर के कुराश खिलाड़ियों ने 12वीं जूनियर राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 8 पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 अक्टूबर 2026 को दतिया में किया गया, जिसमें जबलपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में अन्वी लोधी पटेल ने 36 किलोग्राम, अशी वरकड़े ने 57 किलोग्राम एवं सुकृति चौधरी ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं जागृति पटेल ने 52किलोग्राम में रजत तथा संजू पांडे ने 57 किलोग्राम में कांस्य पदक हासिल किया। बालक वर्ग में यश पाठक ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि उदितराज सिंह एवं अंश शुक्ला ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का



चयन आगामी 7 से 10 दिसंबर 2026 तक दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल, जबलपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी ने पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह सफलता प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

उल्लेखनीय है कि खिलाड़ी कुराश एसोसिएशन जबलपुर के महासचिव शशांक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर एमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश के सचिव राहुल व्यास, अध्यक्ष एवं विक्रम अवॉर्डी विवेक स्वामी, जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे, कुराश एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष विभोर बबेले, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी सिंह ठाकुर, सात्विक कुर्मी, ज्ञानभूषण दुबे, हर्ष विश्वकर्मा, राहुल भोजक, सीरिल श्रीवास, विश्वास चौधरी, ऋषभ भोजक एवं सुमित ठाकुर सहित खेल पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का आत्मीय स्वागत



जबलपुर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के सर्किट हाउस आगमन पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा से कलेक्टर एसपी ने की सौजन्य भेंट

जबलपुर। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के जबलपुर आगमन पर रविवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सर्किट हाउस में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने उप मुख्य मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सर्किट हाउस परिसर में आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी परांजपे, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

कादम्बरी के राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में 129 साहित्यकार सम्मानित

समाज के द्रष्टा होते हैं साहित्यकार



जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साहित्यिक संस्था 'कादम्बरी' का अखिल भारतीय साहित्यकार-पत्रकार सम्मान समारोह शहीद स्मारक सभागार में संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज एवं प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरि जी महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से आए 129 साहित्यकारों को कुल 4 लाख 18 हजार 200 रुपये की सम्मान राशि, मानपत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने साहित्यकारों को समाज का द्रष्टा बताते हुए कहा कि साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की संवेदनाओं, परिस्थितियों और समय के यथार्थ को अभिव्यक्त करते हैं। 'कादम्बरी' के अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे ने कहा कि कादम्बरी का सम्मान मनीषियों की स्मृति का सम्मान है,यह श्रद्धा की पावन अंजुरी है। महामंत्री राजेश पाठक प्रवीण ने सम्मानित साहित्यकारों का परिचय देते हुए समारोह का संचालन किया।विशिष्ठ अतिथि अशोक मनोध्याय,डॉ. जितेंद्र जामदार,डॉ. गीता शर्मा, सहित साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।प्रारम्भ में सेम सीनियर सिटीजन द्वारा देशभक्ति नाटक, मोती शिवहरे एवं आरती श्रीवास्तव के निर्देशन में वंदना नृत्यों को प्रस्तुत किया गया। समारोह में डॉ.अनामिका तिवारी, डॉ.लखविन्दर कौर जस्सल, ज्योति मिश्रा,ज्योति प्यासी, नौमी श्रीवास्तव, राकेश माहेश्वरी सहित 14 कृतियों का विमोचन हुआ।

इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान विमल बुंदेला (छतरपुर), स्व. ब्रह्मदत्त तिवारी सम्मान सुधाकर शर्मा (बालाघाट), स्व. महेशकिशोर शर्मा सम्मान डॉ. अनुज प्रताप सिंह (मिर्जापुर), स्व. लक्ष्मी शर्मा सम्मान डॉ. पशुपतिनाथ उपाध्याय (अलीगढ़), स्व.ओंकार दुबे सम्मान गिरिमोहन गुरु (नर्मदापुरम), स्व. डॉ. गार्गीशरण मिश्रा सम्मान भगत दुबे एवं डॉ. संध्या जैन श्रुति, स्व. ओंकार प्रसाद तिवारी सम्मान सुरेंद्र कौशिक (यूएसए),एवं देवेंद्र मिश्रा, पं.अश्वनी कुमार पाठक सम्मान डॉ. सुधा गुप्ता एवं डॉ.आध्या प्रसाद सिंह, स्व. रामेंद्र तिवारी सम्मान प्रबोध गोविल (जयपुर), सेठ गोविंददास सम्मान मुक्तिनाथ झा (बिहार), स्व. विश्वंभर दयाल अग्रवाल सम्मान नरेंद्र दीपक (भोपाल), स्व. भवानी प्रसाद तिवारी सम्मान जगदीश मोहन रावत, स्व. डॉ. सुमित्र सम्मान कैलाशनाथ वाजपेयी, लक्ष्मीदेवी देवपुरा सम्मान वीरेंद्र निर्झर (बुरहानपुर)स्व. राजेश दुबे सम्मान मनोरमा श्रीवास्तव (भोपाल), स्व. डॉ. जमालुद्दीन सम्मान वीरेंद्र चंद्रसखी (गाजियाबाद) देवदास मयला सम्मान सुनील बाजपेयी (लखनऊ), स्व.जवाहरलाल तरुण सम्मान डॉ. गिरिजा नरवरिया (भिंड),महीयसी प्रभासिंह सम्मान डॉ. रविबाला महाजन(खरगौन)सुखेन्द्र सिंह सम्मान डॉ.विजय प्रकाश सैनी को दिया गया।इसके अतिरिक्त स्व.अवधेश कुमार माथुर,डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी,स्व. प्रेमकिशोर भार्गव,स्व.हनुमानप्रसाद शर्मा,स्व.सुशील कुमार पांडे,स्व.रमा आलोक,स्व.डॉ पूरनचंद श्रीवास्तव,स्व.डॉ. गायत्री तिवारी,स्व.नीना माथुर, स्व.श्रवण दीपावरे, स्व. सिद्धार्थ भट्ट, स्व. आशा देवी दुबे, स्व. आशुतोष तिवारी, स्व. सुधीर वाजपेयी, स्व. अवधेश माथुर, स्व. विद्यासागर शर्मा, स्व. हनुमान प्रसाद शर्मा, स्व. प्रेमकिशोर भार्गव की स्मृति में भी सम्मान प्रदान किए गए।अतिथि स्वागत राजेंद्र मिश्रा, अमरेंद्र नारायण,प्रतुल श्रीवास्तव,विजय जायसवाल, यशोवर्धन पाठक, संतोष नेमा,आशुतोष तिवारी डॉ. संध्या श्रुति,सिद्देश्वरी सराफ,आरती श्रीवास्तव, अस्मिता शैली, प्रभा शील, ज्योति मिश्रा, ज्योति प्यासी, गीता पाण्डे, एड.भावना निगम, विनीता पेगवार,तरुणा खरे,गीता पांडे,प्रीति नामदेव,राजीव गुप्ता,चंद्रकांत जैन ने किया।

मां नर्मदा के तट पर 132 सेविकाओं का सामूहिक घोष वादन, भारतीय संस्कृति और समरसता का अद्भुत संगम

राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मां नर्मदा की मान वंदना में समर्पित हुईं सेविकाएं

जबलपुर । मां नर्मदा के पावन तट पर राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के उपलक्ष्य में घोष वादन का भव्य एवं भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अखिल भारतीय घोष प्रमुख पंकजा एवं अखिल भारतीय सह घोष प्रमुख प्राची पाटील की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम में सेविकाओं ने अपनी सामूहिक साधना और स्वर-साधना मां नर्मदा के चरणों में समर्पित की। कार्यक्रम में 132 सेविकाओं ने एक साथ 10 विभिन्न रचनाओं का वादन किया। शिव वंदना, ओंकार, मीरा रचना सहित भारतीय शास्त्रीय संगीत की रागदारी पर आधारित प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक चेतना स्पष्ट झलकी। एक समान शुभ्र वेश में सजी अनुशासित पंक्तियां, घोष वाद्यों की एकलय ध्वनि और कदमों की एकरूपता ने वातावरण को विशेष गरिमा प्रदान की। यह दृश्य वहां उपस्थित पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जो इसे कौतूहल और श्रद्धा के साथ निहारते रहे। इस आयोजन की विशेषता केवल वादन की उत्कृष्टता नहीं, बल्कि उसमें दिखी समरसता और संगठन भावना भी थी। अलग-अलग परिवारों, क्षेत्रों और सामाजिक पृष्ठभूमियों से आई सेविकाएं एक ही ध्येय, एक ही भाव और एक ही लय में बंधकर सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का सजीव उदाहरण बनीं।घोष प्रात्यक्षिकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के शुभ एवं मांगलिक चिह्नों की आकर्षक आकृतियां साकार की गईं। विशेष रूप से मां नर्मदा के मातृस्वरूप की आकृति बनाकर अन्य वाद्यों की संगत के साथ मां को प्रदक्षिणा अर्पित की गई। इसमें लय, ताल, अनुशासन और सामूहिक समन्वय का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। राष्ट्र सेविका समिति की 90 वर्षों की यात्रा नारी शक्ति के संगठन, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की यात्रा रही है।

प्लॉट और मकान भू-स्वामी का पक्की रजिस्ट्री का पैसा सरकार देगी

धनतेरस के दिन गांव जाएंगे मंत्री, सांसद एवं विधायक

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्लॉट और घर के साथ उसके पक्के राजस्व दस्तावेज होना भी बेहद जरूरी है, क्योंकि ये दस्तावेज ही भू-स्वामी को उसका मालिकाना हक दिलाने के साथ उसे अपनी सम्पत्ति के क्रय-विक्रय का अधिकार भी दिलाते हैं। सरकार ने प्रदेश के ऐसे सभी भू-स्वामियों (जिनके पास उनके प्लॉट या मकान के पट्टे तो उपलब्ध हैं, परंतु पक्की रजिस्ट्री नहीं है), इन सभी को उनकी सम्पत्ति की पक्की रजिस्ट्री कराकर निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना प्रारंभ की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' के तहत सभी पात्रताधारियों को उनकी जमीन के पट्टे की पक्की रजिस्ट्री कराकर दी जाएगी। पक्की रजिस्ट्री के लिए लगने वाली स्टॉम्प शुल्क की राशि राज्य सरकार अपने खजाने से भरेगी। इससे प्लॉट या मकान भू-स्वामी का होगा, रजिस्ट्री भी भू-स्वामी की ही होगी, परंतु उन्हें इस पक्की रजिस्ट्री का पैसा नहीं देना होगा। यह राशि सरकार खुद वहन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' की अब तक की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' के अमल में और भी तेजी लाएं। इस योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद और विधायक आगामी 6 नवम्बर को (धनतेरस के दिन) अपने पैतृक ग्राम या अपनी पसंद के किसी भी गांव में जाकर उस गांव की मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना की शत-प्रतिशत की रजिस्ट्री खुद सामने रहकर पूर्ण करायेंगे। सभी जिला कलेक्टर्स इस संबंध में अपने प्रभारी मंत्री एवं स्थानीय मंत्रीगणों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ आवश्यक सहयोग और समन्वय कर अपने जिले में रजिस्ट्री योजना की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

डॉ. अनामिका तिवारी के 'प्याजीले आँसू' का लोकार्पण

नाट्य मंचन सम्पन्न, हास्य-व्यंग्य को बताया जीवन की संजीवनी



जबलपुर। विविधा कला सांस्कृतिक अकादमी, जबलपुर द्वारा आयोजित हास्य-व्यंग्य नाट्य संग्रह 'प्याजीले आँसू' का लोकार्पण एवं नाट्य मंचन समारोह शहीद स्मारक सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत-सम्मान से हुआ। प्याजीलें आँसू व्यंग नाट्य संग्रह समीक्षक हिमांशु राय ने कहा - आज के तनाव भरे जीवन में हास्य-व्यंग्य किसी औषधि से कम नहीं है। डॉ. अनामिका तिवारी की यह कृति 'प्याजीले आँसू' नाम से ही अपने व्यंग्य की धार को स्पष्ट करती है - हँसी के पीछे छिपा दर्द ही सच्चा व्यंग्य है। अध्यक्षता कर रहे आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे जी ने कहा - प्याजीले आँसू केवल नाट्य संग्रह नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है। इसमें हास्य के आवरण में गहरी सामाजिक चेतना है, जो पाठक को हँसाते-हँसाते सोचने पर विवश करती है।सारस्वत अतिथि प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी जी ने कहा - महाकौशल की धरती पर इस तरह की सशक्त हास्य-व्यंग्य लेखनी का स्वागत है। यह कृति महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी पठनीय है। विशिष्ट अतिथि श्री उमेश वर्मा जी ने प्रकाशन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कृति को पाठकों तक पहुँचाना गर्व का विषय है। वरिष्ठ व्यंग्यकार श्री प्रतुल श्रीवास्तव जी ने कहा -डॉ. अनामिका ने महिला दृष्टिकोण से हास्य-व्यंग्य में जो नया प्रयोग किया है, वह अद्वितीय है। 'राम वनवास नहीं होगा' और 'महिला काव्य सम्मेलन' जैसे नाटक आज के समय की सटीक व्यंग्य प्रस्तुति हैं। नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन डॉ. अनामिका तिवारी एवं श्री विकी तिवारी ने किया। महिला पात्रों में - श्रीमती अलका पटेल, डॉ. छाया सिंह, डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. आरती शर्मा, सुश्री अनुराधा 'अनु', श्रीमती विजयश्री 'विज्जो', श्रीमती तरुणा खरे, श्रीमती प्रीति 'भूमिजा', एड. तृप्ति त्रिवेदी, श्रीमती अनीता शुक्ला, श्रीमती ज्योति परांजपे ने सराहनीय अभिनय किया। पुरुष पात्रों में विकी तिवारी, प्रखर सेन, युवराज कश्यप, आयुष्मान शर्मा, अश्वनी यादव ने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। सरस्वती वंदना श्रीमती प्रीति गर्ग एवं मंच संचालन इंजी. विनोद नयन ने किया। मोती शिवहरे के निर्देशन में गरिमा सोनी एवं काव्या पटेल ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। विविधा सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक एड. अभिषेक तिवारी ने सभी साहित्य प्रेमियों व कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में अखिलेश मिश्रा को दी गई भावभीनी विदाई

बरेला। पीएम श्री शा. उ. मा.विद्यालय सालीवाड़ा गौर में विद्यालय के व्याख्यात अखिलेश मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उनके दीर्घ शैक्षणिक सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की संकुल प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेड़े ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का एक पड़ाव है, लेकिन व्यक्ति के अनुभव, ज्ञान और उसके द्वारा समाज को दिए गए योगदान का महत्व कभी समाप्त नहीं होता। अखिलेश मिश्रा ने अपने सेवाकाल में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, उनके व्यक्तित्व निर्माण तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संकुल प्राचार्य द्वारा अखिलेश मिश्रा के स्वस्थ, सुखमय एवं आनंदमय सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की गयी,जीवन की इस नई पारी में उन्हें परिवार के साथ अधिक समय बिताने, अपनी रुचियों को पूरा करने और समाज के लिए अपने अनुभवों का योगदान देने के अनेक अवसर प्राप्त हों यह शुभकामनाये दी। संकुल परिवार ने गरिमामय आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त सम्मान समारोह मे रजनीश चड्ढा भूतपूर्व प्राचार्य सालीवाडा, ध्रुव कुमार गोल्हानी, शाला का समस्त स्टाफ, संकुल केंद्र अंतर्गत सभी शालाओं के शाला प्रभारी, शिक्षक व मिश्रा जी के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



गौरहा भिटोनी में गौ प्रतियोगिता आयोजित

सिहोरा। मुख्यमंत्री की गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना के अंतर्गत मझौली विकासखण्ड 'स्थित गोवर्धन गौशाला में गौओं की प्रतियागिता का आयोजन किया गया। जिसमें 6 पशुपालकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों की गौ का तीन बार दुग्ध दोहन कर सूत्र द्वारा प्रतिदिन का दुग्ध उत्पादन निकाला गया। जिसमें श्रीमती कल्लू बाई पति हल्के की ग्रेडिड साहीवाल गौ का 8.06 लीटर प्रतिदिन मान आया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं दूसरा स्थान घसीटा पटेल पिता प्रेमलाल की गौ ने 6.59 लीटर प्रतिदिन ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सरपंच एव सचिव गौरहा भिटोनी,पशु चिकित्सक डॉ सीमा भिंडवाले,डॉ हेमलता जैन,डॉ सतवंत बघेल,डॉ मोहिता राय,डॉ प्रिया शुक्ला एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एस.एस कादरी,शशांक दुबे,डॉ चंद्रमणी राजौरिया की उपस्थिति रही। गौशाला समिति से मुकेश बर्मन, कोमल प्रसाद गड़ारी एवं स्वयं सहायता समूह की बहनों का विशेष योगदान रहा।



अजय सत्य प्रकाश होम्स सोसायटी का नवीन गठन

जबलपुर। उप नगरीय क्षेत्र तिलहरी के अजय सत्य प्रकाश होम्स के सुचारू रूप से संचालन हेतु शिव हनुमान मंदिर परिसर में सदस्यों की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें सोसायटी के सुरक्षात्मक,साफ सफाई और आपसी सहयोग से सुचारू रूप से संचालन, के लिए नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमे आलोक गुप्ता अध्यक्ष,रवींद्र मक्कड़ उपाध्यक्ष, कुमार जितेंद्र सिंह सचिव, गुरप्रीत भाटिया सहसचिव, अनिल शुक्ला कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्नेहाशीष दत्ता, सुनील जेकब मसीह, गुरुदयाल बरकड़े, गोपी नाथ चौधरी, को सोसायटी विकास का दायित्व सौपा गया है। सभी पदाधिकारियों ने कार्यभार सँभाल लिया है। इस गठन पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त कर हार्दिक बधाई देते हुए आशा जताई कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय, सहयोग और सामूहिक सहभागिता से सोसायटी के हित में बेहतर से बेहतर कार्य करते हुए सामाजिक सौहार्द को नई दिशा देंगे।

स्व.इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि, एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती पर किया याद

बरेला। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री मति इंदिरा गांधी जी की 42 वीं पुण्यतिथि एवं एकता दिवस पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के शिल्पकार की जन्म जयंती पर भारत देश के दो महान नेताओं के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप जलाकर कर नगर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी व पूर्व मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया के निवास स्थान पर बच्चों के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन कर याद किया।

सूर्य हाफ मैराथन के पूर्व हुआ शौर्य वीर प्रोमो-रन का आयोजन



जबलपुर। मुख्यालय मध्य भारत एरिया ने 01 नवंबर 2026 को जबलपुर में 'शौर्य वीर प्रोमो-रन' का आयोजन किया। यह आयोजन उन बहादुर शहीदों और पूर्व सैनिकों को एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी, जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। 22 नवंबर 2026 को होने वाली 'सूर्य हाफ मैराथन' से पहले, जन जागरूकता बढ़ाने, अधिक लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने, और देशभक्ति, शारीरिक फिटनेस तथा राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 'शौर्य वीर प्रोमो-रन' को मेजर जनरल संजय गौतम, सीओएस, मुख्यालय मध्य भारत एरिया, साथ में श्री जगत बहादुर अन्नू, महापौर, जबलपुर, श्री आशीष दुबे, सांसद, जबलपुर, श्री अशोक रोहानी, विधायक, छावनी जबलपुर, और श्री नीरज सिंह, विधायक, बरगी, जबलपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शुरुआत ने शारीरिक फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और देश सेवा की भावना को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह प्रोमो-रन शहर के इलाके में 04 किमी की दूरी तक आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में लगभग 1500 धावकों ने हिस्सा लिया। इसमें स्थानीय समुदाय के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जहाँ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग एक साथ आए। प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी फिटनेस, सामुदायिक जुड़ाव और राष्ट्रीय गौरव के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के साथ-साथ, इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों के बीच आपसी भाईचारे, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना को भी विकसित किया। साथ ही, यह साहस, बलिदान, एकता और राष्ट्रीय एकजुटता के मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक मंच बना, जहाँ देश के वीर सपूतों की वीरता और निस्वार्थ सेवा को नमन किया गया। इस तरह की पहलों के माध्यम से, मुख्यालय मध्य भारत एरिया नागरिक-सैन्य सहयोग को लगातार मजबूत कर रहा है। साथ ही, यह नागरिकों, विशेषकर युवाओं को शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और देशभक्ति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।



आपकी मुस्कान, हमारे सेवा संकल्प का सबसे बड़ा पुण्य

जबलपुर। मां भारती दीर्घा फाउंडेशन ने लगभग 1000 जरूरतमंदों को वितरित किए सैकड़ों वस्त्र, खाद्य सामग्री -, चावल , गेहूं,बिस्किट्स, वेफर्स फ्रूटी आदिजबलपुर। मां भारती दीर्घा फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार, 1 नवंबर 2026 को मनमोहन नगर में लगभग 1000 जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार वस्त्रों का और खाद्य सामग्री - दाल चावल गेहूंलगभग 200 बच्चों के लिए फ्रूटी, वेफर्स, बिस्किट्स आदि का वितरण किया गया।इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि संस्था निरंतर सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा, "जरूरतमंदों को उनकी पसंद और आवश्यकता के अनुरूप जरूरतमंद सामग्री प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाना हमारे लिए अत्यंत प्रसन्नता और आत्मिक संतोष का विषय है। उनकी खुशी ही हमारी सेवा की सबसे बड़ी उपलब्धि है।"उन्होंने कहा कि संस्था सदैव ही इसी समर्पण भाव से सामाजिक सेवा के कार्य निरंतर करती आई हैइस पुण्य के कार्य में मनोज जैन ज्योति जैन श्वेता तिवारी, मुकेश साहू नीलम साहू ,अनिल जैन सरिता जैन स्नेहा सोनी,वायलेट एंथोनी , धारणा जैन ममता साहू , उर्मिला साहू , ज्योति शाह , प्रकाश भाई आदि की सराहनीय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

निधन

श्रीमती सुनीता गुप्ता- साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राधेलाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता गुप्ता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सविता अहिरवार- लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री परसराम अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती सविता अहिरवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रकाश चंद्र सेन- धनवंतरी नगर निवासी श्री प्रकाश चंद्र सेन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. अनीता विश्वकर्मा- सरकारी कुआं आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री लखन विश्वकर्मा की पुत्री कु. अनीता विश्वकर्मा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती रामवती शर्मा- मदनमहल शारदा चौक गढ़ा रोड निवासी श्री शिव प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती शर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेश चमकेल- वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई निवासी श्री राजेश चमकेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सूरज सिंह- राजीव नगर पिपलानी भोपाल निवासी श्री जय सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सूरज सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अभिलाष तामिया- भानतलैया पुलिस क्वाटर्स निवासी श्री अनिल तामिया के पुत्र श्री अभिलाष तामिया (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शैलेष सिंह- विजयनगर निवासी श्री शैलेष सिंह (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती निशा चौधरी- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री दिनेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती निशा चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री नंद किशोर झारिया- महेशपुर मदनमहल निवासी श्री नंद किशोर झारिया (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

शिव कश्यप- फूटाताल पानी की टंकी के पास निवासी श्री जितेंद्र कश्यप के पुत्र शिव कश्यप (15) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री त्रिलोकी नाथ ओझा- कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री त्रिलोकी नाथ ओझा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा- झदुआ कुआं फूटाताल निवासी श्री मोती लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती वत्सला बाघमारे- न्यू शास्त्री नगर निवासी श्री लक्ष्मण भिराजी बाघमारे की धर्मपत्नी श्रीमती वत्सला बाघमारे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती पारो बाई समुंद्रे- घोड़ा अस्पताल के पास नेहरू वार्ड निवासी श्री रामधीन समुंद्रे की धर्मपत्नी श्रीमती पारो बाई समुंद्रे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री जय कुमार राजपूत- शीतलामाई निवासी श्री जय कुमार राजपूत (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति अक्षरवार से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x3 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

खबर संक्षेप

टाटा मोटर्स की बिक्री में 23 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 75,426 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने पिछले साल के इसी महीने में कुल 61,295 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की उसकी बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 73,894 इकाई हो गई।

एचएमएसआई की कुल बिक्री में 13 प्रतिशत वृद्धि

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रविवार को कहा कि घरेलू बाजार और निर्यात को मिलाकर अक्टूबर में उसकी कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 7.34 लाख इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता कंपनी ने अक्टूबर, 2025 में 6.50 लाख इकाइयां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 5.98 लाख इकाई से 6.64 लाख इकाई हो गई, जबकि निर्यात 35 प्रतिशत बढ़कर 51,644 इकाई से 69,735 इकाई पर पहुंच गया।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री 19 फीसदी बढ़ी



नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अक्टूबर, 2026 में थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 8,013 वाहन पर पहुंच गई। कंपनी के अनुसार, हाल ही में पेश किए गए मॉडल एमजी हेक्टर टॉमहॉक ईवी और विंडसर इंडल्ज एडिशन को ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, जेएसडब्ल्यू समूह और चीन की एसएआईसी मोटर का संयुक्त उद्यम है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा की बिक्री 10 फीसदी घटी

नई दिल्ली। एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड की कुल ट्रैक्टर बिक्री अक्टूबर 2026 में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 16,921 इकाई रही है। कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 18,798 ट्रैक्टर बेचे थे। कंपनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि अक्टूबर में घरेलू ट्रैक्टर बिक्री 10.9 प्रतिशत घटकर 16,412 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 18,423 इकाई था। हालांकि, इस दौरान कंपनी का निर्यात 35.7 प्रतिशत बढ़कर 509 इकाई हो गया।

हुंडई मोटर ने बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया



नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने अक्टूबर में अबतक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने बीते माह घरेलू बाजार और निर्यात मिलाकर कुल 82,299 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने रविवार को जारी बयान में बताया कि अक्टूबर में उसकी घरेलू बिक्री 16.7 प्रतिशत बढ़कर 62,799 इकाई रही। वहीं निर्यात में 21.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

किआ इंडिया की बिक्री बढ़कर 33,462 इकाई

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया ने रविवार को कहा कि अक्टूबर, 2026 में उसकी थोक बिक्री सालाना आधार पर 13.22 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सर्वाधिक मासिक स्तर 33,462 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 29,556 वाहन बेचे थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जनवरी-अक्टूबर, 2026 के दौरान उसकी कुल थोक बिक्री 21.31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,86,470 इकाई थी। बयान के अनुसार यह प्रदर्शन कंपनी के विभिन्न मॉडलों की लगातार बनी हुई।

'निष्क्रिय' कंपनियों को बाजार से हटाने काम कर रहा सेबी : पांडेय

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों को शेयर बाजार से हटाने के लिए काम कर रहा है, जो वास्तव में किसी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में शामिल नहीं हैं। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी कंपनियों की बाजार में मौजूदगी निवेशकों के लिए संभावित खतरा बन सकती है।

पांडेय ने कहा कि शेयर बाजार में कई ऐसी कंपनियां सूचीबद्ध हैं, जिनकी कोई वास्तविक कारोबारी गतिविधि नहीं है।

इन कंपनियों के शेयरों का इस्तेमाल कुछ बाजार संचालक कीमतों में कृत्रिम तेजी लाने और बाद में शेयर बेचकर मुनाफा कमाने यानी 'पंप एंड डंप' गतिविधियों के लिए करते हैं। इससे छोटे और खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए ऐसी कंपनियों को बाजार से हटाना जरूरी है।

सेबी चेयरमैन ने कहा, कृत्रिम तेजी लाने में उपयोग किया जा रहा

कुछ कंपनियां अब भी चिंता का विषय

लघु एवं मझोला उद्यम (एसएमई) कंपनियों की सूचीबद्धता व्यवस्था पर पांडेय ने कहा कि नियामक ने इस ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने के लिए परामर्श पत्र के माध्यम से कई बदलाव प्रस्तावित किए हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि पुरानी सूचीबद्ध कंपनियों में से कुछ अब भी चिंता का विषय बनी हुई हैं।

निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं

कंपनियों की कमाई की संभावनाएं, नए क्षेत्रों का विकास, मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरें और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल भी उनके निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं।

पांडेय के अनुसार, सेबी का प्रयास भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए पंजीकरण से लेकर निवेश जारी रखने तक की पूरी प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाना है।



जोखिम की सीमा तय करने पर होगा विचार

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के संदर्भ में पांडेय ने कहा कि नियामक आने वाले कुछ सप्ताह में एक और परामर्श पत्र जारी कर सकता है। इसमें खासतौर पर खुलासा संबंधी नियम और एक ही जगह निवेश या जोखिम की सीमा संबंधी प्रस्ताव को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक दुनिया के विभिन्न बाजारों में निवेश करते हैं।

निवेशकों को फंसाए जाने का जोखिम

सोशल मीडिया और विभिन्न ऑनलाइन समूहों के माध्यम से निवेशकों को ऐसे शेयरों में फंसाए जाने का जोखिम बना रहता है। इससे निपटने के लिए सेबी कृत्रिम मेधा (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर संदिग्ध खातों और गतिविधियों की निगरानी कर रहा है। निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं।

पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के मुकाबले 63.3 फीसदी अधिक

तीन सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को दूसरी तिमाही में 30,106 करोड़ रुपए का मुनाफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की तीन सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 30,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 68.3 प्रतिशत अधिक है।

कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भंडारण लाभ की अहम भूमिका रही। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर हो रहे नुकसान और एलपीजी सब्सिडी की बढ़ती बकाया राशि ने कंपनियों की चिंता बढ़ा रखी है। तीनों कंपनियों का सितंबर तिमाही का संयुक्त मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले काफी अधिक रहा। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों को संयुक्त रूप से लगभग 18,150 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस तरह दूसरी तिमाही में कंपनियों ने जोरदार वापसी की है। खास बात यह है कि सितंबर तिमाही का मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 में तीनों कंपनियों के कुल 77,281 करोड़ रुपये के लाभ का करीब 39 प्रतिशत है।

तीनों कंपनियों के प्रदर्शन में इंडियन ऑयल सबसे आगे रही। कंपनी ने सितंबर तिमाही में 21,630 करोड़ रुपये का अबतक का सर्वाधिक एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 7,610 करोड़ रुपये का करीब तीन गुना है। यह कंपनी के पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के 36,802 करोड़ रुपये के मुनाफे का लगभग 59 प्रतिशत है।

चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा कमाया



रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार से मुनाफा बढ़ा

दूसरी ओर, बीपीसीएल का एकल शुद्ध लाभ 22.5 प्रतिशत घटकर 4,993 करोड़ रुपये और एचपीसीएल का मुनाफा नौ प्रतिशत कम होकर 3,483 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में इन दोनों कंपनियों का मुनाफा काफी ऊंचा रहा था। कंपनियों के मुनाफे में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार रहा।

सिलेंडर पर नुकसान 370 रुपए पहुंचने का अनुमान

आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने निवेशकों के साथ बातचीत में कहा कि एलपीजी पर प्रति सिलेंडर नुकसान सितंबर में 184 रुपये था, जो अक्टूबर में बढ़कर 229 रुपये हो गया। नवंबर में इसके 309 रुपये और दिसंबर में 370 रुपये प्रति सिलेंडर तक पहुंचने का अनुमान है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बाजार के अनुरूप तय करने की व्यवस्था है, इसलिए इनकी बिक्री पर होने वाला नुकसान कंपनियों को खुद उठाना पड़ता है।

कीमतों में गिरावट से 7000 करोड़ रुपए का भंडारण लाभ

इसके अलावा, जून के मध्य से अगस्त के मध्य के बीच कच्चे तेल की कीमतों में अस्थायी गिरावट से कंपनी को करीब 7,000 करोड़ रुपये का भंडारण लाभ हुआ। हालांकि, कंपनियों की वित्तीय स्थिति का दूसरा पहलू भी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मई से स्थिर बनी हुई हैं, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम मार्च से नहीं बदले हैं।

कीमतों में बदलाव नहीं होने से उठाना पड़ रहा नुकसान

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं होने से कंपनियों को बिक्री पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योग सूत्रों के मुताबिक, पिछले महीने तक कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर चार से पांच रुपये और डीजल पर 18 से 20 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा था। एलपीजी के मोर्चे पर भी कंपनियों का घाटा लगातार बढ़ रहा है।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव पर निवेशकों की रहेगी नजर

कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से संघर्ष की आशंका बढ़ने सहित भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, अमेरिकी मध्यावधि चुनाव, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं पर भी बाजार के निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह बाजार का ध्यान सितंबर तिमाही के नतीजों, प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगा। निवेशक



कंपनियों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे और यह देखेंगे कि क्या उनकी आय में लगातार वृद्धि, लाभ मार्जिन में मजबूती और मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के नतीजों से ऋण वृद्धि, जमा जुटाने और परिसंपत्तियों की गुणवत्ता का पता चलेगा, जबकि वाहन, उपभोक्ता और औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों के नतीजे घरेलू मांग की स्थिति का व्यापक आकलन करने में मदद करेंगे। मिश्रा ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी एक महत्वपूर्ण कारक बनी रहेंगी। इससे आयातित महंगाई, रुपये की विनिमय दर और कंपनियों के लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल, विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश और मुद्रा बाजारों में उतार-चढ़ाव भी निकट भविष्य में बाजार की धारणा तथा हालिया तेजी के बने रहने को प्रभावित करेंगे।

रिलायंस को बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला

कंपनी के तेल से रसायन कारोबार को वैश्विक स्तर पर ईंधन के बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला, जबकि दूरसंचार कारोबार की वृद्धि ने खुदरा कारोबार के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन की भरपाई की। जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर, 2026 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 13.7 प्रतिशत बढ़कर 8,389 करोड़ रुपये रहा।

अक्टूबर में देश की बिजली खपत 21.88 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिजली खपत बढ़कर 159.76 अरब यूनिट रही

देश में बिजली की खपत अक्टूबर में सालाना आधार पर 21.88 प्रतिशत बढ़कर 159.76 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। इसकी प्रमुख वजह त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक मांग में वृद्धि के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होना है। देश की कुल बिजली खपत अक्टूबर 2025 में 131.07 अरब यूनिट रही थी। त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की मांग बढ़ने के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होने से अक्टूबर में बिजली की खपत बढ़ी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 260.73 गीगावाट हो गई, जो अक्टूबर 2025 में 210.82 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई 2026 में 270.82 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।



बिजली की मांग स्थिर रहने का अनुमान

विशेषज्ञों ने अक्टूबर में बिजली की मांग स्थिर रहने का अनुमान जताया था। हालांकि, त्योहारी सीजन से पहले औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों की जरूरत बढ़ने की संभावना थी। उनका मानना है कि त्योहारों और देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान के कारण नवंबर में भी बिजली की मांग और खपत स्थिर बनी रहेगी।

अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य रहने का संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, नवंबर में हिमालय की तलहटी के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हिमालय की तलहटी के कुछ क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम या सामान्य रहने का अनुमान है।

लक्जरी गाड़ियों के लिए परिपक्व बाजार बना भारत : जेएलआर



नई दिल्ली। जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि भारत अब विशेष रूप से तैयार की गई लक्जरी गाड़ियों के लिए एक परिपक्व बाजार बन चुका है और ग्राहक तेजी से विशिष्ट एवं अपनी पसंद के अनुरूप तैयार किए गए वाहनों को पसंद कर रहे हैं। अंबा ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस लिहाज से भारत ने वास्तव में अपनी जगह बना ली है। पिछले तीन वर्षों में हमें अच्छी सफलता मिली है।''

रेंज रोवर ने शनिवार को विशेष 'रेंज रोवर एसवी सवाई कलेक्शन' पेश किया। दुनिया भर में इसकी केवल 18 गाड़ियां उपलब्ध होंगी। इस संग्रह में सवाई जयपुर एडिशन, सवाई जोधपुर एडिशन और सवाई जैसलमेर एडिशन शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक संस्करण की छह-छह गाड़ियां बनाई गई हैं।

कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अक्टूबर में 19.3 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोल इंडिया लिमिटेड का अक्टूबर में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 5.64 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था।

सार्वजनिक क्षेत्र की इस खनन कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में उसका उठाव 18.7 प्रतिशत बढ़कर 7.03 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले 5.92 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में सीआईएल का उत्पादन सालाना आधार पर 38.55 करोड़ टन से 0.7 प्रतिशत बढ़कर 38.82 करोड़ टन हो गया। इन सात महीनों के दौरान उठाव 9.2 प्रतिशत बढ़कर 45.46 करोड़ टन हो गया। सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अक्टूबर में 2.08 करोड़ टन के साथ सबसे अधिक उत्पादन दर्ज किया।

सालाना आधार पर बढ़कर 6.72 करोड़ टन पर



ईसीएल का उत्पादन 27.9 फीसदी बढ़ा

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) का उत्पादन 27.9 प्रतिशत बढ़कर 46 लाख टन रहा, जबकि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) का उत्पादन 26.1 प्रतिशत बढ़कर 73 लाख टन हो गया। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 29 लाख टन का उत्पादन किया।

एनसीएल में उत्पादन 4.3 फीसदी गिरा

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) एकमात्र ऐसी प्रमुख अनुषंगी कंपनी रही, जिसने गिरावट दर्ज की और उसका उत्पादन 4.3 प्रतिशत घटकर 1.14 करोड़ टन रह गया। उठाव के मोर्चे पर, डब्ल्यूसीएल ने अक्टूबर में 50.2 प्रतिशत की छलांग के साथ 67 लाख टन का आंकड़ा दर्ज किया, जबकि सीसीएल का उठाव 44.7 प्रतिशत बढ़कर 80 लाख टन हो गया।

अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज

मारुति की बिक्री में आया 25 प्रतिशत का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अक्टूबर में अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। बीते माह कंपनी की कुल बिक्री सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 2.76 लाख इकाई रही। पिछले साल की समान अवधि का आधार प्रभाव ऊंचा होने के बावजूद कंपनी ने यह वृद्धि दर्ज की। अक्टूबर में वाहनों की बिक्री 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.12 लाख इकाई रही। सुपर कैरी और अन्य मूल उपकरण विनिर्माताओं को की गई बिक्री समेत कुल घरेलू बिक्री करीब 19 प्रतिशत बढ़कर 2.26 लाख इकाई रही। पिछले साल की समान अवधि में ऊंचे आधार प्रभाव के बावजूद बिक्री में यह मजबूत वृद्धि त्योहारी सीजन के दौरान बाजार में मजबूत मांग को दर्शाती है। मारुति सुजुकी ने कहा था कि उसके पास डीलर के यहां करीब 15-16 दिन का ही भंडार है, जबकि करीब दो लाख वाहन की बुकिंग लंबित है। ऑल्टो, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, एस-प्रेसो, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी यात्री कारों की बिक्री सालाना आधार पर 18.4 प्रतिशत बढ़कर करीब एक लाख इकाई रही।

ब्रेजा, अर्टिगा की बिक्री 26 फीसदी बढ़ी - वहीं, ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे वाहनों की बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 97,787 इकाई हो गई। ओईएम को कंपनी की बिक्री बढ़कर 9,459 इकाई रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 8,915 इकाई रही थी। कंपनी का अक्टूबर में निर्यात 59 प्रतिशत बढ़कर 49,872 इकाई हो गया।

अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज

अक्टूबर में हुआ दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी संग्रह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का जीएसटी संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 22.9 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि है। इसी के साथ यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा जीएससी संग्रह है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में रिकॉर्ड करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आयात से मिलने वाले जीएसटी में तेज बढ़ोतरी ने कुल संग्रह को मजबूत किया। अक्टूबर में आयात से मिलने वाला कर 42.2 फीसदी बढ़कर 72,246 करोड़ रुपये रहा, जबकि घरेलू जीएसटी संग्रह 15.8 फीसदी बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। खास बात ये है कि चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब सरकार को दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी मिला है।

जुलाई में संग्रह 2.11 लाख करोड़ और सितंबर में 2.04 लाख करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर के कुल जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का योगदान 42,935 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) का 51,340 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का योगदान 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे त्योहारी सीजन के कारण मांग मजबूत बने रहने की उम्मीद है और अगले महीने भी जीएसटी संग्रह अच्छा रह सकता है।

अप्रैल-अक्टूबर में 14.78 लाख करोड़ संग्रह

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 13.2 फीसदी बढ़कर 14.78 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 13.05 लाख करोड़ रुपये था। इस दौरान शुद्ध संग्रह 12.6 फीसदी बढ़कर 12.69 लाख करोड़ रुपये रहा। सात महीने की अवधि में घरेलू सकल जीएसटी राजस्व 7.4 फीसदी बढ़कर 10.33 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, आयात से मिलने वाला राजस्व 29.3 फीसदी बढ़कर 4.44 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।



अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार एवं कर विवाद प्रबंधन प्रमुख मनोज मिश्रा ने कहा कि अक्टूबर के जीएसटी आंकड़े त्योहारी सीजन में मांग में आई तेजी को दर्शाते हैं। इस दौरान आमतौर पर उपभोक्ताओं का खर्च, खुदरा गतिविधियां और विभिन्न क्षेत्रों में वस्तुओं की आवाजाही बढ़ती है। वहीम, ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अक्टूबर, 2026 का जीएसटी संग्रह वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

चिंतन

एक बार फिर सड़क की राजनीति पर उतरे दल

देश में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल सड़क पर सियासी जंग लड़ने उतर आए हैं। रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मी से भरा रहा। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाले। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मोर्चा संभाला तो हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन रामलीला मैदान में रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों की भावनाओं की अनदेखी की है। भाजपा के मार्च में दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों की भागीदारी भी इसी मुद्दे को रेखांकित करने के लिए थी। वहीं, नितिन नवीन ने रोहतक में कांग्रेस पर वोट चोरी को अपनी विरासत बनाने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम करने वाला बताया। जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भुलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और जेल भेजने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी उन्होंने तीखी टिप्पणी की। इस तरह पूरे दिन दोनों खेमों के बीच राजनीतिक तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के सवालों को मजबूती से उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना भी है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारी केवल हंगामे, नारेबाजी और सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से ही पूरी हो सकती है। कोई सीजेपी जैसी नई पार्टी ऐसा करे तो समझ आता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से अधिक परिपक्व राजनीतिक आचरण की अपेक्षा स्वाभाविक है। 18वीं लोकसभा में इंडिया गठबंधन के करीब 240 सांसद हैं। इतनी बड़ी संसदीय ताकत का उपयोग सदन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, शिक्षा और चुनावी पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक बहस के लिए होना चाहिए। संसद के बाहर प्रतीकात्मक कार्यवाही करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों और प्रमाणों के साथ सदन में सरकार को घेरना चाहिए। लोकतंत्र का मजाक नहीं, जवाबदेही तय करना विपक्ष की असली जिम्मेदारी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। संसद में विपक्ष को पर्याप्त अवसर देना, उसके सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहना सरकार का दायित्व है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। विपक्ष को भी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। यह समझना होगा कि संसद देश की जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। सदन में कामकाज बाधित करने से जितना नुकसान विपक्ष की भूमिका को होता है, उतनी ही जवाबदेही सरकार की भी बनती है, यदि वह चर्चा और संवाद के रास्ते बंद करती है। दोनों पक्षों को अपनी राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करना होगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

दवा कंपनियों पर लगाम की तैयारी

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका भी लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर नियंत्रण और नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय कर दिए जाएं? क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में बड़ी असामानता है।

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में एक याचिका भी लंबित है।

इसके तहत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रावधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट दो माह के भीतर आनी है। कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। ग्लैक्सोस्मिथलाईन, फाइजर, रैनबैक्सी, डॉ रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों से जुड़ी एक विडंबना यह भी देखने में आती है कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें



दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी संदर्भ में इस याचिका से जुड़े न्यायामूर्ति संदीप मेहता को कहना पड़ा था कि मामला एक माह पहले का ही है।

एक दवा डीलर की पत्नी का इलाज हो रहा था। कीमो में काम आने वाला इंजेक्शन 11 हजार रुपये का था। लेकिन निजी अस्पताल में 1.30 लाख रुपये में दिया जा रहा था। दवा डीलर ने अस्पताल से निवेदन किया कि इंजेक्शन बाहर से लाने दें, लेकिन मना कर दिया। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कैंसर की 2700 रुपये की एक दवा को 27 हजार में बेचे जाने पर 'डकैती' की संज्ञा दी थी। ऐसी डकैती की कीमत आम मरीज चुका रहे हैं। फार्मा कंपनियां किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं।

दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। लिहाजा चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ पूरे देश में धड़ल्ले से उठा रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल व भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है,उसी तरह हमारे धरती पर अस्तित्व के समय से ही सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। कुदरत का कमाल देखिए, एंटीबायोटिक दवाओं ने दोनों के बीच के संतुलन को गड़बड़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्मजीवों पर मारक साबित हुई, तब-तब जीवाणु और वीषाणुओं ने अपने को ओर ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। गोया, महाजीवाणु कभी नष्ट नहीं होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए।

दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें बाधा बने हुए हैं। चिकित्सक सर्दी-जुकाम और पेट के साधारण रोगों तक के लिए बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं दे देते हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों के मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कहकर हाशिए पर डालने का काम भी शड्यंत्रपूर्वक किया है। बावजूद सूक्ष्मजीव कायांतरण के नए-नए रूपों में सामने आना शुरू हो गए हैं, तब से एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित जरूर की जाने लगी है, किंतु मुनाफे की हवस इस मर्यादा को लांघ जाने का उपक्रम करती ही रहती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



देश के छोटे शहरों में बढ़ रही खुशहाली

ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोगों की निजी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण इलाकों में निजी संपत्ति संग संपन्न लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। एक समय छोटे-बड़े शहरों, महानगरों और ग्रामीण इलाकों की जीवनशैली में काफी अंतर हुआ करता था। सुविधाओं की उपलब्धता और आर्थिक स्थिति के मामले में बड़े शहर हमेशा से आगे रहे हैं। ऐसे में आर्थिक बेहतरी से जुड़े मोर्चे पर आ रहा यह बदलाव रेखांकित करने योग्य है। आर्थिक समृद्धि का मेट्रो शहरों से निकलकर देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक विस्तार पाना बहुत से पक्षों पर सकारात्मक परिवर्तन की बानगी है। पीपल रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्ति की बढ़ोतरी की दर 11 प्रतिशत और बड़े शहरों में 8 प्रतिशत है। ध्यातव्य है कि आबादी के आंकड़े में भारत आज दुनिया में पहले स्थान पर है। 1.43 से 1.46 अरब की जनसंख्या बड़े शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक निवास करती है। हमारे यहां अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता ही नहीं आर्थिक मोर्चे पर भी विषमता भी रही है। यही वजह है कि संपन्नता का यह विस्तार गांव-शहर के फर्क को पाटने वाला है। समाज में आर्थिक समानता को बल देने वाला है। आमजन को बेहतर जीवनशैली की ओर प्रवृत्त करने वाला है। यह रिपोर्ट भी बताती है कि वर्ष 2025 में ग्रामीण केंद्रित कंपनियों ने 30 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों ने न केवल दोपहिया वाहन और ट्रैक्टरों की बिक्री के मामले में शहरों को पीछे छोड़ दिया बल्कि रोजाना उपयोग के सामान और प्रीमियम गाड़ियों की मांग भी मजबूत बनी हुई है। असल में कृषि में आधुनिकीकरण और बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही गैर-कृषि आय में भी वृद्धि हुई है। उपभोग के पैटर्न में आए परिवर्तन से दूर-दराज के इलाकों में भी ब्रांडेड और प्रीमियम उत्पादों की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। यह स्थिति ग्रामीण उपभोक्ताओं की आय और खर्च करने की क्षमता में आए अहम बदलाव को सामने रखती है। इन क्षेत्रों में तेज़ी से बढ़ती क्रय शक्ति देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत से महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहलू लिए है। स्पष्ट है कि आर्थिक सम्पन्नता की बढ़ती परिधि दूर-दराज के इलाकों में विकास को गति देने वाला रुझान है। डेटा एनालिटिक्स फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में टियर 2 शहरों में हाउसिंग बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी है। यह आंकड़ा आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे की बेहतरी से भी जुड़ा है। बीते कुछ बरसों में ग्रामीण विकास पर खर्च में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। गांवों में बहुत सी रोजगार और आजीविका योजनाओं और छोटे शहरों में स्मार्ट सिटी योजना, बेहतर यातायात सुविधा और डिजिटल कनेक्टिविटी इस बदलाव एक पीछे हैं। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट में भी साल 2011 से 2023 के बीच भारत में करीब 49.6 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर आने की बात कही गई है। एक दशक के ज्यादा की इस समयावधि में गरीब जनसंख्या के अनुपात में तेजी से गिरावट आई है। समझना आवश्यक है कि विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में भी खपत में बढ़ोतरी, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली सहायता को इस बदलाव का अहम कारण बताया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में विशेष रूप से महिलाओं में रोजगार की बढ़ोतरी से परिवर्तन आने की बात भी शामिल है। 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। असल में इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं को मिले वेतन वाले रोजगार से आया है, जिसके चलते प्रति परिवार में कमाने वालों का आंकड़ा भी बढ़ा है। समझना कठिन नहीं कि भारतीय महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ना सीधे-सीधे बचत में बढ़ोतरी होने और बेहतर जीवनशैली को बल देने से जुड़ा कारक है। रोजगार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से परिवारों की कमाई को मिला सहारा बाज़ारों में खरीद भी बढ़ाता है। नतीजतन, गांवों-कस्बों और छोटे शहरों में बढ़ती क्रयशक्ति से आर्थिक समृद्धि भी बढ़ती दिख रही है। ऐसे में छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में ग्राहकों की संख्या में हुआ इजाफा व्यावसायिक गतिविधियों को भी विस्तार देगा। लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में आर्थिक समृद्धि का बदलता मानचित्र व्यावहारिक धरातल पर जीवन से जुड़े हालातों के बदलने की बानगी भी है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

एकता के मंत्र पर अमल करना भी जरूरी

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि 31 अक्टूबर को होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को आजाद करवाने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इन्होंने किसानों को उनका हक अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज भी जिस मुख्य कार्य के लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतों का एकीकरण। आज भारत को उनके विचारों को कार्यरूप देने की जरूरत है। - *डिंपल चौधरी, सोनीपत*

ट्रेंड

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



बेहतर रेल कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम, और वह भी तकनीक और नवाचार के शहर बेंगलुरु से! वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

सिख नरसंहार



1 नवंबर को दिल्ली की धरती 1984 के सिख नरसंहार के निर्दोष पीड़ितों को याद करती है, जबकि उसी दिन राहुल गांधी की कांग्रेस 'लोकतंत्र बचाने' का ढोंग रच रही है। शर्मनाक! कांग्रेस के माथे पर 1984 का कलंक लगा है। इसे राहुल गांधी के 'लोकतंत्र बचाने' के नारों से नहीं धोया जा सकता। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मज़ाक



विपक्ष के नेता राहुल गांधी की राजनीति अब केवल झूठे नैरेटिव गढ़ने, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करने तक सिमट कर रह गई है। संसद में बामक दावे करने वाले कांग्रेस के 'युवराज' ने आज अपनी 'नकली संसद' में भी लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। - **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, भाजपा

संजय का बेवक्त जाना



बहुत जल्दी चले गए संजय गुप्ता। उनके भीतर अभी बहुत सारा सिनेमा बाकी था, उनके सामने अभी कई साल और कई कहानियाँ थीं। सच में दिल तोड़ने वाला है... उनके परिवार को हिम्मत और शांति मिले। - **अजय देवगण,** फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

बाइनेंस से चोरी के लिए उत्तर कोरिया जिम्मेदार: एफबीआई



अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी की घटना को उत्तर कोरिया के हैकर्स ने अंजाम दिया जिसमें कुछ ही मिनट के भीतर बाइनेंस से अरबों डॉलर की डिजिटल मुद्रा चोरी कर ली गई। एफबीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ साइबर हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नामक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। उसने कहा कि इसी समूह ने पिछले साल बायबिट पर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की साइबर चोरी को भी अंजाम दिया था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंज, ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों से विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों से जुड़े लेनदेन रोकने का आग्रह किया है, ताकि चोरी की गई रकम को उसके स्रोत को छिपाने के लिए अवैध रूप से इधर-उधर न किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से इथेरियम नामक क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्त (डीफाई) मंचों और 'इंस्टेंट स्वैप सर्विसेज' के जरिये इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का प्रयास करेंगे।

ऑफ बीट

रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

लौह पुरुष पटेल की प्रतिमा पर किया नमन

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सीएस ने दिलाई एकता अखंडता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में वरिष्ठ अधिकारियों,कर्मचारियों और नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्य सचिव और अन्य आगंतुकों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। शपथ में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों की ओर से संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। शपथ में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, अनुपम राजन, संजय कुमार शुक्ला, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव सहित मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

जनसंपर्क संचालनालय में अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

संचालक दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



भोपाल। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय में संचालक जनसंपर्क अरविंद कुमार दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा सहित संचालनालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शपथ ली। शपथ में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया।

साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों से प्रेरणा लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने की शपथ ली गई।

ग्राम वन समितियों को 13 करोड़ रुपए से अधिक काष्ठ लाभांश का किया वितरण

मुख्यमंत्री ने 4 जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की 30 करोड़ रुपए से अधिक बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- रामघाटी मध्यम सिंचाई परियोजना मंजूर, घोड़ाडोंगरी में बैराज और जलाशय बनाए जाएंगे
- 100 करोड़ से बनाए जाएंगे फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम
- बैतूल में बनेगा जनजातीय संग्रहालय, मुख्यमंत्री ने दी 443 करोड़ के कई विकास कार्यों की सौगात



तेंदूपत्ता संग्राहकों को मुख्यमंत्री ने अंतरित की राशि।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार 'सच्चा वादा-पक्का काम' के सूत्रवाक्य के साथ प्रदेश में विकास और जनहितैषी कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश में गरीब, किसान, युवा और नारियों के कल्याण के लिए अनेकों कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते शुक्रवार को ही किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की राशि की सौगात मिली है। प्रदेश के किसानों को पर्याप्त बिजली और सिंचाई की सुविधाएं मिल रही हैं।

सीएम शनिवार को बैतूल में हुए तेंदूपत्ता संग्राहकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बैतूल में चार जिलों के 3.69 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 30 करोड़ रुपए से अधिक की बोनस राशि मिली है। यह दक्षिण बैतूल, पश्चिम बैतूल, उत्तर बैतूल, पांढुर्णा (दक्षिण छिंदवाड़ा), पूर्व छिंदवाड़ा, पश्चिम छिंदवाड़ा एवं नर्मदापुरम वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहकों के अथक परिश्रम के सम्मान और उनके वाजिब हक की राशि है।

सीएम आज एमएसएमई इकाइयों को भेंट करेंगे राशि

भोपाल। सीएम रविवार एक नवंबर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से 950 एमएसएमई इकाइयों को 490 करोड़ और 100 से अधिक स्टार्टअप को लगभग 1.50 करोड़ सहायता राशि वितरित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमियों को भूमि आबंटन आशय पत्र और उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों को ऋण राशि भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप करेंगे।

निवेश और रोजगार देने वाली इकाइयों को प्रोत्साहन

एमएसएमई मंत्री काश्यप ने बताया कि जिन इकाईयों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है उनकी ओर से 7,000 करोड़ से अधिक का निवेश कर 17,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

443 करोड़ से अधिक के कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि अद्भुत वन संपदा और नैसर्गिक सौन्दर्य के मामले में बैतूल जिला अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले के समग्र विकास को और गति देने के लिए जिलेवासियों को इसी जगह पर 443 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की अनुपम सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में बन रहे सांदीपनि विद्यालय बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का मॉडल बन चुके हैं। बैतूल में जनजातीय बेटियों के लिए 50 करोड़ की लागत से कन्या शिक्षा परिसर और छात्रावास का भूमि-पूजन किया गया है।

कॉफी के बागान लगाए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैतूल के कुकरू खामला का सौंदर्य दर्शनीय है। यहां 15 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। यहां कॉफी के बागान लगाए जाएंगे। बैतूल-मुलताई में 24 करोड़ के नए कारखाने लगाए जाएंगे। भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर प्रदेशभर में 15 नवंबर से 17 नवंबर तक तीन दिन उत्सव मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की प्रमुख घोषणाएं

नल जल योजना के कार्यों के लिए 50 करोड़ राशि दी जाएगी। बैतूल में 15 करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन और हाट बाजार बनेगा। सड़क चौड़ीकरण के लिए 47 करोड़ रुपए, 70 करोड़ रुपए की लागत से चार जलाशयों का निर्माण, 154 करोड़ की लागत से रामघाटी मध्यम सिंचाई परियोजना, घोड़ा डोंगरी में बैराज और जलाशय, बैतूल के शासकीय हाईस्कूलों में 50 करोड़ की लागत से सुविधाएं, 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत से फुटबॉल टर्फ, इनडोर और आउटडोर स्टेडियम, बैतूल में जनजातीय संग्रहालय बनाया जाएगा।

अंतरिक्ष में भारत की नई उड़ान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जीएसएलवी-एफ-18रॉकेट से एनवीएस-03 उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के समस्त वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इससे नेविगेशन प्रणाली को नई मजबूती मिली है। यह भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष विज्ञान एवं अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

कोदो-कुटकी उत्पादन करने वाले किसानों के प्रोत्साहन से सिंचाई का रकबा 90 हजार पहुंचा

मंडला की धरती पर कृषि, सहायक गतिविधियों की संभावनाएं: सीएम

सीएम ने बलराम कृषि महोत्सव में किसानों से किया वर्चुअली संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सीएम ने बलराम कृषि महोत्सव पर मंडला जिले के किसानों से वर्चुअली संवाद कर उनकी सफलता की कहानियां सुनीं और खेती-किसानी के साथ कृषि आधारित अन्य कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत एवं समर्पण से ही प्रदेश कृषि के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

सीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मंडला भगवान परशुराम एवं अन्य ऋषि-मुनियों की तपोभूमि होने के साथ ही राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह और वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य एवं पराक्रम की धरती है। माँ नर्मदा का आशीर्वाद जिले को प्राप्त है। यहां की प्राकृतिक संपदा और उपजाऊ भूमि जिले को समृद्ध बनाती है। मंडला में धान, अरहर, उड़द, सोयाबीन, मक्का और कोदो-कुटकी जैसी फसलों का अच्छा उत्पादन होता है।

सीएम से मिले थिंक गैस के एमडी एवं सीईओ

भोपाल। प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देने थिंक गैस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिलेश गुप्ता ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की और राज्य में प्राकृतिक गैस पर वैट में कमी से होने वाले संभावित लाभों पर चर्चा की। बैठक के दौरान थिंक गैस के नेतृत्व ने भारत के ऊर्जा भविष्य को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण में प्राकृतिक गैस की भूमिका को रेखांकित किया। थिंक गैस ने यह भी कहा कि प्राकृतिक गैस पर वैट में कमी से घरेलू पीएनजी की किफायती दरों में उल्लेखनीय सुधार होगा, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी और राज्य के सतत ऊर्जा भविष्य की ओर संक्रमण में तेजी आएगी।



छग राज्योत्सव-26 के अलंकरण समारोह से होगी शुरुआत

संत रविदास और प्रख्यात तीजन बाई के नाम पर दो नए राज्य अलंकार शुरू करने जा रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





छत्तीसगढ़ राज्योत्सव-2026 के राज्य अलंकरण समारोह में इस बार दो नए सम्मान दिए जाएंगे। राज्य सरकार पहली बार प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई और संत रविदास के नाम पर नए राज्य अलंकरण शुरू कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होने वाले इस भव्य समारोह में सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करेगी। इस बार आयोजक कुल 41 अलग-अलग श्रेणियों में राज्य अलंकरण प्रदान करेंगे। इनमें संस्कृति विभाग 14 और अन्य विभाग 27 पुरस्कार देंगे।

सरकार यह राज्य अलंकरण कला, संस्कृति, साहित्य, पत्रकारिता, खेल, कृषि, समाजसेवा, महिला सशक्तीकरण, सहकारिता, श्रमिक कल्याण और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में बेहतर योगदान देने वालों को प्रदान करती है। विभिन्न विभाग अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े योग्य व्यक्तियों तथा संस्थाओं के नाम भेजते हैं, जिसके बाद चयन समिति पुरस्कार विजेताओं का चुनाव करती है।

अलंकरणों की सूची में दो नई श्रेणियां जोड़ीं

तीजन बाई और संत रविदास के नाम पर दो नए सम्मान शुरू होने से सरकार ने अलंकरणों की सूची में दो नई श्रेणियां जोड़ी हैं। पिछले वर्ष राज्योत्सव 2025 में प्रशासन ने 34 श्रेणियों में राज्य अलंकरण दिए थे। उस दौरान कुछ श्रेणियों में एक से अधिक व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मान मिला था, जिससे विजेताओं की कुल संख्या 34 से अधिक रही थी। दानवीर भामाशाह सम्मान और छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान जैसे पुरस्कारों के माध्यम से सरकार ने समाजसेवा और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले लोगों को सम्मानित किया था।

विभिन्न अलंकरण प्रदान करते हैं सरकारी विभाग

विभिन्न सरकारी विभाग अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट अलंकरण प्रदान करते हैं। सामान्य प्रशासन विभाग यति यतनलाल, पंडित रविशंकर शुक्ल और महाराजा अग्रसेन सम्मान देता है। आदिम जाति-अनुसूचित जाति विकास शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति, गुरु घासीदास, डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान प्रदान करता है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग गुण्डाधुर, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान देता है। महिला एवं बाल विकास विभाग मिनीमाता, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति और माता बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान करता है। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग हबीब तनवीर, पंडित सुंदरलाल शर्मा, चक्रधर, दाऊ मंदराजी, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य, किशोर साहू, किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण, लक्ष्मण मस्तुरिया पुरस्कार देता है। जनसंपर्क विभाग चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता, मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता और पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान प्रदान करता है।

11 से 18 तक आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

भाजपा करेगी बिरसा मुंडा जयंती पर 'जनजातीय गौरव सप्ताह' का आयोजन

15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम, भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



भाजपा द्वारा महान क्रांतिकारी व राष्ट्रवादी जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 11 नवंबर से 18 नवंबर तक 'जनतातीय गौरव सप्ताह' के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे(15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक लोकेन्द्र पाराशर, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी शिवराज डाबी, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व कार्यक्रम सह संयोजक सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ यादव एवं खंडेलवाल वर्चुअल करेंगे संबोधित

'जनजातीय गौरव सप्ताह' के अंतर्गत 3 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। 4 नवंबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारियों की कार्यशाला का आयोजन होगा। 5 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सांसद, विधायक, पंच से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 10 से 12 नवंबर तक प्रदेश एवं जिला स्तर पर पत्रकार-वार्ता आयोजित की जाएंगी।

14 से होगा इन कार्यक्रमों का आयोजन

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की पूर्व संध्या पर 14 नवंबर को प्रदेश भर में दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा और स्वच्छता अभियान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 15 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश में वर्चुअली संबोधित करेंगे। 16 एवं 17 नवंबर को प्रदेश भर के अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में पार्टी के जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ 18 नवंबर को प्रदेशभर में जनजातीय गौरव चौपाल का आयोजन होगा।

एप्स्टीन के कारण कांग्रेस ने किया था विरोध

पुरी के विरोध की आशंका में शुक्ला नजरबंद, हिरासत में कई कांग्रेसी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के भाजपा से राज्यसभा के लिए नामांकन के दौरान विरोध की आशंका के चलते पुलिस-प्रशासन शनिवार को सुबह से ही सतर्क रहा। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके भोपाल स्थित कार्यालय में पुलिस बल तैनात कर अवैध रूप से नज़रबंद कर दिया गया।

उन्हें और उनके साथियों को कार्यालय से बाहर निकलने से रोका गया, जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके अलावा पुलिस ने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित खत्री समेत संगठन के कई नेताओं को हिरासत में लिया। पुलिस खत्री को ऐशबाग थाने ले गई। युकां प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार और जिला अध्यक्ष अंकित दुबे को हबीबगंज थाने ले जाया गया। मोहित सक्सेना को अयोध्या नगर थाने में बैठाया गया। कांग्रेस ने एप्स्टीन फाइल्स में नाम आने के कारण हरदीप का भोपाल आने पर विरोध का ऐलान किया था।

जनता के सवालों से तरह डरी हुई है भाजपा सरकार

इस अघोषित पुलिसिया कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मनोज शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के सवालों से पूरी तरह डरी हुई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम और उनसे जुड़ी मुलाकातों व ईमेल के संदर्भ जेफरी एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों (एप्स्टीन फाइल्स) में सार्वजनिक रूप से सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद भाजपा नेतृत्व और खुद मंत्री इस गंभीर मामले पर देश की जनता को कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

दामन साफ है तो सवालों से डर कैसा: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे का ज़िक्र करते हुए पुरी पर मीडिया से बचने और सवालों का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं तो वहां से टिकट तक नहीं मिला और मुंह उठाकर मध्य प्रदेश में टपक पड़े। एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे के बाद मीडिया से छिपते-छिपाते नामांकन भरने वाले हरदीप पुरी को सवालों के जवाब देने चाहिए। अगर दामन साफ है तो सवालों से यह खौफ कैसा? जवाब दीजिए।

आरोपी पुत्र गिरफ्तार, गंभीर घायल महिला का इलाज जारी

पारिवारिक विवाद के चलते बेटे ने अपनी ही मां पर कुदाली से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डायनटोली में घरेलू विवाद के चलते एक बेटे ने अपनी ही मां पर कुदाली से जानलेवा हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से महिला बेहोश हो गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 31 अक्टूबर 2026 की है। डायनटोली निवासी बिफती उरांव (55 वर्ष) अपने घर की लिपाई-पोताई कर रही थीं। इसी दौरान उनके 28 वर्षीय पुत्र गोविन्द बेक ने किसी घरेलू बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने जान से मारने की नीयत से घर में रखी छोटी कुदाली से अपनी मां के सिर पर दो से तीन बार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से महिला मौके पर ही लहूलुहान होकर बेहोश हो गईं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से डायल 112 के जरिए गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़िता की शिकायत पर कुसमी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खून से सनी मिट्टी सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए। वहीं, आरोपी की निशानदेही पर हमले में इस्तेमाल की गई कुदाली भी बरामद कर ली गई। कुसमी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोविन्द बेक (28 वर्ष), निवासी रामनगर को गिरफ्तार कर 1 नवंबर को न्यायालय में पेश किया। अदालत के आदेश पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

किशोर की बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत का मामला

नाबालिग बाइक चालक को पांच और उसके पिता को तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अगर आप भी अपने बच्चे को बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चलाने देते हैं, तो आपको भी जेल की सजा हो सकती है। दुर्ग में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां बिना लाइसेंस बाइक चला रहे नाबालिग ने एक्टिवा को टक्कर मार दी।

हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की। कोर्ट ने बाइक चला रहे बेटे और उसके पिता को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। बाइक चालक किशोर को 5 साल की जेल और 1 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। वहीं, उसके पिता को 3 महीने की जेल और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

पूरा मामला स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र का है। 4 अगस्त 2025 की रात करीब 8:30 बजे एक स्कूल के पास किशोर तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहा था। इसी दौरान उसने एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा चला रहे शादान अली की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उत्तम पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे के बाद स्मृतिनगर चौकी में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।



किशोर बेटे के साथ पिता की भी जिम्मेदारी तय

जांच में सामने आया कि बाइक चला रहे नाबालिग के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसके बावजूद उसके पिता ने उसे बाइक चलाने के लिए दी थी। पुलिस ने हादसे के लिए बेटे के साथ पिता की जिम्मेदारी भी तय की। जांच पूरी होने के बाद दोनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई। दुर्ग जिला सत्र न्यायालय ने 31 अक्टूबर 2026 को मामले में फैसला सुनाया। कोर्ट ने किशोर को भारतीय न्याय संहिता और मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 5 साल की जेल और 1 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी। वहीं, उसके पिता को मोटरयान अधिनियम की धारा 5/180 के तहत 3 महीने की साधारण जेल और 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

वैज्ञानिकों ने सहारा रेगिस्तान में मंगल ग्रह से आए एक उल्कापिंड की खोज की है। इस उल्कापिंड की उम्र 4.1 अरब साल बताई जा रही है। इसे पृथ्वी पर मिले मंगल ग्रह का सबसे पुराना टुकड़ा भी माना जा रहा है।

सहारा रेगिस्तान में मिला मंगल ग्रह का 4.1 अरब साल पुराना उल्कापिंड

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने इस उल्कापिंड की जांच के बाद दावा किया है कि यह चट्टान इस बात का सबूत है कि अरबों साल पहले मंगल ग्रह की सतह के नीचे पानी मौजूद था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मंगल ग्रह पर कभी जीवन रहा होगा। साइंस जर्नल प्रकाशित रिसर्च पेपर के अनुसार, मंगल ग्रह से आए इस उल्कापिंड का नाम तेगाजा 001 रखा गया है। इस उल्कापिंड को 2022 में माली में खोजा गया था।

साइंस जर्नल में प्रकाशित हुई रिसर्च

पृथ्वी की सतह से टकराने के बाद यह उल्कापिंड कई टुकड़ों में टूट गया था। वैज्ञानिकों ने तेगाजा 001 उल्कापिंड के आठ टुकड़ों को खोजा है। इनमें सबसे बड़ा टुकड़ा आकार में इंसानों की मुट्ठी के बराबर का है। तेगाजा 001 का रंग गुलाबी है। हालांकि, पृथ्वी के वातावरण के संपर्क में आने से घर्षण के कारण इसके रंग में कुछ बदलाव भी हुए हैं।

वैज्ञानिकों ने खोजा पानी का सबूत



मंगल की सतह पर पानी की मौजूदगी का खुलासा

वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च पेपर में बताया है कि यह चट्टान तब बनी थी, जब मंगल ग्रह पर पिघला हुआ लावा सतह के नीचे पानी के संपर्क में आने से ठंडा हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि इस उल्कापिंड में मौजूद कई खनिजों में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग-अलग रूपों में मिले हैं। इससे यह पता चलता है कि 4.1 अरब साल पहले मंगल ग्रह के सतह के नीचे पानी का बहाव मौजूद था। यह पानी जब पिघले हुए चट्टानों के संपर्क में आया, तब इसका वजूद मिटना शुरू हुआ था।

मंगल ग्रह के शुरुआती वातावरण का सबूत

रायटर्स से बात करते हुए इस स्टडी को लीड करने वाले **NASA** के प्लैनेटरी साइंटिस्ट यांग लियू ने बताया कि तेगाजा 001 उल्कापिंड मंगल ग्रह के शुरुआती वातावरण को समझने में बड़ी मदद कर सकता है। यह इस बात का सबूत है कि मंगल ग्रह 4.1 अरब साल पहले गीला और गर्म था। उन्होंने यह भी बताया कि वैज्ञानिकों ने इस उल्कापिंड में मौजूद जिरकॉन क्रिस्टल की स्टडी करके इसके उम्र का पता लगाया है, जो 4.1 अरब साल पुरानी है।

वो देश, जहां लगता है तलाकशुदा महिलाओं का मार्केट, मोटापा है खूबसूरती का पैमाना



नुआकशोत। अफ्रीकी महाद्वीप के पश्चिमी हिस्से पर बसा देश मॉरिटानिया किसी अजूबे से कम नहीं है। यह देश सहारा रेगिस्तान, इस्लामिक इतिहास, प्राचीन संस्कृति के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई तरह के पक्षी पाए जाते हैं। इस देश का ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तान है। यहां की आबादी 60 लाख के आसपास है। इस देश की राजधानी नुआकशोत है। अटलांटिक महासागर के तट पर बसा यह शहर सबसे ज्यादा गुलजार रहता है। यह इस देश का सबसे बड़ा शहर है। देश की एक तिहाई आबादी इस शहर में रहती है। 14 लाख से ज्यादा लोग इस शहर में रहते है।

यह एक इस्लामिक देश है। विश्व प्रसिद्ध चिंगुएटी मस्जिद भी इस देश में है। 1958 तक यह केवल एक छोटा सा मछुआरों का गांव था। मॉरिटानिया में फ्रांस का शासन था। 1960 के आसपास आजादी मिली। यहां के लोग गांवों में सहारा रेगिस्तान के बीच टेंट बनाकर रहते हैं। यहां पर गुलामी की प्रथा 2007 तक रही। यहां पर ऊंट खूब पाले जाते हैं। इसे ऊंटों का देश भी कहा जाता है।

मॉरिटानिया की आबादी का 30 फीसदी हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहा है। इस देश में तेल-प्राकृतिक गैस का अथाह भंडार है। देश प्राकृतिक खजाने से भरा हुआ है, लोह अयस्क, सोना, तांबा, जिप्सम, फास्फेट सबकुछ है लेकिन सही प्रबंधन न होने के चलते यह कुदरत का खजाना भी गरीबी नहीं मिटा पा रहा है।

आजीविका का एक जरिया है शादी भी

मॉरिटानिया में कोई भी शख्स कितनी भी शादियां कर सकता है। तलाक दे सकता है। यहां पर जो महिलाएं तलाक ले लेती हैं, उन्हें सुंदर और समझदार माना जाता है। यहां पर जो महिलाएं मोटी होती हैं, उन्हें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। यहां पर खूबसूरती का पैमाना मोटापा है। जो महिलाएं मोटी होती हैं, माना जाता है कि वो खाते-पीते घर से हैं। आर्थिक रूप से सक्षम हैं। वैसे भी इस देश में महिलाएं बाजार-हाट में सामान बेचती नजर आती हैं। यहां पर शादी भी आजीविका का एक जरिया है।



मेहमाननवाजी है बहुत फेमस

यहां पर बकरा ईद, मालिक अल नबी जैसे त्योहार खूब धूमधाम से मनाए जाते हैं। इस देश की हैंडमेड चीजें पूरी दुनिया में फेमस हैं। बहुत महंगी बिकती हैं। यहां पर पुराने जमाने का सामान मिलता है। यह देश सैलानियों का दिल जीत लेता है। यहां की मेहमाननवाजी बहुत फेमस है। पुदीने के चाय भी मिलती है। दुनिया के सबसे बड़े जहाजों का कब्रिस्तान यहीं पर है। यहां पर सबसे लंबी ट्रेन भी देखने को मिलती है। इस ट्रेन में 200 से ज्यादा कोच होते हैं।

रोचक खबरें

सौरमंडल को मिलेगा नया ग्रह!

वॉशिंगटन। सौरमंडल में ग्रहों की संख्या बढ़ सकती है। शक्तिशाली वेरा रुबिन ऑब्जर्वेटरी ने नेपच्यून (वरुण) के पार अंतरिक्ष के बेहद ठंडे इलाके में सूर्य का चक्कर लगा रहे ऐसे पिंड का पता लगाया है, जिसे एक्सपर्ट एक बौना ग्रह (ड्वार्फ प्लेनेट) मान रहे हैं। '2026 ईडी138' नाम का यह बर्फीला पिंड 600 से 1500 किलोमीटर (373 से 972 मील) चौड़ा हो सकता है।



इसके ड्वार्फ प्लेनेट होने की पुष्टि होती है तो एक बड़ी घटना होगी। खोजी गई यह चीज इतनी बड़ी है कि अपने गुरुत्वाकर्षण बल के कारण एक गोले का आकार ले सकती है। यही वह मुख्य विशेषता है, जो बौने ग्रहों को क्षुद्रग्रहों (एस्टेरॉयड) और अंतरिक्ष की छोटी चट्टानों से अलग करती है। अगर 2026 ED138 सच में बौना ग्रह है तो यह खगोल विज्ञान के लिहाज से बड़ी बात होगी। अब तक खगोलविदों ने केवल पांच ऐसे ग्रहों- प्लूटो, सेरेस, एरिस, हौमेया और माकेमाके की पुष्टि की है। अगर यह साबित हो जाता है कि ईडी138 एक बौना ग्रह है तो यह ऐसे खगोलीय पिंडों के एक बहुत छोटे समूह का हिस्सा बन जाएगा। 2026 ईडी138 की खोज मैथ्यू होलमैन ने की, जो 'सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स में काम करते हैं। यह अहम खोज 13 अक्टूबर को हुई, जब होलमैन ने रुबिन ऑब्जर्वेटरी से पहले जुटाए गए डेटा को एक ऐसे सर्च कोड के जरिए प्रोसेस किया, जिसे उन्होंने अपने सीएफए सहयोगी केविन नेपियर के साथ मिलकर तैयार किया था। 2026 ईडी138 की खोज की घोषणा के दिन (27 अक्टूबर) को होलमैन ने कहा, 'मेरी पहली प्रतिक्रिया यह थी कि क्या यह सच है। इस तरह के पिंड बहुत दुर्लभ होते हैं।

भाभा एटॉमिक का कंप्यूटर इंजीनियर बन गया संन्यासी

नई दिल्ली। गंगोत्री की पहाड़ियों से सामने आया एक संन्यासी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह कहानी किसी आम इंसान की नहीं, बल्कि देश के सबसे प्रतिष्ठित भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर से जुड़े रहे एक पूर्व कंप्यूटर इंजीनियर की है। साल 2002 में बीटेक और फिर एमटेक करने के बाद इस शख्स ने लाखों के पैकेज और बड़े शहरों की चकाचौंध को छोड़कर संन्यास का रास्ता चुन लिया। संन्यास के बाद जब भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के उनके पूर्व बॉस ने उन्हें फोन कर पहाड़ों में रहने की बात जानी, तो हैरान होकर पूछा था, 'क्या तुम पागल हो गए हो?' आज लोग इनके इस हैरान कर देने वाले फैसले और जिंदगी को देखने के उनके अनोखे नजरिए की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे हैं। यह कहानी एक ऐसे साधु की है, जिन्होंने साल 2002 में कंप्यूटर इंजीनियरिंग जैसी प्रीमियम फील्ड से बीटेक किया। बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं होती, उन्होंने देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई से छह महीने की बेहद कठिन ट्रेनिंग पूरी की और फिर एमटेक की डिग्री भी हासिल की। कॅरियर के इस सुनहरे मोड़ पर जहां लोग बड़ी कंपनियों के सीईओ बनने का सपना देखते हैं, उन्होंने इस भौतिकवादी दुनिया को अलविदा कह दिया और पहाड़ों की राह पकड़ ली।



360 साल पुराना खौफनाक लॉकडाउन

लंदन। आज जब हम कोरोना और लॉकडाउन के बुरे दिनों को याद करते हैं तो रूह कांप जाती है। लेकिन सोचिए, आज से 360 साल पहले 1666 में जब न तो आज जैसी दवाइयां थीं और न ही अस्पताल की सुविधाएं, तब इंग्लैंड के एक छोटे से गांव ने खुद को मौत के मुंह में डाल दिया था। ये कहानी है इंग्लैंड के पीक डिस्ट्रिक्ट में बसे इयाम गांव की, जिसे 'प्लेग विलेज' भी कहा जाता है। इस गांव के लोगों ने दूसरों को बचाने के लिए जो किया, उसकी मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलती। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1665 में लंदन में बुबोनिक प्लेग यानी ब्लैक डेथ फैली हुई थी, जिसमें हजारों लोग मर रहे थे। इसी दौरान लंदन से कपड़ों का एक बक्सा इयाम गांव के एक दर्जी के पास पहुंचा। किसी ने सोचा भी नहीं था कि मौत उसी बक्से में छिपी है। कपड़ों में छिपे परजीवी पिस्सू इस बीमारी को लेकर आए थे। बक्सा खुलने के कुछ दिन बाद दर्जी के सहायक जॉर्ज विककार्स की रहस्यमय मौत हो गई। वह गांव का पहला शिकार था। उसके बाद पूरे गांव में प्लेग तेजी से फैल गया और लोग मरने लगे। जब हालात बिगड़ने लगे तो लोग जान बचाने के लिए शेफील्ड और मैनचेस्टर जैसे पास के शहरों में भागने लगे। तभी गांव के पादरी विलियम मोम्पसन ने एक बड़ा फैसला लिया। पादरी ने समझाया कि अगर गांव के लोग बाहर भागे तो यह बीमारी पूरे देश में फैल जाएगी और लाखों लोग मर जाएंगे। उनकी बात मानकर गांववालों ने खुद को दुनिया से अलग कर लिया।



तैयार की नई टेक्नोलॉजी

मंगल ग्रह की हवा से रॉकेट फ्यूल बनाएंगे चीन के साइंटिस्ट!

बीजिंग। चीन के साइंटिस्ट्स ने एक ऐसी टेक्नोलॉजी खोज ली है, जिससे मंगल ग्रह की हवा से रॉकेट का फ्यूल बनाया जा सकेगा। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा करते हुए कहा, 'मंगल की हवा में 95 परसेंट से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड है। साइंटिस्ट ने इसी बात का ध्यान रखते हुए हेफेई की एक सरकारी लैब में खास कैटेलिस्ट बनाया है, जो इसे मेथनॉल में बदल देता है।'

कैसे बनता है यह फ्यूल?

साइंटिस्ट ने दावा किया है कि उन्होंने स्पंज जैसे क्रिस्टल पर कॉपर और सोडियम को मिलाकर यह कैटेलिस्ट बनाया है। यह मंगल ही हवा और वहां की बर्फ से मिलने वाले हाइड्रोजन को मिलाकर मेथनॉल बनाता है। लैब टेस्टिंग के बाद किए गए दावे के मुताबिक, एक किलो कैटेलिस्ट ने लगातार 12 घंटे तक हर घंटे 245 ग्राम मेथनॉल बनाया। इसमें पोटैशियम और सीजियम के मुकाबले सोडियम ने बहुत बेहतरीन नतीजे दिए।



मीथेन के बजाय मेथनॉल ही क्यों?

एक तरफ जहां नासा और स्पेसएक्स मंगल पर मीथेन बनाने पर फोकस कर रही हैं, वहीं चीन के साइंटिस्ट ने मेथनॉल को चुना है। रिसर्च टीम के मुताबिक, इसकी वजह बहुत सीधी है। मीथेन को रखने के लिए बहुत ज्यादा ठंडक चाहिए, जबकि मेथनॉल नॉर्मल टेंप्रेचर पर भी पानी की तरह रहता है। इसीलिए इसे स्टोर करना काफी आसान है। दावे के मुताबिक, इस मेथनॉल से रोवर चलाने, बिजली बनाने, हीटर चलाने और घर बनाने की सामग्री जुटाने का काम भी आसानी से हो जाएगा।

आगे क्या दिक्कतें हैं?

रिसर्च टीम के वैज्ञानिक झांग झे का कहना है कि यह तकनीक काम तो कर रही है, लेकिन अभी इसे असल में लागू करने से पहले कई मुश्किलें पार करनी होंगी। मंगल ग्रह की हवा बहुत पतली है। उस हवा को कैसे इकट्ठा किया जाएगा और उसे कैसे कंप्रेस करके रखा जाएगा, इस पर अभी काफी काम होना बाकी है।

दिल्ली से 31 गुना बड़ा है भारत का यह अनोखा जिला

नई दिल्ली। भारत का नक्शा उठाकर देखें तो सैकड़ों जिले नजर आते हैं, लेकिन गुजरात का एक जिला ऐसा है जिसका फैलाव देखकर कोई भी दंग रह जाए। नाम है कच्छ। क्षेत्रफल के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा जिला है। इसका आकार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि देश की राजधानी दिल्ली से यह करीब 31 गुना बड़ा है। बात सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं है, दुनिया के कई जाने-माने मुल्क भी इसके सामने छोटे साबित होते हैं।

कच्छ का कुल क्षेत्रफल करीब 45,674 वर्ग किलोमीटर है। इसका मतलब यह हुआ कि हरियाणा, केरल और गोवा जैसे पूरे के पूरे राज्य इसमें आसानी से समा सकते हैं। अकेले गुजरात के कुल क्षेत्रफल का लगभग 23 फीसदी हिस्सा इसी एक जिले में आता है। अगर दुनिया के नक्शे पर नजर डालें, तो स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, डेनमार्क और भूटान जैसे देश भी जमीन के मामले में कच्छ से छोटे हैं। कच्छ की पहचान सिर्फ उसकी जमीन के आकार से नहीं, बल्कि कुदरत के अनोखे मिजाज से भी है। यहां का 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' दुनिया के चुनिंदा सफेद रेगिस्तानों में गिना जाता है।

दुबई में 24 कैरेट सोने से बनी सड़क पर चलेंगे लोग, पर्यटकों को होगा अनोखा अनुभव

अबूधाबी। सड़कें मिट्टी, रोड़ी, रेत, डामर और सीमेंट कंक्रीट जैसी सामग्रियों से बनाई जाती हैं। लेकिन, क्या आपने सोने से बनी सड़क बारे में सुना है? दुबई में सोने से एक सड़क बनाई जा रही है, जो बिल्कुल सच है। अब लोग सोने से बनी सड़क पर चलेंगे। दुबई में इस साल के आखिरी तक 24 कैरेट सोने से बना एक वॉकवे (पैदल रास्ता) खोल दिया जाएगा।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला और दुनिया का सबसे बड़ा सोने का रास्ता होगा। अभी से यह लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट के कमर्शियल सेक्टर के सीनियर डायरेक्टर राशिद अल हरमौदी ने बताया कि आने वाले दो महीने में इस सोने की सड़क को खोला जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का मकसद पर्यटकों को अनोखा अनुभव दिलाना है। उन्होंने यह ऐलान एक कार्यक्रम के दौरान किया।



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में आभूषण ब्रांड ने दुनिया के सबसे भारी और सबसे बड़े हाथ से बने पारंपरिक सोने के झुमके बनाए हैं। इन झुमकों को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। इसका जश्न मनाने के लिए दुबई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में राशिद अल हरमौदी ने सोने की सड़क की घोषणा की।

दो महीने में खुलेगी सोने की सड़क

अल हरमौदी ने बताया कि यह गोल्ड वॉकवे दुबई की उसके पहचान को और मजबूत काम करेगा, जिसके तहत दुबई को पर्यटन और सोने के व्यापार के लिए एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर आने वाले लोग और पर्यटक इस सुनहरे रास्ते पर चल सकेंगे। यह सोने का रास्ता इस इलाके में आने वाले लोगों को अनोखा अनुभव देगा।

दुनिया का सबसे महंगा फल सोने से भी ज्यादा है कीमत



टोक्यो। दुनिया में कई फल ऐसे हैं, जिनकी कीमत अधिक होती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं एक ऐसा फल है, जिसकी कीमत सोने से भी ज्यादा है? इस मंहगे फल की कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। इस सामान्य आदमी नहीं खरीद सकता है। यह फल जापान में मिलता है, जिसकी कीमत लाखों में है।

इस फल की होती है नीलामी : कुछ लोग अलग-अलग फल खाना पसंद करते हैं। इन फलों की कीमत 100 से लेकर 1000 रुपए तक हो सकती है। लेकिन, इस फल की कीमत लाखों में है। अब आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि ऐसे कौन सा फल जिसकी कीमत लाखों रुपए है।

जापान में मिलता है फल

दुनिया के महंगे फलों में शामिल यह फल युबरी खरबूजा है। इस फल की खेती जापान में की जाती है और वहीं पर बिकता है। इस फल का निर्यात बहुत कम किया जाता है। इसकी खेती सूरज की रोशनी में नहीं, बल्कि ग्रीन हाउस में होती है। जापान में मिलने वाले एक युबरी कस्तूरी खरबूजे की कीमत 10 लाख होती है।

रामानुजन के सिद्धांतों पर आधारित अनंत समीकरणों की हुई खोज

रिचमंड। श्रीनिवास रामानुजन को भला कौन नहीं जानता है। इन्होंने ही गणितज्ञों को अनंत से रूबरू कराया। उन्होंने संख्या के विभाजन पर अभूतपूर्व काम किया। रामानुजन संख्या (1729) की खोज की। अनंत श्रेणियां खोजी और मॉक थीटा फंक्शन के बारे में दुनिया को बताया। अब उनके अनंत श्रेणियों के आधार पर अमेरिका के एमोरी यूनिवर्सिटी के एक पीएचडी रिसर्चर यिफेंग हुआंग ने अपने साथी वैज्ञानिकों की मदद से अनगिनत रामानुजन समीकरण की खोज की है। उन्होंने यह खोज रामानुजन के निधन के करीब 106 साल बाद किया है। भारत के इस प्रसिद्ध गणितज्ञ का निधन मात्र 32 साल की उम्र में 26 अप्रैल 1920 को हुआ था। अमेरिकन जर्नल ऑफ मैथमेटिक्स में प्रकाशित किए गए जर्नल के अनुसार, 1912 में श्रीनिवास रामानुजन ने इंग्लैंड के वैज्ञानिकों को अपने लिखे गणित के फॉर्मूलों को चिट्ठियों के माध्यम से भेजना शुरू किया था। इनमें से रामानुजन की कुछ चिट्ठियां



कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के गणित के सीनियर प्रोफेसर जीएच हार्डी को भी मिली थी। उस समय जीएच हार्डी ने रामानुजन के ज्ञान की जमकर तारीफ की थी। बाद में जब यिफेंग हुआंग मिशिगन यूनिवर्सिटी में पीएचडी कर रहे थे, तब उनके हाथ रामानुजन समीकरण लगा। उन्होंने इससे संबंधित कई आइडिया जीएच हार्डी को मेल के जरिए भेजा।

रामानुजन के अनंत समीकरण

रामानुजन ने अनंत समीकरण और अनंत योग की खोज की थी। उन्हें ऐसी अनंत श्रेणियों के लिए मान निकाले थे, जिन्हें सामान्य गणितीय नियमों के आधार पर नहीं निकाला जा सकता था। रामानुजन का सबसे प्रसिद्ध अनंत समीकरण सभी प्राकृतिक संख्याओं (1 के शुरू होने वाली) को आपस में जोड़ने से जुड़ा हुआ है। इसके अनुसार, अगर हम प्राकृतिक संख्याओं को आपस में जोड़ते जाएं तो इसका योग भी अनंत ही होता है। रामानुजन ने दुनिया को बताया कि यह जोड़ कभी खत्म नहीं हो सकता है।

हुआंग के काम की तारीफ

हुआंग ने वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के एक मैथमैटिशियन केन ओनो को भी ऐसा ही ई-मेल भेजा था। शुरुआत में तो केन ओनो ने हुआंग के मेल को पागलपन भरा मानकर खारिज कर दिया। लेकिन, बाद में जब ओनो को हुआंग के काम का अंदाजा हुआ, तो उन्होंने दोबारा संपर्क किया। उस समय ओनो एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी एक्सोम मैथ के फाउंडिंग मैथमैटिशियन के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने हुआंग और एक और गणितज्ञ केनी लाउ के साथ अपनी कंपनी के गणित पर आधारित एआई सिस्टम एक्सोम प्रोवर पर कई महीनों तक काम किया। उन्होंने हुआंग के आइडिया की तारीफ की।

हुआंग ने रामानुजन से सिद्धांत पर आधारित खोज की

हुआंग के आइडिया गणित के दो फॉर्मूलों पर आधारित थे। ये दोनों फॉर्मूले रामानुजन के भेजे गए खतों पर आधारित थे। वर्तमान समय में इन्हें रोजर्स-रामानुजन आइडेंटिटीज के नाम से जाना जाता है। इस काम में हुआंग के कई साथियों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने गणित का एक प्रूफ अपलोड किया कि पुराने इक्वेशन एक बहुत बड़ी ज्योमेट्रिकल थ्योरी से संबंधित है और यह अद्वितीय है। उन्होंने यह भी खोजा कि रोजर्स-रामानुजन आइडेंटिटीज एक खास जगह में एक ट्रेफॉइल नॉट से जुड़ी हैं। ट्रेफॉइल नॉट गणित की टोपोलॉजी और नॉट थ्योरी में सबसे सरल और बुनियादी नॉन ट्रिवियल नॉट (गणित से जुड़ा अस्पष्ट हल) है।

खबर संक्षेप

वी-गार्ड के कारोबार में 38.2 फीसदी की छलांग

नई दिल्ली। कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में कंपनी का परिचालन से समेकित शुद्ध राजस्व पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 38.2 प्रतिशत बढक़र 1,852.89 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं, कंपनी का कर पश्चात मुनाफा (पीएटी) 71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 111.67 करोड़ रुपए रहा। पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 65.29 करोड़ रुपए था।

टाटा मोटर्स ने लांच की नई पंच लांच

जोहान्सबर्ग। भारतीय वाहन निर्माता टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने दक्षिण अफ्रीका में अपनी लोकप्रिय छोटी एसयूवी टाटा पंच का बिल्कुल नया मॉडल लांच कर दिया है। इसकी शुरुआती कीमत 2,24,900 दक्षिण अफ्रीकी रैंड रखी गई है। भारत में 8 लाख से अधिक ग्राहकों का भरोसा जीत चुकी टाटा पंच अब नए डिजाइन, बेहतर तकनीक, आधुनिक सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा खूबियों के साथ दक्षिण अफ्रीकी बाजार में उतारी गई है।

जुपिटर को मिला 1,140 करोड़ रुपए का ऑर्डर

मुंबई। जुपिटर वैगन्स लिमिटेड (जेडब्ल्यूएल) को रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) से 2,583 मालवाहक वैगनों के निर्माण और आपूर्ति के लिए 1,140 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर में बॉक्सएनएचएल और बॉक्सएनएस श्रेणी के वैगन शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारतीय रेलवे की ओर से उसकी विनिर्माण क्षमता, बेहतर कार्य निष्पादन और समय पर आपूर्ति करने की क्षमता पर भरोसे को दर्शाता है।

बिरला को 1.80 लाख टन उत्पादन की उम्मीद

कोलकाता। सीमेंट और जूट कारोबार से जुड़ी बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सितंबर तिमाही में आय के मोर्चे पर बढ़त दर्ज की है, लेकिन बढ़ती उत्पादन लागत और सीमेंट की कमजोर कीमतों ने कंपनी के मुनाफे पर दबाव बढ़ा दिया। कंपनी की समेकित आय सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढक़र 2,441 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 2,233 करोड़ रुपए थी। वहीं, शुद्ध लाभ 90 करोड़ रुपए से घटकर महज 37 करोड़ रुपए रह गया। यानी मुनाफे में करीब 59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

रवि पुष्य नक्षत्र ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी दिखा मुहूर्त का असर

सराफा में 30 फीसदी अधिक व्यापार, बिक्री के साथ धनतेरस और दीपावली के लिए कार बुकिंग और पूछताछ का बढ़ा ग्राफ

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग ने बाजार में रौनक लौटा दी। सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतों के बावजूद खरीदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। सराफा बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा करीब 30 फीसदी अधिक कारोबार दर्ज किया गया। वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी मुहूर्त की खरीदारी ने कारोबारियों के चेहरे खिला दिए। खास बात यह रही कि बाजार में केवल तत्काल खरीदारी ही नहीं हुई, बल्कि धनतेरस और दीपावली के लिए भी ग्राहकों ने अभी से खरीदारी की तैयारी शुरू कर दी।


नवनीत अग्रवाल

सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार सोने और चांदी के लगातार बढ़ते भाव भी ग्राहकों के कदम बाजार तक पहुंचने से नहीं रोक सके। रवि पुष्य के शुभ मुहूर्त पर लोगों ने सोने के सिक्के, आभूषण और अन्य कीमती धातुओं की खरीदारी की। सराफा कारोबार में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी के संकेत है। वरेण्यम मोटर्स के संचालक विशाल जौहरी ने बताया किया वाहनों की खरीदारी के लिए रवि पुष्य नक्षत्र नहीं खास रहा।


विशाल जौहरी

कई ग्राहकों ने शुभ मुहूर्त में नई गाड़ियों की डिलीवरी लेकर अपने घर खुशियां पहुंचाईं तो कई ग्राहकों की कार और दोपहिया वाहनों के शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। कारोबारियों के लिए उत्साह बढ़ाने वाली बात यह रही कि रवि पुष्य पर बिक्री के साथ धनतेरस और दीपावली के लिए भी पूछताछ और एडवांस बुकिंग में तेजी देखने को मिली। कुल मिलाकर सराफा बाजार और आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े कारोबारी रवि पुष्य नक्षत्र पर हुई खरीदारी को कारोबारी आगामी त्योहारी सीजन के लिए सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। सराफा से लेकर ऑटोमोबाइल सेक्टर तक ग्राहकों की सक्रियता बता रही है कि त्योहारों पर खरीदारी का उत्साह बरकरार है।

धनतेरस और दीपावली के लिए भी ग्राहकों ने अभी से खरीदारी की तैयारी शुरू कर दी

ऑटोमोबाइल सेक्टर तक ग्राहकों की सक्रियता से खरीदारी का उत्साह बरकरार


मुहूर्त खरीदारी के लिए सराफा चौक बाजार में उमड़ी भीड़

सोयाबीन की कम पैदावार और महंगे तेल ने बिगाड़ा गणित

भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडेय के मुताबिक, पिछले साल वाहन बाजार को जीएसटी दरों में कटौती का बड़ा फायदा मिला था। टैक्स में राहत के चलते वाहनों की कीमतों में कमी आई और ग्राहकों ने इस अवसर का जमकर लाभ उठाया। दशहरा, धनतेरस और दीपावली के दौरान कारों और दोपहिया वाहनों की खरीदारी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली थी। इस बार बाजार को ऐसा कोई अतिरिक्त प्रोत्साहन नहीं मिला है। उलटे वैश्विक युद्ध के हालात, अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगे होते तेल, महंगाई और ब्याज दरों का दबाव ग्राहकों की खरीद क्षमता को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में पिछले साल के कारोबार से तुलना करना डीलर्स के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ऑटोमोबाइल बाजार की सुस्ती केवल शहरी ग्राहकों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमजोर स्थिति ने भी वाहन कारोबार को प्रभावित किया है। खरीफ सीजन में सोयाबीन का उत्पादन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने से किसानों की आमदनी पर असर पड़ा है। पिछले साल सोयाबीन करीब 4 से 4.5 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, जबकि इस बार भाव 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल के पार पहुंच गए हैं। पहली नजर में बढ़े हुए भाव किसानों के लिए राहत दिखाई देते हैं।


आशीष पांडेय

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन बोले- ग्राहकों ने सुरक्षित सफर की कामना से की वाहनों की पूजा

रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त पर ऑटोमोबाइल बाजार में भी अच्छी हलचल देखने को मिली। आरएमजे मोटर्स में मारुति की गाड़ियों की बिक्री के साथ ही ग्राहकों ने धनतेरस और दीपावली के लिए भी वाहनों की पूछताछ और एडवांस बुकिंग कराई। शुभ मुहूर्त में नई गाड़ी घर ले जाने को लेकर ग्राहकों में खास उत्साह नजर आया। आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन के अनुसार, पुष्य नक्षत्र पर मारुति की गाड़ियों की बिक्री हुई। इसके साथ ही आगामी धनतेरस और दीपावली के लिए भी ग्राहकों ने गाड़ियों की जानकारी लेने के साथ बुकिंग कराई। उन्होंने कहा कि आज कार हर वर्ग के लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में वाहन खरीदना केवल जरूरत पूरी करना नहीं, बल्कि परिवार के लिए एक खास अवसर और खुशी का पल भी होता है। सुनील जैन ने बताया कि नई कार की चाबी प्राप्त करने के बाद ग्राहक पूरे श्रद्धाभाव से वाहन की पूजा करते हैं। इसके पीछे उनकी भावना यही रहती है कि वाहन और उसमें सवार परिवार के सभी सदस्य हमेशा सुरक्षित रहें। यात्रा के दौरान वे अपने गंतव्य तक सकुशल पहुंचें और हर सफर मंगलमय हो।


सुनील जैन 501

चार दिन तक मिलेंगे आकर्षक ऑफर्स और इनाम

हीरो मोटोकॉर्प ने खुशियां बढ़ाने के लिए शुरू किया 'हीरोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने त्योहारी सीजन की खुशियां बढ़ाने के लिए अपने विशेष चार दिवसीय उत्सव 'हीरोत्सव' की घोषणा की है। कंपनी के 'हीरो संग त्योहार है हर कहीं' अभियान के तहत यह आयोजन 1 से 4 नवंबर 2026 तक देशभर में चलेगा। इसमें ग्राहकों को आकर्षक छूट, फाइनेंस सुविधाओं और कई शानदार इनाम जीतने का मौका मिलेगा। कंपनी के मुताबिक, उसके 12 नए और अपडेटेड मोटरसाइकिल एवं स्कूटर मॉडलों को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है।



डीलरशिप पर बढ़ती ग्राहकों की संख्या और रिकॉर्ड मांग को देखते हुए कंपनी ने हीरोत्सव के जरिए खरीदारी को और किफायती बनाने की पहल की है। इस विशेष आयोजन के दौरान ग्राहकों को 100 प्रतिशत तक फाइनेंस की सुविधा, स्कूटरों पर शून्य प्रतिशत ब्याज और 2,222 रुपए से शुरू होने वाली ईएमआई का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, चुनिंदा क्रेडिट कार्ड पर 10,000 रुपए तक इंस्टेंट कैशबैक और चुनिंदा मॉडलों पर 6,000 रुपए तक के कॉर्पोरेट लाभ दिए जाएंगे। ग्राहक रोजाना सोने के सिक्के, हीरो टू-व्हीलर्स और अन्य आकर्षक इनाम भी जीत सकेंगे।हीरो मोटोकॉर्प की इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा कि हीरोत्सव के माध्यम से ग्राहकों को विशेष ऑफर्स और फायदे देकर त्योहार को और यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कंपनी के डिजिटल रिटेल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वाहन बुक करके उठा सकते हैं।

एका मोबिलिटी ने किया 3,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

पुणे। एका मोबिलिटी और उसकी समूह कंपनियों ने पिनाकल इंडस्ट्रीज के साथ मिलकर पुणे में आयोजित 'एका अविर्भाव' कार्यक्रम में छह नई विनिर्माण इकाइयों का उद्घाटन किया। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में स्थापित इन फैक्ट्रियों के शुभारंभ के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में 3,500 करोड़ रुपए से अधिक के विनिर्माण इकोसिस्टम की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एच.डी. कुमारस्वामी और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किया। कंपनी के अनुसार, 120 एकड़ में फैली 11 फैक्ट्रियों की कुल उत्पादन क्षमता सालाना 40 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की है। कंपनी ने अनुसंधान एवं विकास में भी 600 करोड़ रुपए से अधिक निवेश किया है। एका मोबिलिटी के चेयरमैन डॉ. सुधीर मेहता ने इसे भारत में स्वदेशी इंजीनियरिंग और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। कंपनी को अगले पांच वर्षों में अपने कारोबार और इकोसिस्टम में 2.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

बिना ठोस सूचना के नहीं रोक सकेंगे मालवाहक वाहन

संबंधित कानूनी संशोधन 1 अप्रैल 2027 से लागू होना प्रस्तावित

माल परिवहन के दौरान विभागीय कार्रवाई की परेशानी से जूझ रहे व्यापारियों को राहत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

जीएसटी की जटिलताओं, विभागीय कार्रवाई और माल परिवहन के दौरान होने वाली परेशानियों से जूझ रहे व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने की दिशा में सरकार ने अधिकारियों को पहले से ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

इन फैसलों से व्यापारियों, करदाताओं और टैक्स सलाहकारों को होने वाली अनावश्यक परेशानियां कम करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, संबंधित कानूनी संशोधन 1 अप्रैल 2027 से लागू होने प्रस्तावित हैं। व्यापारियों की बड़ी शिकायत रही है कि माल लेकर जा रहे ट्रकों और अन्य वाहनों को रास्ते में कहीं भी रोककर जांच की जाती है। इससे माल की डिलीवरी में देरी होती है और कारोबार प्रभावित होता है। नए निर्देशों के मुताबिक, अधिकारियों को बिना किसी ठोस सूचना के मालवाहक वाहन रोकने से बचना होगा। यदि जांच में पता चलता है कि माल की रवानगी या डिलीवरी का स्थान संबंधित राज्य के बाहर है, तो उस राज्य के अधिकारी वाहन पर कार्रवाई नहीं करेंगे। हालांकि, माल के साथ ई-वे बिल नहीं होने या माल कहां से आ रहा है और कहां जा रहा है, इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं होने जैसी स्थितियों में वाहन रोका और नियमानुसार जब्त किया जा सकेगा।

एडवोकेट मृदुल आर्य बोले व्यापारियों को मिलेगी राहत

एडवोकेट मृदुल आर्य ने बताया कि जीएसटी व्यवस्था में व्यापारियों और कर सलाहकारों को आ रही व्यावहारिक परेशानियों को समझते हुए सुधार की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मालवाहक वाहनों की अनावश्यक जांच, छोटी टैक्स विसंगतियों पर नोटिस और गिरफ्तारी जैसे मामलों में स्पष्ट दिशा-निर्देश आने से व्यापारियों पर विवादों का बोझ कम हो सकता है। इससे कारोबारी अपना अधिक समय और संसाधन व्यापार बढ़ाने में लगा सकेंगे। इसका सकारात्मक असर आर्थिक गतिविधियों और सरकार के राजस्व पर भी पड़ सकता है।

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर
जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)
(Email ld-deonar-mp@nic.in दूरभाष नम्बर - (07792) 230385)

पत्र क्रमांक/8006 क्रीडा/2026 — द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना — नरसिंहपुर, दिनांक 29/10/2026

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट 19वर्ष बालक क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 11 से 17 नवम्बर 2026 में खिलाड़ी / ऑफीशियल्य को होटल / लॉज / मैरिज गार्डन केवल गाडरवारा शहर अंतर्गत आवास व्यवस्था हेतु ऑनलाइन बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम निम्नानुसार द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाना है :-

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	द्वितीय निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	द्वितीय निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_DPI _546233_1	70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2026-27 हेतु गाडरवारा (शहर अंतर्गत) की होटल/लॉज मैरिज गार्डन में आवास व्यवस्था हेतु	15,00,000.00	2000.00 45000.00	05.11.2026

1. द्वितीय निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि ऑनलाइन बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं ।
2. किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ बेवसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला - नरसिंहपुर

G-20881/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म.प्र)
जिला जेल कटनी, मण्डला, डिण्डौरी, सब जेल पाटन एवं सिहोरा के सी.सी.टी.वी. सिस्टम की ए.एम.सी. वर्ष-2026-27
अल्पकालिक द्वितीय वार्षिक ई-निविदा सूचना

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों से जबलपुर सर्किल जेल के अंतर्गत आने वाली जेलों - जिला जेल कटनी, मण्डला, डिण्डौरी, सब जेल पाटन एवं सिहोरा में स्थापित सी.सी.टी.वी. सर्विलेंस सिस्टम के वार्षिक रख-रखाव तथा मरम्मत की सेवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु ए.एम.सी. के लिये अल्पकालिक द्वितीय ई-निविदा पोर्टल https://gem.gov.in/ पर आमंत्रित की जाती है

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	दिनांक एवं समय	स्थान
1	प्री बिड मीटिंग	दिनांक 10/11/2026 को, समय प्रात: 11:00 बजे	कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल जबलपुर
2	ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की अन्तिम तिथि (निविदा फार्म शुल्क Gem पोर्टल के अनुसार देय होगा)	दिनांक 16/11/2026 को, सायं 05:30 बजे तक	https://gem.gov.in/
3	तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 17/11/2026 को, प्रात: 11:00 बजे	कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल जबलपुर
4	वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि	दिनांक 23/11/2026 को, प्रात: 11:00 बजे	कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल जबलपुर

निविदा फॉर्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट https://gem.gov.in/ पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा फॉर्म प्रदर्शित वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भरा जा सकता है। निविदा कार्यक्रम में तकनीकी एवं प्रशासनिक कारणों से परिवर्तन हो सकता है, जिसकी जानकारी जेम (GeM) पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। अत: समस्त इच्छुक निविदाकार निविदा से संबंधित अद्यतन (Updated) जानकारी प्राप्त करने हेतु निरंतर जेम पोर्टल का अवलोकन करते रहें।

जेल अधीक्षक
नेताजी सुभाषचंद्र बोस, केन्द्रीय जेल, जबलपुर

G-20860/26 "स्वच्छता ही सेवा"

खंड - 1 ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय वनमंडल अधिकारी दक्षिण (उत्पा.) वनमंडल बालाघाट मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / / ई-टेंडरिंग / 2026-27/6343 — बालाघाट, दिनांक 27-10-26

1. वनमंडल अधिकारी दक्षिण (उत्पा.) वनमंडल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सामग्री का विवरण	सत्यांकार निधि	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	कानस त्रिकोण प्रति नग (200mm)	30000/-	1000/- Tax extra
2	आरा प्रति नग (पेग टूथ आरा 1.5 मीटर)		
3	जोंगा रस्सा प्रति किलोग्राम (24 mm)		
4	राईटिंग ब्रश 5 नं. गोल वाले प्रति नग		
5	राईटिंग ब्रश 3 नं. गोल वाले प्रति नग		

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय बेवसाई www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है ।2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 28-10-2026 बजे 01:00 PM से दिनांक 10-11-2026 बजे 02:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है ।3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

क्रमांक	विवरण	दिनांक	समय
1	Published Date	28/10/2026	01:00 PM
2	Document Sale Start Date	28/10/2026	02:00 PM
3	Bid Submission Start Date	28/10/2026	02:00 PM
4	Bid Submission End	10/10/2026	02:00 PM
5	Bid Opening Date	11/11/2026	03:00 PM

वनमंडल अधिकारी
दक्षिण (उत्पा.) वनमंडल बालाघाट

G-20862/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

शब्द पहेली - 6396



बाएँ से दाएँ
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

ऊपर से नीचे
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, इष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली- 6395 का हल

आ	द	त	न	■	ल	■	वा	य	लि	न
■	ल	■	रा	■	प	व	न	■	ख	फा
ए	■	■	ध	व	ल	■	र	■	■	स
ह	र	द	म	■	पा	ल	■	फ	क	त
सा	■	म	■	दा	ना	■	सा	■	मा	■
न	वी	न	त	म	■	अ	ज	वा	ई	न
■	र	■	वा	■	स	दा	■	रि	■	वी
प	ता	का	■	ह	क	■	अ	स	मा	न
र	■	■	जी	■	प	र	दा	■	■	ता
वा	त	■	न	ल	का	■	व	■	द	■
ज	रु	र	त	■	ना	■	त	ल	वा	र

सूडोकु नवताल - 6406

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

कठिनतम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6405 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	5	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE



शाहरुख के 61वें बर्थडे पर रिलीज होगा 'किंग' का टीजर

नई दिल्ली। 2 नवंबर को शाहरुख खान 61 साल के हो जाएंगे और उनके जन्मदिन से पहले उनकी अपकमिंग फिल्म 'किंग' से जुड़ी किसी घोषणा या खुलासे को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रहस्यमयी पोस्ट डालने और ऐसी खबरें आने के बाद कि फिल्म का पहला गाना इस मौके पर आ सकता है, फैंस अब किसी और सरप्राइज की उम्मीद में 'मन्नत' की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। फिलहाल शाहरुख खान के बांद्रा स्थित घर 'मन्नत' में बड़े पैमाने पर काम चल रहा है, जिसके चलते वे और उनका परिवार अभी पाली हिल के एक आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट में रह रहे हैं।

लाइफ Style

दीपिका

दूसरी बेटी के जन्म के बाद बनीं मल्टीटास्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दीपिका पादुकोण हाल ही में दूसरी बार मां बनी हैं और अब अपना पूरा समय अपनी दोनों बेटियों दुआ और देवी को दे रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया है और बताया है कि वह इन दिनों खाना, पीना, एक्सरसाइज और सोना कैसे कर रही हैं।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पिछले महीने ही दूसरी बार माता-पिता बने हैं। एक्ट्रेस ने 19 सितंबर को अपनी दूसरी बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम कपल ने 'देवी' रखा है। दीपिका और रणवीर ने दशहरे के मौके पर अपनी दूसरी बेटी के नाम का ऐलान किया था। दोनों ने अपनी फैमिली फोटो शेयर की, जिसमें दुआ अपनी छोटी बहन पर प्यार लुटाती नजर आईं। अब दीपिका ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट शेयर करते हुए अपना हाल बयां किया है और बताया कि दो बेटियों के जन्म के बाद वह अपने समय को कैसे मैनेज करती हैं। उन्होंने पहले तो ब्रेस्ट मिल्क पंप का एक वीडियो शेयर किया है और दूसरे में अपना रूटीन साझा किया है। दीपिका पादुकोण ने कुछ घंटे पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक ब्रेस्ट मिल्क पंप का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें ब्रेस्ट पंप की आवाज आ रही है। इस आवाज की तुलना उन्होंने हॉन्टेड हाउस से की है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'एक डरावना घर, लेकिन असल में यह आधी रात को आपके ब्रेस्ट पंप की आवाज है।' वीडियो में नजर आ रही महिला ने सफेद कपड़े पहन रखे हैं और अपना चेहरा भी ढक रखा है और आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है।



हॉलीवुड मसाला



पहली एआई फीचर फिल्म फ्लॉप

लॉस एंजिल्स। चीनी बॉक्स ऑफिस पर एक एआई फिल्म किस्मत आजमाने उतरी थी। हालांकि, फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। इससे साफ है कि इस तरह की फिल्मों का भारत में ही नहीं विदेश में भी कोई भविष्य नहीं है। एलन मस्क की 'द ओडिसि' के एआई वर्जन पहले ही अमेरिका के दर्शकों को नागवार गुजरी थी। इस बीच चीन में सानक्सिंगडुई: फ्यूचर पास्ट नाम की एक फुली एआई फिल्म रिलीज की गई। ये फिल्म पिछले हफ्ते थियेटर्स में रिलीज हुई थी। ये फिल्म दस हजार से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई।



कटा हुआ हाथ बनकर पार्टी में पहुंचीं हेइडी

लॉस एंजिल्स। सुपरमॉडल हेइडी अपनी हैलोवीन पार्टी में कटे हुए हाथ के रूप में पहुंचीं। उनका यह लुक इतना अजीब और डरावना था कि हर कोई उन्हें देखता रह गया। अब उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। हेइडी क्लम ने शनिवार रात न्यूयॉर्क में अपनी मशहूर हैलोवीन पार्टी का आयोजन किया। इस साल उनकी पार्टी की 25वीं सालगिरह भी थी। इस खास मौके पर उन्होंने अपने कॉस्ट्यूम के लिए एक कटे हुए हाथ का लुक चुना। खास बात यह थी कि इस कॉस्ट्यूम में उन्होंने अपने ही हाथ को दोबारा बनाया था। इसमें खून से सनी कलाई, अंगूठियां और खूबसूरत नेल आर्ट भी नजर आई। वहीं, हाथ के बीच में उनका सिर दिखाई दे रहा था।



2 साल तक छोड़ा परफ्यूम का इस्तेमाल...

मुंबई। सामंथा रूथ प्रभु एक तरफ जहां इस वक्त अपनी हालिया फिल्म 'मां इंति बंगाराम' की ब्लॉकबस्टर सफलता को इंजॉय कर रही हैं। वहीं, अपने परफ्यूम ब्रैंड 'सीक्रेट एल्केमिस्ट' में भारी भरकम रेवेन्यू पाने को लेकर भी खबरों में हैं। बताया जा रहा है कि उनकी इस कंपनी ने पिछले आठ महीनों में आठ गुना मुनाफा कमाया और करीब 120 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मार्क पार कर लिया है। एक वक्त ऐसा भी था जब सामंथा अपनी हेल्थ प्रॉब्लम से जूझ रही थीं और डॉक्टर ने हार्ड केमिकल्स का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी थी। उन्होंने करीब दो साल तक परफ्यूम इस्तेमाल करना छोड़ दिया था और अब अपने परफ्यूम ब्रैंड से जमकर कमाई कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सामंथा ने अंकिता थदानी और आकाश वालिया के साथ मिलकर 'सीक्रेट अल्केमिस्ट' की शुरुआत की थी।



11 साल बाद हो 'आरसी 17' में आएंगे नजर

नई दिल्ली। साउथ फिल्मों के म्यूजिशियन अनिरुद्ध रविचंदर मौजूदा समय में अपनी शादी को लेकर बिजी हैं। वे सनराइजर्स हैदराबाद की सीईओ काव्या मारन के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस वजह से हाल ही में ऐसी खबर आई कि उन्होंने शाहरुख खान की किंग फिल्म भी छोड़ दी है। वहीं, आने वाले समय के लिए उन्होंने नया प्रोजेक्ट भी ले लिया है। अनिरुद्ध अब 11 साल बाद साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ काम करने जा रहे हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म आरसी 17 में अनिरुद्ध रविचंदर म्यूजिक कंपोजर के तौर पर नजर आएंगे। 1 नवंबर को ही राम चरण की इस फिल्म की पूजा सेरेमनी रखी गई थी। कार्यक्रम 10:50 मिनट पर शुरू हुआ था। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से 11 साल के बाद पुष्पा फेम डायरेक्टर सुकुमार संग राम चरण ने हाथ मिलाया है।

टीवी मसाला



मुझे अपनी जिंदगी में कोई मर्द नहीं चाहिए : अंशा

नई दिल्ली। शो सीआईडी की अभिनेत्री अंशा सैयद टीवी का एक जाना पहचाना चेहरा हैं। इंडस्ट्री में तो उन्होंने अपने अभिनय की छाप छोड़ी ही है, वह दर्शकों की भी चहेती हैं। अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी के बारे में कम ही बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई बातें बताई हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो महिलाएं बहुत आत्मनिर्भर होती हैं, उन्हें इससे गुजरना पड़ता है। बहुत सारे लोग पूछते हैं कि तुम्हारा कोई पार्टनर क्यों नहीं है। मुझे नहीं पता कि पार्टनर क्यों नहीं है। कई बार आत्मनिर्भर होने की वजह से, तो कई बार फेल रिलेशनशिप की वजह से ऐसा होता है।' अभिनेत्री ने अपने रिश्ते के बारे में कहा, 'मेरे फेल रिलेशनशिप को भी 15 साल हो गए हैं। इसके बाद मैं कई लोगों से मिली, लेकिन बात नहीं बनी। मजबूत महिलाओं के साथ ऐसा होता है। 13 साल से मैं सिंगल हूं और मैं किसी रिलेशनशिप नहीं रही। ना ही किसी तरह की सिचुएशनशिप में रही।' शादी करने के बारे में अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे अपनी जिंदगी में कोई मर्द नहीं चाहिए। तीन से चार साल पहले मुझे एहसास हुआ कि मुझे जिंदगी में मर्द की जरूरत नहीं है। ना ही मैं शादी करूंगी। अगर कोई ऐसा आ गया जो मुझे शादी मैटेरियल लगा, तो मैं सोच सकती हूं।' अंशा सैयद के मुताबिक उनके माता-पिता अलग-अलग धर्मों से आते हैं। वह किस धर्म को फॉलो करती हैं, इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री ने कहा 'जब मेरे मम्मी-पापा की शादी हुई, तो दोनों अपने-अपने रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधे। मम्मी-पापा ने निकाह भी किया और शादी भी। मैं नमाज भी पढ़ती हूं, पूजा भी करती हूं। हम ईद में खीर बनाते हैं और दिवाली पर पूजा भी करते हैं।'

13 साल का रिश्ता और 15 मिनट में रचा ली शादी

नई दिल्ली। आपने एक कहावत सुनी होगी 'चट मंगनी पट ब्याह'। अक्सर अरेंज मैरिज में कोई अच्छा रिश्ता मिल जाए तो शादी भी तुरंत करने का फैसला ले लिया जाता है। मगर, जहां एक दशक से ज्यादा की दोस्ती और मोहब्बत हो, वहां शादी के अरमान भी कुछ खास होते होंगे। कम से कम दो-तीन दिन के फंक्शन की प्लानिंग तो आम बात है। मगर, हिना खान के मामले में कहानी थोड़ी फिल्मी है। इन्होंने और रॉकी ने 15 मिनट से भी कम वक्त में शादी रचा ली। ऐसा खुलासा खुद हिना खान ने किया है। हिना खान ने रॉकी से शादी उस वक्त की थी, जब वे ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही थीं। उन्हें स्टेज तीन का कैंसर पता चला था। बीमारी के दौरान रॉकी उनके साथ डटे रहे। हिना ने बताया कि कैंसर के उपचार के दौरान ही उन्होंने शादी करने का फैसला किया था और यह अचानक लिया गया निर्णय था।



धर्मेंद्र-हेमा की बेटी होने की वजह से भी मुश्किल रहा एशा का फिल्मी सफर

मुंबई। फिल्मी परिवार से आने वाले कलाकारों को अक्सर अपनी मेहनत और प्रतिभा साबित करने के लिए दोहरी कसौटी पर परखा जाता है। दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र और अभिनेत्री हेमा मालिनी की बेटी एशा देओल भी इस तुलना से अछूती नहीं रही हैं। हालांकि, 25 साल के कॅरियर में उन्होंने आलोचनाओं को नजरअंदाज कर अपने काम पर ध्यान देना सीखा है। एशा का मानना है कि दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अच्छी कहानी सबसे जरूरी है और बॉक्स आफिस पर सफलता की असली नायक भी कहानी ही होती है। 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म प्रताप में एशा एक ऐसी पत्नी के रोल में हैं, जिसे उसके पति की योग्यता के कारण सम्मान मिलता है, लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि सब कुछ बदल जाता है।



हेमा ने ऐशा को दी थी ये सलाह

यह करियर की शुरुआत में ही मेरी मम्मी ने बताया था की आप इस लाइन में हैं, तो तैयार रहिए की तुलना होगी। खासकर मैं लड़की हूं, तो मेरी तुलना मम्मी से होती। लगातार जरुरत से ज्यादा देख-परख तो आज भी होती है, लेकिन आपको इस लाइन में थोड़ा बहुत ठीठ होना पड़ता है। रोने-धोने से या डरने से कुछ नहीं होता है। अपना फोकस रखो, चमड़ी मोटी करो।

इंडस्ट्री में एशा के 25 साल पूरे

सोचिए मैंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं, तो मैंने अपनी चमड़ी कितनी मोटी कर ली होगी। प्रताप फिल्म में कर्मों की बात भी होगी। मैं कर्म में बहुत यकीन करती हूं, ऐसे में कहीं न कहीं मेरे कर्म अच्छे थे, तो मैं अपने माता-पिता के यहां पैदा हुई हूं।

माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर होती है तुलना

फिल्म इंडस्ट्री में ऐशा को उनके माता-पिता की उपलब्धियों के आधार पर आंका जाना स्वाभाविक था, लेकिन वह इस चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी के साथ इंडस्ट्री में आई थीं। एशा कहती हैं कि लोग तो आज भी आंकते हैं, जज करते हैं। मेरे ख्याल से आज भी यह सबसे ज्वलंत विषय है। यह ऐसी लहर है, जो चलेगी, फिर रुकेगी और फिर चलेगी। आप इन चीजों से परेशान नहीं हो सकते हैं। अगर आप पर इन चीजों को असर हो रहा है, तो समझ जाइए की आप गलत पेशे में हैं।

रावण और जटायू के फाइट सीन में लगे 6 साल : नितेश

टीम ने 'पुष्पक विमान' पर लगभग दो साल किया काम

नई दिल्ली। 'रामायण: राइज ऑफ अ लेजेंड' को बड़े पर्दे पर लाने के लिए सालों की योजना और मेहनत लगी है। निर्देशक नितेश तिवारी ने अब फिल्म के कुछ अहम दृश्यों को बनाने के प्रोसेस के बारे में बात की है। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि फिल्ममेकर को इस मूवी के सिर्फ एक सीन को शूट करने के लिए छह साल से भी अधिक समय लगा? जी हां, रावण और जटायु के युद्ध सीन को लेकर ऐसी ही बात कही जा रही है। एक बातचीत में नितेश तिवारी ने बताया कि सिर्फ रावण और जटायु के बीच की लड़ाई को पूरा करने में साढ़े छह साल लग गए। इसके अलावा, टीम ने 'पुष्पक विमान' पर लगभग दो साल काम किया। फाइनल लुक तय करने से पहले उन्होंने इसके दर्जनों डिजाइन पर विचार किया। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में हजारों लोग शामिल थे और सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस को सही ढंग से तैयार करने के लिए कितनी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। रावण और जटायु की लड़ाई को साकार करने में कई सालों की योजना और मेहनत लगी। फिल्म निर्माता ने



बताया कि कलाकारों के साथ पहली चर्चा से लेकर इसके पूरी तरह तैयार होने तक, इस एक सीक्वेंस को बनाने में उनकी टीम को साढ़े छह साल लग गए। उन्होंने कहा,'क्या आप जानते हैं कि रावण और जटायु की लड़ाई को पूरा करने में हमें कितना समय लगा? जब मैंने पहली बार कलाकारों को इसके बारे में बताया था, तब से लेकर काम पूरा होने तक, पूरे साढ़े छह साल लग गए। सिर्फ एक एक्शन सीक्वेंस! हर चीज को बिल्कुल शुरुआत से बनाने में कितनी मेहनत लगी है, यह बताने के लिए मैं एक घंटे तक लगातार बात कर सकता हूं।

आदिवासियों की संस्कृति और मेलों से दुनिया को कराया परिचय

पर्दे पर उतारा आदिवासियों का जीवन, ऋत्विक के सिनेमाई सफर की रोचक कहानी

रांची। आदिवासी जीवन को करीब से देखने वाले उस फिल्मकार ने कॅरियर की शुरुआत की थी उन पर आधारित वृत्तचित्रों से और जीवन भर फिल्मों में दिखाई अभाव, विस्थापन और उत्पीड़न के चक्रव्यूह में फंसे जीवन की कुछ वैसी ही छवियां। भारतीय फिल्मकारों में ऋत्विक कुमार घटक एक अलग और विशिष्ट स्थान रखते हैं। बांग्ला सिनेमा की प्रसिद्ध त्रयी में वे सत्यजित रे और मृणाल सेन के साथ गिने जाते हैं। 1955 में जब सत्यजित रे की पहली फिल्म 'पाथेर पांचाली' पर्दे पर आई, तब ऋत्विक घटक तत्कालीन बिहार के सुदूरवर्ती इलाके (वर्तमान झारखंड) में आदिवासियों के बीच काम कर रहे थे। कोलकाता से उनका यहाँ आना अचानक नहीं हुआ था। बिहार सरकार का जनसंपर्क विभाग अपने दक्षिणी इलाके 'छोटानागपुर' में रहने वाले आदिवासियों के जीवन, संस्कृति और मेलों से दुनिया को परिचित कराना चाहता था। इस समृद्ध विरासत को सहेजने के लिए सरकार ने वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) निर्माण का निर्णय लिया था।

वृत्तचित्र निर्माण और शुरुआती जुड़ाव

उस समय राधाकृष्ण बिहार सरकार की पत्रिका 'आदिवासी' के संपादक थे। उन्हें सिनेमा की अच्छी समझ थी और मुंबई व कोलकाता में फिल्म लेखन से जुड़े रहने के कारण सरकार ने इस काम के लिए उनका चयन किया। राधाकृष्ण के संपर्क में आए ऋत्विक घटक उस समय युवा, होनहार और काम के प्रति बेहद समर्पित थे। बिहार सरकार ने वृत्तचित्र निर्माण के लिए कोलकाता के अरोरा स्टूडियो से करार किया था। राधाकृष्ण के लेखन के आधार पर ऋत्विक घटक ने तीन प्रमुख वृत्तचित्र बनाए: 'आदिवासियों का जीवन स्रोत', 'उरांव' और 'बिहार के पर्यटन स्थल'। इनमें से 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' ही आज उपलब्ध है।

विस्थापन का दर्द और फिल्मों में वापसी

ऋत्विक घटक ने भले ही आजीविका के लिए वृत्तचित्र बनाए हों, लेकिन छोटानागपुर के प्रति उनका जुड़ाव उनकी बाद की फिल्मों में भी साफ दिखा। 1957 में उन्होंने 'उरांव' का निर्देशन किया, जिसे उनकी प्रसिद्ध फिल्म 'अजांत्रिक' की शुरुआती कृति माना जाता है। इसकी शूटिंग 1955 में छोटानागपुर में हुई थी और इसके कुछ फुटेज 'अजांत्रिक' में भी इस्तेमाल किए गए। रांची में शूटिंग के दौरान उनका उरांव और मुंडा समुदाय से गहरा रिश्ता बन गया था। इस समुदाय के बार-बार विस्थापित होने के इतिहास ने ऋत्विक को अंदर तक प्रभावित किया। वे विस्थापन के साथ विभाजन के दर्द को महसूस कर रहे थे, जो उनकी फिल्मों में बार-बार लौटकर आया।

रांची से लिखा ऐतिहासिक पत्र

22 फरवरी 1955 को ऋत्विक घटक ने रांची से अपनी भावी पत्नी सुरमा को एक पत्र लिखा था, जो उनके इस जुड़ाव को दर्शाता है। उन्होंने लिखा- "पिछले कुछ दिनों से मैं रांची में पूरे उत्साह के साथ काम कर रहा हूं। पर क्या खुशी है, कैसे बताऊं? पूरा दिन उनके बीच बिता रहा हूं, उनकी मिट्टी का स्वाद ले रहा हूं, उनके गीतों की मधुर धुनें और उनके नृत्यों की मादक लय, उत्पीड़ित जीवन में जीने की उनकी तड़प। मैं इस हकीकत का बस एक टुकड़ा ही अपने साथ ले जा सकता हूं, लेकिन इससे मुझे पक्का यकीन हो गया है कि मैं लोगों को समझा सकता हूं। मैं फिर से वापस आना चाहता हूं, और भी बड़ी, ज्यादा यथार्थवादी और व्यापक फिल्में बनाने के लिए।"

अजांत्रिक और मुख्यधारा का सिनेमा

बाद में जब ऋत्विक घटक ने अपनी पहली व्यावसायिक बांग्ला फिल्म 'अजांत्रिक' (1958) बनाई, तो वे फिर से शूटिंग के लिए रांची और उसके आसपास के इलाकों में लौटे। इस फिल्म की सबसे खास बात यह थी कि पहली बार भारतीय बड़े पर्दे पर आदिवासी समाज को इतने यथार्थवादी ढंग से दिखाया गया, जिससे मुख्यधारा के दर्शक उस दौर के आदिवासी जीवन और उनकी सामूहिक संरचना को समझ सके।

आदिवासी संस्कृति का गहरा अनुभव : जब ऋत्विक घटक का आदिवासी जन-जीवन से परिचय हुआ, तब उनकी उम्र 30 वर्ष थी। उन्होंने आदिवासियों के इतिहास, संस्कृति, सौंदर्य बोध, सरल जीवनशैली और अभावों के बीच भी आनंद से जीने की प्रवृत्ति को बहुत गहराई से अनुभव किया। उनके इस दृष्टिकोण को उनके लेख 'अबाउट उरांव' में भी समझा जा सकता है। 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'आदिवासियों का जीवन स्रोत' में आदिवासियों का पूरा जीवन, मेले, विवाह, नृत्य, शिकार का उत्सव, करमा पूजा, पड़हा व्यवस्था, घर-मकान और झरने सब कुछ समेटा गया है। पार्श्व में बजता नगाड़ा, बांसुरी की कोमल धुन और मांदर-ढोल का संगीत इस वृत्तचित्र को जीवंत बनाता है। ऋत्विक घटक का मानना था कि वृत्तचित्र बनाने के लिए लोगों के प्रति गहरा प्रेम होना जरूरी है, क्योंकि वृत्तचित्र मानव जीवन के सच्चे दस्तावेज होते हैं।

वियना ओपन : नंबर एक का ताज पहनने से पहले हारे ज़्वेरेव



एजेंसी ▶▶| वियना

अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को पहली बार विश्व का नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी का ताज पहनने से पहले हार का सामना करना पड़ा। ज़्वेरेव एर्स्टे बैंक ओपन के सेमीफाइनल में एलेक्स डी मिनौर से हारने के के कारण अपनी इस उपलब्धि को यादगार नहीं बना पाएंगे।

डी मिनौर ने निर्णायक टाईब्रेक में शुरुआती 3-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-4, 1-6, 7-6 (4) से जीत हासिल की। इससे उनकी सत्र के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ गई हैं। ज़्वेरेव सोमवार को यानिक सिनर की जगह नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। यह जर्मन खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले 30वें खिलाड़ी होंगे। फाइनल में डी मिनौर का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने दूसरे सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-4, 7-6 (2) से हराया।

स्विस इंडोर : फाइनल में वाचेरोट अब लेहेका से भिड़ंत



बासेल। वैलेंटीन वाचेरोट ने अमेरिका के छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-6 (5), 6-3 से हराकर स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मोनाको के वाचेरोट ने अपने करियर के दूसरे और 2026 में पहले फाइनल में प्रवेश किया। वह इससे पहले पिछले साल शंघाई मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्होंने खिताब जीता था। फाइनल में उनका मुकाबला जिरी लेहेका से होगा। चेक गणराज्य के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लेहेका ने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 3-6, 7-5, 6-4 से हराया। स्ट्रफ ने इससे पहले नोवाक जोकोविच को हराकर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

टीम इंडिया ने 3-2 से जीती सीरीज

न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीता आखिरी टी20

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

भारत को टिम सीफर्ट को शुरू में ही जीवनदान देना महंगा पड़ा क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाकर 50 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो ओवर शेष रहते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की।

भारत पहले तीन मैच जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुका था। इस तरह से उसने श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। सीफर्ट जब 13 रन पर खेल रहे थे तब नमन धीर ने उनका आसान कैच टपका दिया। उन्होंने इसके बाद 11 चौकों और 5 छक्कों से सजी अपनी पारी से भारतीय गेंदबाजों को पस्त किया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 38 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की।

श्रेयस और ईशान ने लगाए अर्धशतक

भारत ने श्रृंखला में पहली बार टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (23 गेंद पर 50, 3 चौके, 4 छक्के) और ईशान किशन (32 गेंद पर 61, 5 चौके, 5 छक्के) के बीच 107 रन की साझेदारी की मदद से 8 विकेट पर 191 रन बनाए। भारत को अपेक्षाकृत कम स्कोर पर रोकने में एडम मिल्ने ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए। नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। अर्शदीप सिंह ने फिन एलन को जल्द ही चलता कर दिया। उन्हें अपने अगले ओवर में सीफर्ट का विकेट भी मिल जाता लेकिन नमन ने उन्हें जीवनदान दिया। उन्होंने इसका जश्न छक्का लगाकर मनाया। डेरिल मिचेल (16 गेंद पर 29, चार छक्के) ने प्रिंस यादव का स्वागत लगातार दो छक्के लगाकर किया जबकि सीफर्ट ने पावर प्ले के आखिरी ओवर में भुवनेश्वर पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 20 रन बटोरे।



न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में बनाए 59 रन

न्यूजीलैंड ने इस तरह से पावर प्ले में विकेट पर 59 रन बनाए। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल को आउट करके सीफर्ट के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी तोड़ी। सीफर्ट ने नीतीश कुमार रेड्डी पर छक्का लगाकर 34 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। नीतीश ने सीफर्ट को बोल्ड करके उन्हें अपने करियर का पहला शतक नहीं बनाने दिया लेकिन तब तक वह फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। फिलिप्स ने अर्शदीप पर चौका लगाकर 29 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

फिलिप्स ने सीरीज में बनाए सर्वाधिक रन

फिलिप्स ने इस श्रृंखला में 341 रन बनाए, जो किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले भारतीय पारी तीन चरणों में गुजरी। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन बीच के ओवरों में उसने तेजी से रन बनाए और डेथ ओवरों में फिर से कुछ खास नहीं कर पाए।

भारत ने न्यूजीलैंड से जीती लगातार छठी सीरीज

भारत ने हालांकि न्यूजीलैंड के सामने लगातार छठी टी20 सीरीज जीती। उसने इस टीम के सामने 2019 के बाद से इस फॉर्मेट में सीरीज नहीं गंवाई है। तब से भारत ने तीन बार घर और तीन बार बाहर कीवी टीम के सामने टी20 सीरीज जीती है। 2019 के बाद से दोनों के बीच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में कुल 24 मैच हुए हैं। इनमें से 18 भारत ने जीते व चार गंवाए हैं। दो के नतीजे नहीं निकले।

ईशान ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

ईशान किशन ने टी20आई में अपने 2000 रन 69 पारियों में पूरे किए और उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा ने ये उपलब्धि अपने 77वें मैच में हासिल किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने टी20आई में 2000 रन 56 पारियों में पूरे किए थे जबकि रोहित के साथ सूर्यकुमार यादव संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने रन के इस आंकड़े को 56 पारियों में छू लिया था।



खबर संक्षेप

सेनेगल में युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन



डकार। सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति से सरोबार युवा ओलंपिक खेलों का रंगारंग उद्घाटन किया गया। यह पहला अवसर है जबकि अफ्रीका महाद्वीप में किसी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सेनेगल की राजधानी डकार के पास स्थित डायम्नियाडियो ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में हजारों दर्शकों ने भाग लिया। सैकड़ों ढोल वादकों और नर्तकों ने खेलों के आदर्श वाक्य, 'अफ्रीका स्वागत करता है, डकार जश्न मनाता है' की तर्ज पर सेनेगल और अफ्रीकी संस्कृति की शानदार झलक पेश की। उद्घाटन समारोह में पश्चिम अफ्रीका का मौखिक कथावाचन, सेनेगल के गायकों के संगीत कार्यक्रम और खिलाड़ियों की परेड देखने को मिली।

फिट इंडिया साइकिलिंगः 500 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा



अहमदाबाद। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में आयोजित 'फिट इंडिया-संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के 97वें सत्र में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कर्मियों सहित 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता और सामूहिक प्रयास के आदर्शों की भावना के अनुरूप किया गया। पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के गांधीनगर क्षेत्रीय केंद्र ने फिट इंडिया मूवमेंट और माई भारत के सहयोग से वीर सावरकर खेल परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया।

- मैथ्यू बॉयल ने ठोका नाबाद शतक, फॉक्सक्रॉफ्ट ने लगाया अर्धशतक

न्यूजीलैंड ए ने की भारत ए के खिलाफ वापसी

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

मैथ्यू बॉयल के नाबाद शतक और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए 3 विकेट पर 218 रन बनाए।

बॉयल 148 गेंदों पर 107 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने अब तक अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया है। फॉक्सक्रॉफ्ट 180 गेंदों पर 80 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनकी पारी में नौ चौके शामिल हैं। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 205 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड की टीम को वापसी दिलाई।

भारतीय टीम ने पहली पारी में बनाए 346 रन

इससे पहले भारतीय टीम ने कप्तान ध्रुव जुरेल (105) के शतक की मदद से अपनी पहली पारी में 346 रन बनाए। इस तरह से भारत अभी न्यूजीलैंड से 128 रन आगे है। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर 13 रन था। मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार ने उसे शुरुआती झटके दिए। सिराज ने कप्तान राइस मारियू (04) को आउट किया, जिन्हें जुरेल ने विकेट के पीछे कैच किया।



सबसे सफल गेंदबाज रहे मुकेश

भारतीय गेंदबाजों में मुकेश सबसे सफल रहे। उन्होंने अब तक 16 ओवरों में 44 रन देकर दो विकेट लिए हैं जबकि सिराज ने अपने 16 ओवरों में 49 रन देकर एक विकेट लिया है। वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप को कोई विकेट नहीं मिला।इससे पहले भारत ए में सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 291 रन से आगे बढ़ाई और इसमें 55 रन जोड़े। पहले दिन 99 रन पर खेलने वाले जुरेल ने अपना शतक पूरा किया लेकिन इसके बाद वह जल्द ही आउट हो गए। उन्होंने 171 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और तीन छक्के लगाए। आकाश दीप ने बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नामीबिया ने रचा इतिहास आयरलैंड को 5 विकेट से हराया

विंडहोक। नामीबिया ने आयरलैंड के खिलाफ रविवार को नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वनडे सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच को 5 विकेट से जीता। इसी के साथ नामीबिया ने सीरीज 3-2 से अपने नाम की।

ऐसा पहली बार था, जब नामीबिया ने किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ सीरीज जीती।आयरलैंड ने वनडे सीरीज का पहला मैच 55 रन से अपने नाम किया था, जिसके बाद नामीबिया ने अगले दो मैच 31 रन और 63 रन से जीते। हालांकि, आयरलैंड ने चौथा मुकाबला 130 रन से जीतकर सीरीज को रोमांचक बना दिया, जिसके बाद नामीबिया ने अंतिम मैच को अपने नाम करते हुए सीरीज जीत ली।

हांगकांग सिक्सेस 2026 : भारत की बांग्लादेश के खिलाफ रोमांचक जीत

- अफगानिस्तान ने जीता ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



भारत ने हांगकांग सिक्सेस 2026 में अपने अभियान का समापन जीत के साथ किया जब टीम ने यहां बाउल डिवीजन के प्लेऑफ मुकाबले में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। भारत ने 117 रन का लक्ष्य मैच की आखिरी गेंद पर हासिल किया।

अफगानिस्तान ने रोमांचक फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर पहली बार हांगकांग सिक्सेस का खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले ओवर में 24 रन बनाए। हालांकि भारतीय कप्तान कृणाल पंड्या ने अपने दो ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेकर विपक्षी टीम की रफ्तार पर अंकुश लगाया। उन्होंने शब्बीर रहमान, एम चौधरी और मोहम्मद रिजवान को आउट किया। बांग्लादेश के कप्तान अबू हैदर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। बांग्लादेश ने छह ओवर में 116 रन बनाए।

शशांक ने महज 15 गेंद में ठोक 50 रन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शशांक सिंह और राहुल त्रिपाठी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। त्रिपाठी ने 12 गेंद में 32 रन बनाए, जबकि शशांक ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए महज 15 गेंद में 50 रन ठोक दिए। उनकी पारी में एक चौका और सात छक्के शामिल थे।

हाइलो ओपन

सिंधू ने जीता खिताब, केयर्सफेल्ड को 39 मिनट में दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को डेनमार्क की विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया, जो मौजूदा सत्र का उनका दूसरा खिताब है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के 39 मिनट तक चले फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त केयर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। जुलाई में जापान ओपन में खिताब जीतने वाली और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने पूरे मुकाबले में शानदार नियंत्रण और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने इस जीत के साथ 9,200 रैंकिंग अंक हासिल किए और सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की।

सिंधू ने की आत्मविश्वास के साथ शुरुआत

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू का फाइनल से पहले केयर्सफेल्ड के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 6-1 था। डेनमार्क की खिलाड़ी को उनके खिलाफ एकमात्र जीत 2025 सुदीरमन कप फाइनल्स में मिली थी। सिंधू ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत की लेकिन उनकी कुछ गलतियों के कारण डेनमार्क की खिलाड़ी 3-3 से बराबरी हासिल करने में सफल रही। केयर्सफेल्ड ने रैलियों को लंबा खींचने की कोशिश की लेकिन सिंधू के चतुराई भरे शॉट और नेट पर शानदार खेल ने उन्हें 8-5 की बढ़त दिला दी और भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाने में सफल रही।भारतीय खिलाड़ी ने कोर्ट के पिछले हिस्से से सटीक पुश शॉट लगाकर 14-11 की बढ़त बनाई और फिर शानदार बैकहैंड विनर के साथ स्कोर 17-12 कर दिया।

सिंधू ने रखी अपनी मजबूत स्थिति बरकरार

केयर्सफेल्ड ने वापसी करते हुए स्कोर 6-7 किया लेकिन इसके बाद वह दो शॉट बाहर मार बैठीं। सिंधू ने एक और विनर लगाकर अपनी बढ़त को 10-6 किया। सिंधू ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखते हुए स्कोर 17-11 किया जबकि डेनमार्क की खिलाड़ी को नेट पर अपने खेल को लेकर जूझना पड़ा। सिंधू ने आक्रामक रिटर्न शॉट के साथ छह चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए और फिर नेट पर केयर्सफेल्ड की गलती का फायदा उठाकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।

चेन्नई ओपन में भारतीय खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका

वैष्णवी-सहजा-माया घरेलू कोर्ट पर दिखाएंगी दम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

डब्ल्यूटीए के मुख्य टूर कैलेंडर से भारत की मेजबानी छिनने की आशंका के बीच सोमवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वैष्णवी अडकर, सहजा यमलापल्ली और माया राजेश्वरन रेवती के पास अपने घरेलू मैदान पर छाप छोड़ने का आखिरी मौका होगा।

इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट के एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया है और वह इसमें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे क्योंकि उन्हें पता है कि यह टूर्नामेंट देश में डब्ल्यूटीए 250 स्तर का अंतिम टूर्नामेंट है। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 300 से बाहर चल रही इन तीनों खिलाड़ियों के लिए डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंटों में सीधे प्रवेश पाना अभी दूर की कौड़ी है। घरेलू टूर्नामेंट होने के कारण उन्हें वाइल्ड कार्ड से अपना कौशल दिखाने का मौका मिला है। उन्हें हालांकि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का डटकर सामना करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



माया ने दिया प्रतिभा का परिचय

सत्रह वर्षीय माया विश्व रैंकिंग में शीर्ष 500 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं है। माया ने हाल ही में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट में अपना पहला पेशेवर एकल खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने फाइनल में स्पेन की सेलिया सेर्विनो रुइज़ को 6-4, 6-2 से हराया और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने लागोस में युगल खिताब भी जीता।चेन्नई ओपन के पिछले दो टूर्नामेंट में कोई भी भारतीय खिलाड़ी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया और इस बार उनका लक्ष्य इससे आगे बढ़ना होगा।

वैष्णवी का सामना बुरेज से

वैष्णवी ब्रिटेन की जोडी बुरेज (विश्व रैंकिंग 471) के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि सहजा स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टरट (128) का सामना करेंगी। माया का मुकाबला पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 106वें स्थान पर कातारजीना कावा से होगा। पिछले कुछ दिनों में कई खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद इस प्रतियोगिता की चमक फीकी पड़ गई है। टूर्नामेंट से हटने वालों में थाईलैंड की विश्व में 57वें नंबर की खिलाड़ी लैनलाना तारारुदी, कजाकिस्तान की विश्व में 67वें नंबर की खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा और जर्मनी की विश्व में 70वें नंबर की खिलाड़ी तात्याना मारिया शामिल हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल, गोलबाजार से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी यात्रा

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आज निकलेगी विशाल पदयात्रा

हरिभूमि जबलपुर।

भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत सोमवार, 2 नवंबर को जबलपुर में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 3 बजे गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक से शुरू होने वाली इस पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। आयोजन में संतों, प्रबुद्धजनों, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों, खेल संगठनों के पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों की भागीदारी भी प्रस्तावित है। भाजपा



जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि पदयात्रा शहीद स्मारक गोलबाजार से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, लॉर्डगंज, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक और करमचंद चौक से होते हुए पुनः मालवीय चौक पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा शहीद स्मारक गोलबाजार में संपन्न होगी।

वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न संगठनों की रहेगी भागीदारी

पदयात्रा में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला प्रभारी एवं पूर्व सांसद आलोक संजर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह और संतोष बरकड़े शामिल होंगे। इसके अलावा मेला एवं तीर्थ प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया और नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज सहित भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। आयोजकों के अनुसार, पदयात्रा में पूज्य संतों के साथ चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और खेल संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

अधिक से अधिक भागीदारी की अपील

महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने शहर के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं और आमजन से पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

महंगाई राहत और महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी

विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स और कार्मिकों को मिलेगा दीपावली का तोहफा : ऊर्जा मंत्री

जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीपावली पर्व पर तोहफा देते हुए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीआर) के आदेश जारी कर दिए हैं। अब पेंशनर्स को छठवें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत महंगाई राहत की वृद्धि का लाभ मिलेगा। इसी तरह वर्तमान कार्मिकों के महंगाई भत्ते में भी 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

59000 पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ

एमपी ट्रांसको के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफआईएन/4/0009/2025/नियम-चार, दिनांक 30.10.2026 के अनुसार जारी किए गए हैं, जो 1 जुलाई 2026 (भुगतान अगस्त 2026) से प्रभावी होंगे। इस महंगाई राहत वृद्धि से प्रदेश के लगभग 59000 विद्युत पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी तथा मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से 1 जून 2005 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को छठवें वेतनमान के अनुसार 262 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 60 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनर्स को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा। महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी, जो समर्पण (कम्यूटेशन) से पूर्व निर्धारित किया गया था।

कार्मिकों को 1 जनवरी 2026 से मिलेगा 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता

श्री राजेश शर्मा ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत कार्मिकों को सातवें वेतनमान में 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने के आदेश 31 अक्टूबर को जारी किए गए हैं। इसके अनुसार कार्मिकों को 1 जनवरी 2026 से मूल वेतन पर कुल 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय होगा। बढ़े हुए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान अक्टूबर 2026 के वेतन के साथ कर दिया गया है। वहीं, 1 जनवरी 2026 से 30 सितंबर 2026 तक की एरियर राशि का भुगतान तीन समान किश्तों में क्रमशः नवंबर एवं दिसंबर 2026 तथा जनवरी 2027 के वेतन के साथ किया जाएगा। इस अवधि में सेवानिवृत्त या मृत कार्मिकों के प्रकरण में उन्हें अथवा नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

स्वामी श्रीला प्रेम पारस और जबलपुर के अनुयायियों ने जताया विरोध, बोले- सार्वजनिक रूप से माफी मांगें बाबा

ओशो प्रेमी आक्रोशित, विवादित बयान के बाद बाबा रामदेव के उत्पादों के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान

जबलपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने धार्मिक और आध्यात्मिक गलियारों में भारी हलचल मचा दी है। आचार्य ओशो की विचारधारा को मानने वाले देश-विदेश के प्रेमियों और अनुयायियों में बाबा रामदेव द्वारा दिए गए विवादित बयान को लेकर जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि ओशो प्रेमियों ने बाबा रामदेव के सभी कमर्शियल प्रोडक्ट्स, ब्रांड्स और उनसे जुड़ी सामग्रियों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने की पूरी तैयारी कर ली है। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से साझा किए जा रहे इस वायरल वीडियो में ओशो और उनकी शिक्षाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं, जिसे ओशो समुदाय अपनी आस्था पर सीधा प्रहार मान रहा है। इस बयान के सामने आते ही ओशो कम्यूनिटी के विभिन्न नेटवर्क्स पर विरोध के स्वर तीव्र हो गए हैं। जबलपुर ओशो की नगरी है, ओशो ने अपने जीवन काल का लंबा समय इस शहर में व्यतीत किया है,ऐसे में शहर के ओशो अनुयायी भी बाबा रामदेव के बयान की निंदा करते हुए, बाब रामदेव से माफी की मांग कर रहे हैं। अनुयायियों का साफ कहना है कि इस तरह की अपमानजनक बयानबाजी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध स्वरूप, ओशो प्रेमियों ने आर्थिक मोर्चे पर कड़ा संदेश देने का निर्णय लिया है। ओशो होम आश्रम, भेड़ाघाट के स्वामी श्रीला प्रेम पारस कहते हैं कि इसके तहत बाबा रामदेव या उनके संस्थानों से जुड़े सभी प्रकार के व्यावसायिक उत्पादों और ब्रांड्स का बड़े पैमाने पर त्याग किया जाएगा। सोशल मीडिया पर ऑनलाइन अभियानों के जरिए आम जनता और अन्य अनुयायियों से भी अपील की जा रही है कि वे ऐसे कमर्शियल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करें। बाबा रामदेव को इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी। वहीं ओशो अनुयायी स्वामी अगेह भारती कहते हैं कि ओशो को लेकर की गई बाबा रामदेव की टिप्पणी से ओशो अनुयायियों को गहरा आघात पहुंचा है। ओशो का नाम सिर्फ इस देश में नहीं बल्कि समूचे विश्व में विख्यात है, ऐसी महान शख्सियत के विषय में जिन शब्दों का प्रयोग बाबा रामदेव ने किया है उसकी हम सब कड़ी निंदा करते हैं। स्वामी विजय आनंद अमृतधाम देवताल, ओशो होम आश्रम भेड़ाघाट से स्वामी श्रीला प्रेम पारस, स्वामी अगह भारती, साहिब, भेड़ाघाट से अनिल तिवारी, अविनाश भारत, अनंत अनादी, डॉ. विनय शर्मा, सत्यम विश्वकर्मा सहित समस्त जबलपुर के नागरिक, गाडरवारा ओशो संन्यासी संघ और समस्त ओशो संगठनों ने विरोध प्रकट किया है।



मतदाता सूची के एसआइआर को रद्द करने तथा जातिगत जनगणना में जाति का पृथक कॉलम जोड़ने की भी उठाई मांग

ईवीएम हटाने और मतपत्र से चुनाव कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

जबलपुर। लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आज रविवार को इंडिया गठबंधन जबलपुर के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा मालवीय चौक से मशाल जुलूस निकाला गया। इस मशाल जुलूस में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (**CPI**), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (**CPM**), राष्ट्रीय समानता दल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों तथा सर्व जनजाति सेवा संघ, अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति, संयुक्त संघर्ष समिति जबलपुर, संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर, अवाक्स सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। मालवीय चौक पर एकत्रित होकर सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मशाल जुलूस के रूप में पैदल मार्च प्रारंभ किया। यह मार्च लार्डगंज थाने तक पहुंचा, जहां से वापस मालवीय चौक आकर प्रदर्शन एवं सभा के माध्यम से अपनी मांगों को बुलंद किया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से मांग की गई कि चुनाव में मतपत्रों की चोरी एवं मताधिकार के दुरुपयोग की आशंकाओं को दूर करने के लिए **EVM** के स्थान पर मतपत्र से चुनाव कराए जाएं। इसके साथ ही **SIR** प्रक्रिया को तत्काल रद्द किया जाए तथा आगामी जातिगत जनगणना में प्रत्येक जाति की वास्तविक संख्या एवं सामाजिक स्थिति का सही आंकड़ा सामने लाने के लिए जाति का पृथक कॉलम जोड़ा जाए। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के संयोजक रामरतन यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है। मतदाता को अपने मत के प्रति विश्वास होना चाहिए। इसी उद्देश्य से इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न सामाजिक संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं। मशाल जुलूस एवं प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के संयोजक रामरतन यादव, कांग्रेस से गुड्डू नबी पार्षद, समाजवादी पार्टी से नोके लाल प्रजापति, **CPM** से अंजना कुररिया, **CPI** से भावना दीक्षित, समाजवादी नेता घनश्याम यादव, सर्व जनजाति सेवा संघ से इंद्र कुमार कुलस्ते, संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा से बैजनाथ कुशवाहा, अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति से सुरेंद्र यादव सहित राजेंद्र पिल्ले, रविंद्र कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, उमेश पटेल, अनुराग सिंह, जब्बार अंसारी, पलाश मजूमदार, डॉ. राजकुमारी बंसल, धर्मेंद्र कुशवाहा, तेज कुमार भगत, सीताराम पटेल, भगवान दास पटेल, रोहित यादव, रंजन यादव, देवेंद्र यादव, देवकरण पटेल, संतोष मराठा, डॉ. आर. पटेल, परसोत्तम नामदेव, महेश पसीने, सुशील जसेले, मदन शर्मा, अरविंद कुशवाहा, एडवोकेट संजय प्रजापति, एडवोकेट दीपांशु सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की महिला हाकी टीम घोषित

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की महिला हाकी टीम रविवार को घोषित कर दी गई है। टीम में 17 खिलाड़ियों को स्थान मिला है। टीम की कमान रूपागमी को सौंपी गई है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की महिला हाकी टीम का चयन कर लिया गया है। ओएफके महाविद्यालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय हाकी महिला प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल के माध्यम से टीम का चयन किया गया। आयोजन सचिव डा. सुनील लखेरा ने जानकारी दी कि चयनित टीम राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी हाकी टूर्नामेंट में भाग लेगी। चयनित खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षण विभाग की डायरेक्टर प्रो. अलका नायक एवं प्रो. विशाल बन्ने ने शुभकामनाएं दीं। चयनित टीम इस प्रकार है : रूपागमी, चांदनी, सानिया भूमिया, शाहीन खान, प्राची, जमुना परते, पूर्णिमा डहरिया, सुहानी, अन्नपूर्णा, भूमिका, कनक, सोहा, वर्षा, साक्षी कोरी, रोशनी, कार्तिका और खुशी गेडाम। टीम की मैनेजर प्राची यादव एवं कोच ऋषभ लखेरा होंगे।

अभियान की शुरूआत 3 को - यह दल 3 नवंबर को अपना पहला मैच कोटा विश्वविद्यालय के विरुद्ध खेलेगा। टीम के चयन पर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारियों और महाविद्यालय के प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240